

आपकी बात, निर्भीकता के साथ

# प्रातःनागपुरी

आरएनआई पंजीयन सं. JHABIL/2023/86791

वर्ष :3, अंक :176 रांची, मंगलवार, 09 जून, 2026 (ज्येष्ठ, कृष्ण पक्ष 09, संवत 2083) पृष्ठ- 12, मूल्य- 3 रुपये,

email : jharkhandwanitaudyog@gmail.com



## संक्षिप्त

### राष्ट्रपति 23 जून को 65 प्रतिष्ठित लोगों को प्रदान करेंगी पद्म पुरस्कार

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 23 जून को राष्ट्रपति भवन में आयोजित होने वाले दूसरे नागरिक अलंकरण समारोह में इस वर्ष के 65 प्रतिष्ठित लोगों को पद्म पुरस्कार प्रदान करेंगी। राष्ट्रपति ने इससे पूर्व 25 मई को पहले नागरिक अलंकरण समारोह में 66 प्रतिष्ठित लोगों को पद्म पुरस्कार प्रदान किए थे। इनमें 2 पद्म विभूषण, 6 पद्म भूषण और 58 पद्मश्री पुरस्कार शामिल थे। इस वर्ष राष्ट्रपति ने पांच पद्म विभूषण, 13 पद्म भूषण और 113 पद्म श्री पुरस्कारों सहित कुल 131 पद्म पुरस्कारों को स्वीकृति दी थी। ये पुरस्कार प्रतिवर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर घोषित किए जाते हैं। ये प्रतिष्ठित नागरिक सम्मान कला, सामाजिक कार्य, सार्वजनिक मामलों, विज्ञान और इंजीनियरिंग, व्यापार और उद्योग, चिकित्सा, साहित्य और शिक्षा, खेल और नागरिक सेवा जैसे विभिन्न क्षेत्रों में दिए जाते हैं।

### सीबीएसई ने रिजल्ट पोर्टल पर उठे सवालों को किया खारिज

**नई दिल्ली।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने पोस्ट-रिजल्ट सेवाओं के पोर्टल के संचालन को लेकर सामने आई कुछ मीडिया रिपोर्टों और सोशल मीडिया पोस्टों पर सोमवार को स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा है कि सत्यापन और पुनर्मूल्यांकन के लिए आवेदन विंडो 2 से 7 जून तक पूरी तरह सुचारु रूप से संचालित हुई। इस दौरान 1.6 लाख से अधिक अभ्यर्थियों ने 3.8 लाख से ज्यादा उत्तर पुस्तिकाओं से संबंधित अनुरोध दर्ज किए। बोर्ड के अनुसार इस अवधि के दौरान सरकारी तकनीकी एजेंसियों और भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थानों (आईआईटी) की विशेषज्ञ टीमों की निगरानी में पोर्टल का संचालन किया गया। पोर्टल को साइबर हमलों और अन्य ऑनलाइन खतरों से सुरक्षित रखने के लिए साइबर सुरक्षा टीमों ने पूरे समय निरंतर निगरानी की।

### देश छोड़ने की फिराक में था तृणमूल नेता, एसटीएफ ने नेपाल बॉर्डर पर दबोचा

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के फलता विधानसभा क्षेत्र के तृणमूल कांग्रेस नेता जहांगीर खान को राज्य पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने नेपाल सीमा के पास से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, उन्हें गिरफ्तार कर कोलकाता लाया जा रहा है। सूत्रों का दावा है कि जहांगीर खान नेपाल सीमा के रास्ते देश छोड़कर भागने की कोशिश कर रहे थे, तभी गुप्त सूचना के आधार पर विशेष कार्य बल की टीम ने उन्हें घेराबंदी कर पकड़ लिया। बताया जा रहा है कि उन्हें पहले से फरार घोषित माना जा रहा था। जानकारी के अनुसार, वर्ष 2019 में जहांगीर खान के खिलाफ एक मामला दर्ज किया गया था। उस मामले में उन्हें पहले अदालत से अंतरिम सुरक्षा मिली थी। इसके अलावा, फलता विधानसभा क्षेत्र में पुनर्निर्वाचन से पहले भी उन्हें उच्च न्यायालय से सुरक्षा कवच प्राप्त हुआ था।

# भारत ने एक साल के भीतर बढ़ाया परमाणु हथियारों का जखीरा

## भारत के पास परमाणु बम 180 से बढ़कर 190 हुए, पाकिस्तान 170 वॉरहेड्स पर ही टिका

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत ने पिछले साल के मुकाबले अपना परमाणु हथियारों का जखीरा बढ़ा लिया है। भारत के पास परमाणु बम 180 से बढ़कर इस साल 190 हो गए हैं, जबकि पड़ोसी पाकिस्तान की परमाणु क्षमता बिना किसी बदलाव के 170 वॉरहेड्स पर ही रुकी हुई है। यानी भारत रणनीतिक रूप से परमाणु हथियारों के मामले में पाकिस्तान से आगे हो गया है। इस समय दुनिया के नौ देशों के पास कुल 12,187 परमाणु हथियार हैं, जिनमें से लगभग 9,745 वॉरहेड्स को सैन्य भंडारों में संभावित उपयोग के लिए पूरी तरह तैयार रखा गया है। इनमें से लगभग 4,012 वॉरहेड्स मिसाइलों और लड़ाकू विमानों पर सक्रिय रूप से तैनात किये जा चुके हैं। रक्षा क्षेत्र पर नजर रखने वाली वैश्विक संस्था स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (सीपरी) ने अपनी वार्षिक ईयर बुक जारी कर दी है। दुनिया में बदलते युद्ध के तरीकों और सेनाओं के आधुनिकीकरण का ही नतीजा है कि वैश्विक स्तर पर हथियारों को जमा करने की होड़ मची है। सोमवार को प्रकाशित अंतरराष्ट्रीय हथियार हस्तांतरण पर रिपोर्ट में बताया गया है कि परमाणु हथियारों की संख्या और उनके प्रभाव को कम करने के लिए दशकों से किए जा रहे अंतरराष्ट्रीय प्रयास अब पूरी तरह से उल्टे होते दिख रहे हैं। परमाणु हथियारों की होड़ में रूस और अमेरिका आज भी सबसे आगे हैं। रिपोर्ट से खुलासा हुआ है कि परमाणु हथियार संपन्न दुनिया भर के नौ देशों के पास इस साल जनवरी तक कुल 12187 परमाणु बम हैं, जबकि 2025 में यह संख्या 12241 थी। कहने को कहा जा सकता है कि परमाणु बमों की कुल संख्या में मामूली गिरावट आई है, लेकिन विशेषज्ञ इसे भ्रामक मानते हैं। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि दुनियाभर में करीब 2,100 से 2,200 परमाणु वॉरहेड्स को 'हाई ऑपरेशनल अलर्ट' पर रखा गया है, यानी इन्हें महज कुछ ही मिनटों के आदेश पर दागा जा सकता है।



### रूस दुनिया का सबसे बड़ा परमाणु शक्ति संपन्न देश

परमाणु हथियारों के मामले में इस समय रूस दुनिया का सबसे बड़ा परमाणु शक्ति संपन्न देश बना हुआ है, जिसके पास कुल 5420 वॉरहेड्स हैं। इस सूची में अमेरिका 5,042 वारहेड्स के साथ दूसरे स्थान पर है। भारत का पड़ोसी देश चीन भी अपने परमाणु हथियार तेजी से बढ़ा रहा है, क्योंकि उसके पास 600 से बढ़कर 620 परमाणु बम हो गए हैं। सीपरी की इस वार्षिक रिपोर्ट में सबसे ज्यादा फ्रांस ने चौंकाया है, क्योंकि एक साल के भीतर उसके पास परमाणु बमों की संख्या 80 बढ़ गई है। फ्रांस ने पिछले साल के मुकाबले अपने परमाणु भंडार में इसे 290 से सीधे 370 वॉरहेड्स तक पहुंचा दिया है। इसके विपरीत यूनाइटेड किंगडम (यूके) ने अपनी रणनीतिक क्षमता को स्थिर रखा है, क्योंकि उसके पास मौजूदा समय में 225 वॉरहेड्स हैं। पश्चिमी एशिया में ईरान के साथ युद्ध के बावजूद इजराइल ने अपना परमाणु भंडार नहीं बढ़ाया है और उसके पास पिछले साल की तरह अभी भी 90 वॉरहेड्स हैं। उत्तर कोरिया भी लगातार घातक हथियार बना रहा है, जिससे उसका परमाणु भंडार 50 से बढ़कर 60 वॉरहेड्स हो गया है। इस रिपोर्ट से पता चलता है कि दुनिया के कई देश एक बार फिर परमाणु हथियारों पर अपनी निर्भरता बढ़ा रहे हैं।

# राज्यसभा चुनाव : बैद्यनाथ राम, प्रणव झा और परिमल नाथवानी ने किया नामांकन

## तीन उम्मीदवारों के मैदान में उतरने से मुकाबला रोचक, 18 जून को मतदान

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** झारखंड की दो राज्यसभा सीटों के लिए होने वाले चुनाव में सोमवार को तीन उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया। इंडिया गठबंधन की ओर से झामुमो उम्मीदवार बैद्यनाथ राम और कांग्रेस उम्मीदवार प्रणव झा ने पर्चा भरा, जबकि निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में परिमल नाथवानी ने भी अपना नामांकन दाखिल किया। नाथवानी को एनडीए का समर्थन प्राप्त है। निर्दलीय नामांकन दाखिल करने के बाद उन्होंने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि झारखंड में मैं काम कर चुका हूं, इस बार मौका मिलेगा तो पहले से ज्यादा काम करूंगा। मेरे संबंध सबसे काफी अच्छे हैं। तीन उम्मीदवारों के मैदान में उतरने से राज्यसभा चुनाव रोचक हो गया है और अब 18 जून को मतदान होने की संभावना बढ़ गई है। नामांकन पत्रों की जांच और नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी होने के बाद चुनाव की तस्वीर साफ होगी।





### कांग्रेस उम्मीदवार ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की उपस्थिति में अपना नामांकन दाखिल किया

झामुमो उम्मीदवार बैद्यनाथ राम ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, कांग्रेस, राजद और माले नेताओं की मौजूदगी में सबसे पहले नामांकन दाखिल किया। उन्होंने दो सेटों में नामांकन पत्र जमा किए, जिसमें 10-10 विधायक प्रस्तावक बने। नामांकन के बाद उन्होंने दोनों सीटों पर इंडिया गठबंधन की जीत का दावा किया। इसके बाद कांग्रेस उम्मीदवार प्रणव झा ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की उपस्थिति में अपना नामांकन दाखिल किया। उन्होंने दो सेटों में 19 प्रस्तावकों के साथ पर्चा भरा। इस दौरान छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, माले और राजद के नेता भी मौजूद रहे। मीडिया से बातचीत में प्रणव झा ने अपनी जीत का भरोसा जताते हुए कहा कि गठबंधन के सभी 56 विधायक एकजुट हैं। उन्होंने चुनाव में हॉर्स ट्रेडिंग की आशंका जताते हुए भाजपा पर निशाना साधा और कहा कि झारखंड की जनता धनबल की राजनीति को स्वीकार नहीं करेगी। नामांकन के दौरान कांग्रेस प्रदेश प्रभारी के. राजू, प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, विधायक दल के नेता प्रदीप यादव समेत पार्टी के कई वरिष्ठ नेता, विधायक और मंत्री उपस्थित थे।



# 12 सालों में भारत में बड़े बदलाव के साथ गरीब-वंचित वर्ग का हुआ कल्याण : मोदी

**सरकार की प्रमुख उपलब्धियों को सोशल मीडिया पर किया साझा**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** नरेंद्र मोदी ने भारत के प्रधानमंत्री के रूप में 12 साल पूरे होने पर अपनी सरकार की प्रमुख उपलब्धियों और नीतियों को लेकर एक्स पर पोस्ट की। उन्होंने पोस्ट में कहा कि इन 12 सालों में भारत में कई बड़े बदलाव देखने को मिले हैं। इन सभी के केंद्र में गरीब और वंचित वर्ग का कल्याण रहा है। पीएम मोदी ने लिखा हम हमेशा अंत्योदय से प्रेरित रहे हैं और हमारी कोशिश यही रही है कि विकास का लाभ उन लोगों तक पहुंचे जो दशकों से पीछे छूट गए थे। उन्होंने कहा कि जनधन खातों और डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर से लेकर स्वच्छ भारत, पीएम आवास योजना, जलजीवन मिशन, आयुष्मान भारत और अन्य योजनाओं तक हर पहल का मकसद बस यही रहा है कि लोगों को सम्मान और अवसर मिलें। पीएम ने आगे लिखा कि यह भी खुशी की बात है कि गरीबों के जीवन की गुणवत्ता को बेहतर बनाने में टेक्नोलॉजी ने अहम भूमिका निभाई है। डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर और डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए लोगों तक मदद सीधे और पारदर्शी तरीके से पहुंच रही है। इससे कार्यक्षमता बढ़ी है और शासन-व्यवस्था में भरोसा मजबूत हुआ है।



### गरीब कल्याण योजना मोदी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता : अमित शाह

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोमवार को मोदी सरकार की नीतियों की सराहना करते हुए कहा कि 'गरीब कल्याण योजना' हमेशा से सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता रही है। अमित शाह ने एक्स पर लिखा, सरकार ने इन 12 वर्षों में करोड़ों नागरिकों को अन्न योजना, प्रधानमंत्री आवास, जन-धन, मुद्रा लोन, प्रधानमंत्री स्वनिधि जैसी कल्याणकारी योजनाओं के जरिए बैंकिंग सुविधा, वित्तीय सुरक्षा और स्वरोजगार के अवसरों से जोड़ा है। इसके अलावा, बुनियादी सुविधाओं, सामाजिक सुरक्षा और बेहतर जीवन स्तर के जरिए देश के गरीबों को आर्थिक मुख्यधारा से जोड़कर विकसित भारत की मजबूत नींव का निर्माण किया जा रहा है।

# स्टील प्लांट में लेडल फटने से हादसा, आठ मजदूरों की मौत

**कई कर्मचारी घायल, राहत-बचाव कार्य जारी**

एजेंसी

**विशाखापट्टनम।** आंध्र प्रदेश के विशाखापट्टनम स्थित स्टील प्लांट में सोमवार को हुए भीषण औद्योगिक हादसे में कम से कम आठ कर्मचारियों की मौत हो गई, जबकि कई अन्य घायल हो गए। दुर्घटना प्लांट की एसएमएस-2 और एसटीसी-3 हीट फैसिलिटी में उस समय हुई, जब अत्यधिक तापमान पर मौजूद पिघले हुए स्टील से भरा एक लेडल अचानक फट गया और बड़ी मात्रा में स्टील का रिसाव होने लगा। हादसे के बाद पूरे संयंत्र में अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, तेज धमाके के साथ पिघला हुआ स्टील आसपास फैल गया, जिससे वहां काम कर रहे कर्मचारी इसकी चपेट में आ गए। घटना की सूचना मिलते ही प्लांट के सुरक्षा कर्मी, अग्निशमन दल और आपदा प्रबंधन टीमें मौके पर पहुंच गईं। राहत एवं बचाव कार्य युद्धस्तर पर शुरू किया गया और आग पर काबू पाने के प्रयास किए गए। अधिकारियों ने प्रभावित क्षेत्र को घेरकर अन्य कर्मचारियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया।



**गृहमंत्री ने दिए राहत कार्य में तेजी लाने के निर्देश :** हादसे पर आंध्र प्रदेश की गृह मंत्री वांगलापुडी अनीता ने तत्काल संज्ञान लिया। उन्होंने विशाखापट्टनम जिला कलेक्टर और शहर के पुलिस आयुक्त से फोन पर बातचीत कर घटना की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। मंत्री ने अधिकारियों को घायलों को सर्वोत्तम चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराने तथा राहत एवं बचाव कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

### गिरिडीह में दिल दहला देनेवाली घटना

# पिता ने तीन बेटियों की धारदार हथियार से की हत्या, गिरफ्तार

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**गिरिडीह।** गिरिडीह जिले में सोमवार तड़के एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां एक पिता ने अपनी तीन मासूम बेटियों की धारदार हथियार से हमला कर हत्या कर दी। घटना मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के तुरुकडीहा गांव की है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपित पिता को गिरफ्तार कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, तुरुकडीहा निवासी नंदू यादव उर्फ नंदकिशोर यादव ने सोमवार की अहले सुबह अपनी तीनों बेटियों पर हंसुआ से हमला कर दिया। इस हमले में 14 वर्षीय पल्लवी यादव और सात वर्षीय जुड़वां बहनें रिद्धि एवं सिद्धि की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) जीतबाहन उरांव, मुफ्फसिल थाना प्रभारी श्याम किशोर महतो और पुलिस बल मौके पर पहुंचे तथा घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू की।



प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि घटना के समय आरोपित की पत्नी राधा देवी और पुत्र पंटू यादव किसी तरह घर से निकलकर पड़ोसियों के यहां शरण लेने में सफल रहे। इससे उनकी जान बच गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि आरोपित पूरे परिवार को नुकसान पहुंचाने की मंशा से हमला करने वाला था, लेकिन पत्नी और पुत्र समय रहते भाग निकले। ग्रामीणों के अनुसार, नंदू यादव रविवार रात शराब के नशे में घर लौटा था। इसके बाद घर में विवाद और तनाव का माहौल बना रहा। सोमवार सुबह जब घटना की जानकारी लोगों को मिली तो पूरे गांव में हड़कंप मच गया। स्थानीय स्तर पर यह भी चर्चा है कि आरोपित का किसी महिला के साथ कथित अवैध संबंध था, जिसे लेकर परिवार में लंबे समय से तनाव चल रहा था। हालांकि पुलिस ने इन दावों की पुष्टि नहीं की है और जांच के बाद ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचने की बात कही है। घटनास्थल से पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त हंसुआ बरामद कर लिया है।

# इंडी गठबंधन की बैठक में सर्वदलीय बैठक समेत पांच मुद्दों पर बनी सहमति

**बैठक में 25 दलों ने लिया हिस्सा**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने सोमवार को विपक्षी इंडी गठबंधन के घटक दलों की बैठक के बाद कहा कि दो घंटे से अधिक चली इस बैठक में 5 मुद्दों पर सहमति बनी। उन्होंने बताया कि नीट-यूजी परीक्षा और सीबीएसई की गड़बड़ियों के लिए शिक्षा मंत्री जिम्मेदार हैं और उन्हें तत्काल इस्तीफा देना चाहिए। साथ ही चुनावों की निष्पक्षता और वोट चोरी के मामलों पर देश के मुख्य न्यायाधीश को पत्र भेजने का निर्णय लिया गया है। नई दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब में इंडी गठबंधन की 7वीं बैठक में सोनिया गांधी, राहुल गांधी, अखिलेश यादव, ममता बनर्जी, सुप्रिया सुले, कपिल सिब्बल, तेजस्वी यादव, उमर अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती समेत कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। जबकि दो अन्य दलों शिवसेना यूबीटी के उद्धव ठाकरे और झारखंड मुक्ति मोर्चा के हेमंत सोरेन ऑनलाइन जुड़े।




बैठक में कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, तृणमूल कांग्रेस, राष्ट्रीय जनता दल, नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी, झारखंड मुक्ति मोर्चा, शिवसेना (यूबीटी), राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी), मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी-लेनिनवादी), रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी, इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग, विदुथलाई चिरुथाइगल काची, मरुमलार्ची द्रविड़ मुनेत्र कड़गम, केरल कांग्रेस, केरल कांग्रेस (मणि गुट), राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी, भारत आदिवासी पार्टी, लोक दल, फॉरवर्ड ब्लॉकऔर शेतकारी कामगार पक्ष समेत कुल 25 दलों के नेता शामिल रहे। उल्लेखनीय है कि बीते तीन साल में इंडी गठबंधन से तीन पार्टियां अलग हो चुकी हैं। इनमें जेडीयू 2024 के लोकसभा चुनाव के दौरान, आम आदमी पार्टी दिल्ली और हरियाणा विधानसभा चुनाव के दौरान तथा डीएमके हाल ही में तमिलनाडु चुनाव के बाद गठबंधन से दूर हुई।

# शपथ-पत्र लेकर सहायक आचार्यों को दिया जाएगा वेतन

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** राज्य के विभिन्न स्कूलों में कार्यरत सहायक आचार्यों के वेतन भुगतान की मंजूरी मिल गई है। इस बाबत प्राथमिक शिक्षा निदेशक मनोज कुमार रंजन ने 8 जून को आदेश जारी किया। सभी जिला शिक्षा अधीक्षकों को इस कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। जारी आदेश में निदेशक ने कहा है कि राज्य में सहायक आचार्यों की नियुक्ति की गयी है। नियुक्ति के बाद अबतक वेतनादि का भुगतान नहीं होने के कारण विभिन्न स्तरों पर इसकी समीक्षा की गयी। समीक्षा के बाद वेतनादि के भुगतान में मुख्य समस्या दस्तावेजों के सत्यापन में विलम्ब परिलक्षित हुई है। वेतन भुगतान नहीं होने के कारण नवनियुक्त सहायक आचार्यों को विभिन्न प्रकार की समस्याओं मुख्यतः आर्थिक समस्या का सामना करना पड़ रहा है। उक्त कारण से सहायक आचार्यों के वेतनादि के भुगतान के लिए सभी का भविष्य निधि खाता खुलवाने का निर्देश दिया है।

शैक्षणिक / प्रशैक्षणिक प्रमाण-पत्रों का सत्यापन नहीं होने की स्थिति में नवनियुक्त सहायक आचार्यों से निर्धारित प्रपत्र में शपथ-पत्र प्राप्त करते हुए वेतनादि का भुगतान किया जाय। शैक्षणिक / प्रशैक्षणिक प्रमाण-पत्रों के सत्यापन में तेजी लाया जाए। जरूरत के अनुसार संबंधित सहायक आचार्य के भी सहयोग प्राप्त करते हुए आगामी 4 माह के अंदर हर हालः में सत्यापन कार्य पूर्ण किया जाय। उक्त अवधि तक सत्यापन कार्य पूर्ण नहीं होने की स्थिति में संबंधित सहायक आचार्यों का वेतन स्वतः स्थगित माना जायेगा।शपथ-पत्र का प्रारूप भी आदेश में संलग्न किया गया है। निर्देश दिया गया है कि सहायक आचार्यों से अविलम्ब शपथ-पत्र प्राप्त कर वेतनादि का भुगतान सुनिश्चित करेंगे।

# खूंटी में अफीम के साथ चार तस्कर गिरफ्तार

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**खूंटी।** खूंटी पुलिस ने रनिया थाना क्षेत्र के तांबा गांव के समीप छापेमारी कर 2.328 किलोग्राम अफीम के साथ चार तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों के पास से तीन टचस्क्रीन मोबाइल फोन और दो मोटरसाइकिल भी बरामद की गई हैं। मामले में एनडीपीएस थाना में प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग ने सोमवार को अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि रनिया थाना क्षेत्र के तांबा गांव के पास कुछ लोग अफीम की खरीद-बिक्री के उद्देश्य से एकत्रित हुए हैं। सूचना को गंभीरता से लेते हुए उसके सत्यापन और आवश्यक कार्रवाई के लिए तोरपा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक



विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। पुलिस टीम जब तांबा गांव के समीप पहुंची तो वहां दो मोटरसाइकिलों के साथ चार व्यक्ति खड़े दिखाई दिए। पुलिस वाहन को देखते ही सभी संदिग्ध भागने लगे। हालांकि, सतर्क पुलिसकर्मियों ने तत्काल उनका पीछा किया और चारों को घेराबंदी कर पकड़ लिया। पूछताछ के दौरान संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर उनकी तलाशी ली गई, जिसमें उनके पास से अफीम बरामद हुई। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान नाथ लोमगा (50), बिरसा बरजो (31), सुपाय कन्डायबुरु (43) और गांदू बरजो उर्फ संदीप बरजो (29) के रूप में हुई है। सभी पश्चिमी सिंहभूम जिले के सेरेंगदा थाना क्षेत्र के निवासी बताए गए हैं। तलाशी के दौरान आरोपितों के पास से कुल 2.328 किलोग्राम अफीम, तीन टचस्क्रीन मोबाइल फोन तथा दो मोटरसाइकिल जब्त की गईं। बरामद अफीम की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लाखों रुपये आंकी जा रही है। पुलिस ने जब्त सामग्री को अपने कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक पूछताछ में आरोपितों ने स्वीकार किया कि अफीम की खेती पश्चिमी सिंहभूम जिले के विभिन्न क्षेत्रों में की गई थी। वे तैयार अफीम को खूंटी और रांची के कारोबारियों तक पहुंचाकर उससे मुनाफा कमाने का काम करते थे। पुलिस अब इस नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

# सिल्ली बिरसा चौक पर है धरती आबा की खंडित मूर्ति, शहादत दिवस पर प्रतिमा उपेक्षित

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**सिल्ली।** आज 9 जून को भगवान बिरसा मुंडा का शहादत दिवस (बलिदान दिवस) मनाया जा रहा है। शहादत दिवस जैसे पवित्र अवसर पर भी धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की खंडित प्रतिमा का चौक पर होना, उनकी विचारधारा और आदिवासी समाज के बलिदान की घोर उपेक्षा है। इस प्रकार की लापरवाही महापुरुषों के प्रति हमारी संवेदनहीनता को दशार्ती है। ऐसा ही एक मामला सिल्ली से पिस्का गांव की ओर जाने वाली मुख्य सड़क ।पर खपचा बेड़ा के निकट



बिरसा चौक पर एक प्रतिमा की है। जहां भगवान बिरसा मुंडा की एक खंडित प्रतिमा है ।जीर्ण शीर्ण अवस्था में इस प्रतिमा के हाथ टूटे हुए है। पिछले 9 जुलाई 2025 को असामाजिक तत्वों ने इसे क्षतिग्रस्त कर दिया था। घटना के बाद थाना में लिखित शिकायत भी कराई गई थी पुलिस ने शिकायत पर करवाई भी की. कुछ दिनों तक गहमा गहमी थी। लेकिन फिर सब कुछ सामान्य हो गया। एक साल बीतने के बाद भी प्रतिमा की मरम्मत नहीं कराई गई है।

## संक्षिप्त

### किडनी रोग से पीड़ित सूरज नायक ने लगाई मदद की गुहार



**ओरमांझी।** रांची जिले के ओरमांझी प्रखंड अंतर्गत करमा करांडेगा निवासी सूरज नायक (34 वर्ष) गंभीर किडनी रोग से पीड़ित हैं। उनका इलाज क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज, वेल्लोर में चल रहा है। उन्हें नियमित रूप से डायलिसिस कराना पड़ता है। अत्यंत खराब आर्थिक स्थिति के कारण उनका इलाज लगभग ठप पड़ गया है, जिससे उनकी हालत दिन-प्रतिदिन बिगड़ती जा रही है। जानकारी के अनुसार सूरज नायक का आर्थिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य बेहद चिंताजनक स्थिति में है। परिवार की आर्थिक हालत इतनी कमजोर है कि इलाज का खर्च वहन करना उनके लिए संभव नहीं रह गया है। परिजनों के अनुसार माता-पिता, सास-ससुर और भाई-बहनों की ओर से भी कोई विशेष आर्थिक सहयोग नहीं मिल पा रहा है। सूरज नायक की पत्नी ज्योति करमाली अपने पति की जान बचाने के लिए किडनी दान करने को तैयार हैं, लेकिन प्रत्यारोपण एवं उपचार में आने वाले भारी खर्च के कारण प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पा रही है। आर्थिक अभाव के चलते इलाज पूरी तरह प्रभावित हो गया है।

### अज्ञात युवती के शव की पहचान की अपील

**खूंटी।** तोरपा थाना क्षेत्र अंतर्गत डोड़मा से कुदरी जाने वाली सड़क के किनारे मिले अज्ञात युवती के शव की पहचान में सहयोग करने की अपील पुलिस ने की है। तोरपा के थाना प्रभारी मनीष कुमार ने सोमवार को बताया कि गत 11 फरवरी 2026 को सड़क किनारे एक युवती का शव बरामद किया गया था। युवती की उम्र लगभग 18 से 20 वर्ष, लंबाई करीब 4.5 फीट, रंग सांवला तथा बाल काले बताए गए हैं। मृतका के पहनावे में गुलाबी एवं सफेद रंग का कुर्ती-सलवार, काले रंग की पैंट, सफेद रंग का दुपट्टा तथा गुलाबी (लाल) रंग की हवाई चप्पल शामिल है। पुलिस ने मृतका एवं उसकी चप्पलों की फोटो भी जारी की है ताकि पहचान में सहायता मिल सके।

# बाबा आम्रेश्वर धाम पहुंचे डीसी-एसपी श्रावणी मेला की तैयारियों का लिया जायजा

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**खूंटी।** झारखंड के प्रसिद्ध धार्मिक स्थलों में शामिल और 'मिनी बाबाधाम' के नाम से विख्यात बाबा आम्रेश्वर धाम में आगामी श्रावणी मेला की तैयारियां तेज हो गई हैं। श्रावण माह के दौरान लाखों श्रद्धालुओं के आगमन को देखते हुए जिला प्रशासन ने व्यवस्थाओं का आकलन शुरू कर दिया है। इसी क्रम में सोमवार को खूंटी के उपायुक्त मोहम्मद जावेद हुसैन और पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग ने बाबा आम्रेश्वर धाम पहुंचकर मेला तैयारियों का विस्तृत निरीक्षण किया। इस वर्ष श्रावणी मेला 30 जुलाई से प्रारंभ होगा। मेले के दौरान आयोजित होने वाले धार्मिक अनुष्ठानों, श्रद्धालुओं की सुविधाओं और सुरक्षा व्यवस्थाओं को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आ रहा है। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों के साथ खूंटी के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी जमुदा तथा तोरपा के एसडीपीओ विजय कुमार सिंह भी मौजूद रहे। धाम परिसर पहुंचने पर बाबा



आम्रेश्वर धाम प्रबंध समिति के पदाधिकारियों ने उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक का अंगवस्त्र ओढ़ाकर तथा स्मृति-चिह्न भेंट कर स्वागत किया। इसके बाद अधिकारियों ने समिति के सदस्यों के साथ बैठक कर श्रावणी मेला की तैयारियों की विस्तृत जानकारी ली। बैठक में श्रद्धालुओं की संभावित संख्या, पेयजल, स्वच्छता, चिकित्सा सुविधा, प्रकाश व्यवस्था, पार्किंग, यातायात नियंत्रण तथा सुरक्षा प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। अधिकारियों ने यह भी जाना कि मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए कौन-कौन से विशेष इंतजाम किए जा रहे हैं और किन क्षेत्रों में अतिरिक्त संसाधनों की आवश्यकता है। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त और पुलिस अधीक्षक ने मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। उन्होंने श्रद्धालुओं की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए भीड़ प्रबंधन, आपातकालीन सेवाओं और यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के निर्देश दिए। अधिकारियों ने संबंधित विभागों और मेला प्रबंधन समिति को समय रहते सभी आवश्यक तैयारियां पूरी करने का निर्देश दिया, ताकि श्रावण माह में आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रशासन का प्रयास है कि श्रद्धालुओं को सुरक्षित, व्यवस्थित और सुगम वातावरण उपलब्ध कराया जाए। उल्लेखनीय है कि बाबा आम्रेश्वर धाम झारखंड के प्रमुख आस्था केंद्रों में से एक है, जहां श्रावण माह में बड़ी संख्या में श्रद्धालु जलाभिषेक और पूजा-अर्चना के लिए पहुंचते हैं। इसी को देखते हुए जिला प्रशासन और मंदिर प्रबंधन समिति संयुक्त रूप से मेले की तैयारियों को अंतिम रूप देने में जुटे हुए हैं।

## तीन दिवसीय अखंड हरिनाम संकीर्तन प्रारंभ



**राहे।** प्रखंड के बारूडीह-पारमडीह गांव में सोमवार से तीन दिवसीय हरि नाम संकीर्तन प्रारंभ हुआ। कीर्तन प्रारंभ के अवसर पर में कुरमाली भाषा परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ राजाराम महतो, सोनाहातू मंडल के पूर्व अध्यक्ष दिलेश्वर कोईरी, नेपाल दास, संशोधर गोस्वामी,हरि मंदिर में उपस्थित होकर राधा कृष्ण प्रतिमा पर पूजन किए। बंगाल, झारखंड के कीर्तन मंडली के द्वारा लगातार हरि नाम कीर्तन किया जायेगा। कमिटी के मृत्युंजय महतो, गणेश महतो, सृष्टिधर महतो, सिदाम महतो, के साथ कमिटी के सभी सदस्य आयोजन को संपन्न कराने के लिए योगदान दे रहे है। आदि ने सभी को स्वागत किया साथ ही सोसधर दास गोस्वामी ने मुख्य अतिथि को पूजा अर्चना करवाए, पूरे गाव मे राधा कृष्ण नाम मे भक्तिमय हुए।

## नाली जाम होने से सड़क पर बह रहा है गंदा पानी



**सिल्ली।** सिल्ली न्यू बुंडू रोड चौक के समीप पानी सड़क पर ही बहनें से लोगों परेशानी का सामना करना पड़ा रहा है। स्थानीय कुछ लोगों द्वारा नाली को जाम कर कर दिए जाने के कारण ये स्थिति उत्पन्न हुई है। जिसके कारण सड़क पर गंदा पानी बह रहा है। जिससे दुकानदार समेत आम लोग काफी परेशान हैं। ज्ञात हो कि सिल्ली के लुपूग के पहाड़ी क्षेत्र से वर्षा का पानी से सिल्ली के मेन रोड से बुंडू मोड़ तक आती है। नाली बंद हो जाने से आसपास के लोगों के साथ साथ राहगीरों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है ।हल्के वारिश में भी पानी सड़कों पर बहने लगता है। इसको देखते हुए रेलवे ओवरब्रिज निर्माण के दौरान संवेदकों द्वारा करोड़ रूपया खर्च कर नाली का निर्माण किया गया। परंतु स्थानीय लोगों द्वारा उक्त नाली को बंद कर दिया गया है। बिजली विभाग ने भी बंद नाली के समीप बिजली का पोल गाड़कर उसे पूरी तरह बंद कर दिया जिससे करोड़ों रूपए खर्च कर बनाई गई नाली बेकार साबित हो रहा है ।पानी की निकासी न होने से नालियों में जमा पानी से दुर्गंध फैल रही है, गंदा पानी सड़क पर भी बह रहा है। गंदे पानी से फैल रही बदबू से दुकानदारों के साथ-साथ ग्राहकों को भी काफी परेशान होना पड़ रहा है। वहीं स्थानीय लोगों का कहना है कि इसको लेकर कई बार प्रशासनिक के अधिकारियों को भी अवगत कराया गया, लेकिन इस तरफ कोई भी ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इस सम्बन्ध में अंचलाधिकारी अरुणिमा एक्का से पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि ऐसी कोई सूचना मुझे नहीं है इस तरह की बात है तो अवश्य कार्रवाई की जाएगी।

# बिरसा कॉलेज में जेएलकेएम छात्र इकाई के गठन की अनुमति देने का आग्रह

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**खूंटी।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) खूंटी की ओर से सोमवार को बिरसा कॉलेज में छात्र संगठन झारखंड क्रांतिकारी छात्र मोर्चा (जेकेसीएम) के गठन की दिशा में पहल करते हुए कॉलेज प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया। संगठन के प्रतिनिधिमंडल ने बिरसा





कॉलेज के प्राचार्य चन्द्रकिशोर भगत को ज्ञापन देकर कॉलेज परिसर में झारखंड क्रांतिकारी छात्र मोर्चा के गठन की अनुमति देने का आग्रह किया। इस दौरान छात्र हितों, शैक्षणिक समस्याओं और कॉलेज में विद्यार्थियों की सहभागिता बढ़ाने के उद्देश्य से नए छात्र संगठन की आवश्यकता पर चर्चा की गई। कार्यक्रम का नेतृत्व जेएलकेएम के जिला महासचिव विक्रम महतो ने किया।

## तोरपा क्रिकेट अकादमी के समर कैंप का समापन

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**खूंटी।** तोरपा क्रिकेट अकादमी की ओर से आयोजित क्रिकेट कोचिंग समर कैंप का समापन सोमवार को हो गया। कैंप का उद्देश्य क्षेत्र के युवा क्रिकेट खिलाड़ियों की प्रतिभा को निखारना और उन्हें खेल में अनुशासन, निरंतर अभ्यास एवं आधुनिक तकनीकी जानकारियों से अवगत कराना था। अकादमी के इस समर कैंप में बालक और बालिका वर्ग के कुल 107 खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रतिभागियों को बल्लेबाजी, गेंदबाजी, क्षेत्ररक्षण और क्रिकेट की विभिन्न तकनीकी बारीकियों का प्रशिक्षण दिया गया। कैंप में हेड कोच देवा हस्सा के नेतृत्व में सहायक कोच उमाकांत मुंडा, अभिषेक सहदेव, सौरभ शर्मा, गौरव शर्मा, अनीश होरो और राजेश नायक ने खिलाड़ियों को प्रशिक्षित किया। इस दौरान रणजी खिलाड़ी विनायक विक्रम ने मेंटर की भूमिका निभाते हुए खिलाड़ियों का मार्गदर्शन किया और उन्हें खेल के प्रति समर्पण और मेहनत के लिए प्रेरित किया। समापन समारोह में सभी अभिभावकों की उपस्थिति में कैंप में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को प्रमाण-पत्र और मेडल देकर सम्मानित किया गया।

# खूंटी-सिमडेगा मार्ग पर अज्ञात वाहन की चपेट में आने से व्यक्ति की मौत

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**खूंटी।** खूंटी जिले के मुरहू थाना क्षेत्र में सोमवार को सड़क हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई। घटना खूंटी-सिमडेगा मुख्य मार्ग पर बिचना पेट्रोल पंप के समीप हुई, जहां किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आने से व्यक्ति ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृतक की पहचान अब तक नहीं हो सकी है। स्थानीय लोगों के अनुसार, मृतक पिछले दो दिनों से बिचना और आसपास के क्षेत्रों में घूमता देखा जा रहा था। लोगों का कहना है कि उसकी मानसिक स्थिति सामान्य नहीं लग रही थी और वह मानसिक रूप से अस्वस्थ प्रतीत हो रहा था। हालांकि, उसकी वास्तविक पहचान और पृष्ठभूमि के बारे में



किसी को जानकारी नहीं है। सोमवार सुबह जब ग्रामीणों ने सड़क किनारे एक व्यक्ति का शव पड़ा देखा और तत्काल मुरहू थाना पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और मामले की जांच शुरू की। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि व्यक्ति किसी अज्ञात वाहन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौत हो गई। हालांकि, दुर्घटना किस वाहन से हुई और हादसे की परिस्थितियां क्या थीं, इसका पता लगाने के लिए पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। साथ ही मृतक की पहचान सुनिश्चित करने के लिए आसपास के थाना क्षेत्रों और पुलिस नेटवर्क के माध्यम से जानकारी जुटाई जा रही है। मुरहू थाना पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस मामले की सभी पहलुओं से जांच कर रही है।

## यौन शोषण का आरोपी फरार, चिपकाया कुर्की वारंट का इश्तेहार



**पिठोरिया।** रांची जिले की पिठोरिया पुलिस ने यौन शोषण के फरार आरोपी बिरजू मुंडा के घर पर कुर्की वारंट का इश्तेहार रविवार को चिपकाया। आरोपी बिरजू मुंडा (पिता गोंदरा मुंडा, मुरपीरी, बुढ़मू थाना, रांची) का रहने वाला है। पिठोरिया पुलिस के अनुसार, थाना क्षेत्र की एक महिला ने बिरजू मुंडा पर शादी का झांसा देकर यौन शोषण करने का आरोप लगाया था। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद से ही आरोपी फरार चल रहा है। पुलिस की कई बार दबिश के बाद भी वह हाथ नहीं आया। इसी मामले में कोर्ट से कुर्की वारंट मिलने के बाद रविवार को पिठोरिया पुलिस टीम आरोपी के पैतृक गांव मुरपीरी पहुंची। उसके घर पर इश्तेहार चस्पा कर दिया। पुलिस ने आरोपी को तय समय सीमा में कोर्ट में सरेंडर करने को कहा है। हाजिर नहीं होने पर चल-अचल संपति की कुर्की की कार्रवाई की जाएगी। थाना प्रभारी सतीश कुमार पांडे ने बताया कि फरार आरोपियों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। जल्द ही बिरजू मुंडा को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# एकलव्य विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और शत-प्रतिशत नामांकन पर जोर

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**खूंटी।** उपायुक्त मो जावेद हुसैन की अध्यक्षता में सोमवार को समाहरणालय सभागार में जिले में संचालित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों की प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्यालयों की शैक्षणिक व्यवस्था, आधारभूत सुविधाओं, विद्यार्थियों के स्वास्थ्य, खेलकूद गतिविधियों और नामांकन प्रक्रिया की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने खूंटी, मुरहू, कर्रा और तोरपा स्थित एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों में पठन-पाठन की स्थिति, शिक्षकों की उपलब्धयता और विद्यार्थियों की शैक्षणिक प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने विद्यालय प्रबंधन को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने और विद्यार्थियों के सर्वांगीण



विकास के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने विद्यालय परिसरों में उपलब्ध आधारभूत सुविधाओं, छात्रावास व्यवस्था, खेल मैदान, पेयजल, स्वच्छता और अन्य आवश्यक संसाधनों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को कमियों को जल्द दूर करने और सुविधाओं को और सुदृढ़ करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। बैठक में विद्यार्थियों के स्वास्थ्य संबंधी मुद्दों पर भी चर्चा हुई। उपायुक्त ने नियमित स्वास्थ्य जांच, आवश्यकता अनुसार चिकित्सकों की प्रतिनियुक्ति और विद्यार्थियों को समय पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही विद्यालयों में आवश्यकतानुसार आउटसोर्सिंग के माध्यम से मानव संसाधन उपलब्ध कराने के प्रस्ताव पर भी विचार-विमर्श किया गया। उपायुक्त ने छात्र-छात्राओं को उपलब्ध कराए जा रहे भोजन की गुणवत्ता और मेन्यू की समीक्षा करते हुए पोषण मानकों के अनुरूप भोजन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। उन्होंने प्रवेश परीक्षा, आवेदन प्रक्रिया और अन्य आवश्यक जानकारियों का व्यापक प्रचार-प्रसार करने पर जोर देते हुए कहा कि पात्र विद्यार्थियों तक सभी सूचनाएं समय पर पहुंचनी चाहिए, ताकि कोई भी योग्य छात्र जानकारी के अभाव में वंचित न रह जाए। विद्यालयों में उपलब्ध सीटों और वर्तमान नामांकन की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी रिक्त सीटों पर शत-प्रतिशत नामांकन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

# खेलो इंडिया में चयनित सुरभि पाल ने सुदेश महतो से की मुलाकात

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**सिल्ली।** बिरसा मुंडा तीरंदाजी अकादमी सिल्ली की मुरी निवासी राष्ट्रीय चैम्पियन खिलाड़ी सुरभि पाल की भारत सरकार के खेलो इंडिया में चयन होने पर बिरसा मुंडा तीरंदाजी अकादमी सिल्ली के मुख्य संरक्षक व पूर्व उप मुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो से मुलाकात की । जहां सुदेश कुमार महतो ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उनकी मेहनत और समर्पण का परिणाम है। वहीं उन्होंने पौधा भेंट कर सम्मानित किया एवं शुभकामनाएं दी। कोच प्रकाश राम ने बताया कि खेलो इंडिया योजना केंद्र सरकार की



महत्वाकांक्षी पहल है, जिसका उद्देश्य जमीनी स्तर पर खेल संस्कृति को बढ़ावा देना और देश के कोने-कोने से उभरती प्रतिभाओं को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करना है। चयनित खिलाड़ियों को खेल प्रशिक्षण, पोषण, शिक्षा और अन्य जरूरतों के लिए सहायता दी जाती है। इससे वह बिना किसी अड़चन के अपनी खेल यात्रा को आगे बढ़ा सकें। इस मौके पर सुरभि के पिता अमर पाल, प्रमुख जितेन्द्र नाथ बड़ाइक, मुखिया सोमरा मांझी,पंसस राजेश कुम्हार, अरविंद कुमार, कोच शिशिर महतो आदि उपस्थित थे।

# सीआईपी में मानसिक स्वास्थ्य एवं आत्महत्या जोखिम प्रबंधन प्रशिक्षण शुरू

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** केंद्रीय मनोचिकित्सा संस्थान (सीआईपी) में प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ 8 जून को किया गया। भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद के वित्तीय सहयोग से संस्था न का मनोरोग सामाजिक कार्य विभाग परियोजना संचालित कर रहा है। यह परियोजना झारखंड में ग्रामीण (जनजातीय) सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकताओं (सीएचडब्ल्यू) के लिए मानसिक स्वास्थ्य एवं आत्महत्या जोखिम प्रबंधन प्रशिक्षण की प्रभावशीलता का मूल्यांकन है। इसके अंतर्गत प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मिशन निदेशक शशि प्रकाश झा थे। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षित सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं की पहचान, समय पर हस्तक्षेप और आत्महत्या रोकथाम में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं।

कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में रांची सिविल सर्जन डॉ. प्रभात कुमार, राज्य आयुष सलाहकार समिति के संयोजक डॉ. राजीव कुमार, रिनपास के पूर्व निदेशक प्रो. अमूल रंजन सिंह, एवं पूर्व विभागाध्यक्ष (क्लिनिकल साइकोलॉजी) डॉ. लाल मांझी और राज्य सलाहकार (राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, झारखंड) डॉ. संतना उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता सीआईपी के प्रभारी निदेशक डॉ. ए.के. सुधांशु ने की। मंच पर प्रशासनिक पदाधिकारी डॉ. सुनील कुमार सूर्यवंशी, मनोरोग सामाजिक कार्य विभाग के प्रभारी एवं सहायक प्राध्यापक डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव और वरिष्ठ मनोरोग सामाजिक कल्याण पदाधिकारी डॉ. नरेंद्र कुमार सिंह भी उपस्थित थे। सभी अतिथियों ने मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता, आत्महत्या जोखिम की पहचान, समय पर सहायता उपलब्ध कराने और समुदाय आधारित मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं के महत्व पर प्रकाश डाला।

उन्होंने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकर्ता ग्रामीण एवं जनजातीय क्षेत्रों में मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। कार्यक्रम के दौरान एम.फिल. मनोरोग सामाजिक कार्य के विद्यार्थियों द्वारा मानसिक स्वास्थ्य एवं आत्महत्या रोकथाम विषय पर एक प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम चरण में रांची जिले के 100 सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकताओं को मानसिक स्वास्थ्य एवं आत्महत्या जोखिम प्रबंधन का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। परियोजना के अंतर्गत झारखंड के पांच जिलों के 500 सामुदायिक स्वास्थ्य कार्यकताओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। कार्यक्रम के अंत में मनोरोग सामाजिक कार्य विभाग के प्रभारी एवं सहायक प्राध्यापक डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव ने धन्यवाद किया।

# जीआरडीए ने डोरंडा पीएचसी को एंबुलेंस मुहैया कराया

**नगर विकास मंत्री ने चाबी सौंप हरी झंडी दिखा रवाना किया**

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** डोरंडा और आसपास के निवासियों को एंबुलेंस की सेवा मिलेगी। नगर विकास विभाग के प्रधान सचिव सुनील कुमार के निर्देश पर ग्रेटर रांची डेवलपमेंट एजेंसी (जीआरडीए) ने जनसेवा एवं स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ करने के लिए आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित एक एंबुलेंस राजकीय औषधालय डोरंडा (पीएचसी) को सीएसआर फंड के तहत उपलब्ध सोमवार को उपलब्ध कराया। नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार ने एंबुलेंस की चाबी समारोह सदर अस्पताल के डॉक्टर ताबान रिजवी को उपलब्ध कराया। मंत्री ने एंबुलेस को हरी झंडी दिखाकर डोरंडा अस्पताल के लिए रवाना भी किया। मंत्री आवास के समक्ष जीआरडीए के महाप्रबंधक राकेश कुमार नंदक्योलियार ने संस्थान की ओर एंबुलेंस की चाबी उपलब्ध करायी। इस अवसर पर मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि डोरंडा अस्पताल के लिए एंबुलेंस उपलब्ध होना क्षेत्र के निवासियों के लिए एक बड़ी राहत की बात होगी। राजकीय अस्पताल की प्रभारी डॉ मीता सिन्हा को यह एंबुलेस सदर अस्पताल द्वारा कागजी कार्रवाई के बाद सौंप दी गयी। इस अवसर पर जीआरडीए के अधिकारी शशि भूषण पाठक एवं साकेत कुमार सिंह सहित कई अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त

### जनवादी लेखक संघ का रचना गोष्ठी कार्यक्रम 21 को

**रांची।** जनवादी लेखक संघ (जलेस) रांची की आभासी सांगठनिक बैठक शनिवार शाम कुमार बृजेंद्र की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में निर्णय लिया गया कि मासिक गोष्ठी प्रत्येक माह के तीसरे रविवार को आयोजित होगी। 21 जून को सफदर हाशमी सभागार में रचना गोष्ठी, 31 जुलाई को प्रेमचंद जयंती और सितंबर में डॉ राही मासूम रजा की जन्म शताब्दी पर कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। साथ ही खूंटी, गुमला, लोहरदगा और सिमडेगा में जलेस की सदस्यता अभियान चलाने का भी निर्णय लिया गया। यह जानकारी देते हुए संघ के सचिव एमजेड खान ने कहा कि पिछले वर्ष से जलेस रांची की ओर से जून से नवंबर तक विभिन्न जिलों में आयोजित होने वाले जन महोत्सव में जलेस रांची की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित किया जाएगा। बैठक में डॉ किरण, सुधीर पॉल, सुकेशी कर्मकार, अपराजिता मिश्रा,सुधीर साहू, यास्मीन लाल, रामदेव बड़ाइक, अविनाश कुमार, समीउल्लाह खान असदकी, छोटनी कुमारी, आशियाना कश्यप, अजित महली, एमजेड खान, रामधनी खड़िया सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### ब्राह्मण कल्याण बोर्ड और पुजारियों के हितों को लेकर राज्यपाल से मिलेगा प्रतिनिधिमंडल

**रांची।** ब्राह्मण कल्याण बोर्ड के गठन तथा झारखंड के ब्राह्मण पुजारियों के हितों से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर ब्राह्मण महासभा का एक प्रतिनिधिमंडल मंगलवार, 9 जून 2026 को महामहिम राज्यपाल से मुलाकात करेगा। ब्राह्मण महासभा के संयोजक मनोज कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल पूर्वाह्न 11 बजे राज्यपाल से भेंट कर ब्राह्मण समाज एवं पुजारियों से संबंधित मांगों और समस्याओं पर चर्चा करेगा। महासभा की ओर से बताया गया कि प्रतिनिधिमंडल ब्राह्मण कल्याण बोर्ड के गठन सहित पुजारियों के सामाजिक, आर्थिक एवं कल्याणकारी हितों से जुड़े मुद्दों को राज्यपाल के समक्ष रखेगा। इस संबंध में समाज के विभिन्न प्रतिनिधि भी मौजूद रहेंगे।

# साइबर अपराध अनुसंधान पर पांच दिवसीय विशेष प्रशिक्षण शुरू, सिखाई जाएंगी आधुनिक जांच तकनीकें

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** साइबर अपराधों की बढ़ती चुनौतियों से प्रभावी ढंग से निपटने और पुलिस अधिकारियों की जांच क्षमता को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से होटवार स्थित अनुसंधान प्रशिक्षण विद्यालय में सोमवार से ₹साइबर अपराध का अनुसंधान₹ विषय पर पांच दिवसीय विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इस प्रशिक्षण में झारखंड पुलिस की विभिन्न इकाइयों से आए 78 पुलिसकर्मी और अधिकारी भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन अनुसंधान प्रशिक्षण विद्यालय के पुलिस अधीक्षक अजय कुमार सिन्हा ने किया। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में साइबर अपराधों का स्वरूप लगातार बदल रहा है और अपराधी नई-नई तकनीकों का इस्तेमाल कर लोगों को निशाना बना रहे हैं। ऐसे में पुलिस अधिकारियों के लिए आधुनिक तकनीकी ज्ञान और साइबर अनुसंधान कौशल से लैस होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधों की जांच अब केवल पारंपरिक पुलिसिंग तक सीमित नहीं रह गई है, बल्कि इसके लिए डिजिटल तकनीकों, डेटा विश्लेषण और इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों की गहन समझ भी जरूरी है। इसी उद्देश्य से इस विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, ताकि पुलिसकर्मियों को नवीनतम तकनीकों और जांच प्रक्रियाओं की जानकारी मिल सके।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में हैदराबाद के सरदार वल्लभभाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी से आए तीन अनुभवी प्रशिक्षक प्रतिभागियों को प्रशिक्षण दे रहे हैं। पांच दिनों तक चलने वाले इस कार्यक्रम में साइबर अपराध से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी। प्रशिक्षण के दौरान डिजिटल पेमेंट से संबंधित धोखाधड़ी, घटनास्थल से डिजिटल साक्ष्य का संग्रहण और संरक्षण, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से होने वाले अपराधों की जांच, कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) एवं इंटरनेट प्रोटोकॉल डिटेल रिकॉर्ड (आईपीडीआर) का विश्लेषण, डार्क वेब की कार्यप्रणाली तथा क्रिप्टोकरेंसी से जुड़े अपराधों की जांच जैसे विषयों पर जानकारी दी जाएगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम में झारखंड पुलिस की विभिन्न इकाइयों से आए आरक्षी, सहायक अवर निरीक्षक, अवर निरीक्षक और पुलिस निरीक्षक स्तर के अधिकारी भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण के माध्यम से उन्हें साइबर अपराधों की पहचान, तकनीकी साक्ष्यों के विश्लेषण और डिजिटल जांच प्रक्रियाओं की व्यावहारिक जानकारी भी दी जाएगी। पुलिस अधिकारियों का मानना है कि इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम साइबर अपराधों के बढ़ते मामलों की प्रभावी जांच में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## झारखंड में गर्मी और उमस से लोग परेशान, 11 को बारिश की संभावना

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** राजधानी रांची सहित राज्य के अधिकांश हिस्सों में सोमवार को गर्मी और उमस से लोग परेशान रहे। राज्य के कुछ इलाकों में हुई बारिश के कारण राहत रही, लेकिन बाकी हिस्सों में प्रचंड गर्मी महसूस की गई। मौसम विभाग ने 11 जून को राज्य के उत्तर पूर्वी और इससे सटे मध्यवर्ती हिस्सों में बारिश और आकाशीय बिजली गिरने की संभावना व्यक्त की है। साथ ही इस दौरान 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज आंधी भी चल सकती है। इसे लेकर मौसम विभाग की ओर से ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

**एक दो दिनों में पश्चिम बंगाल पहुंचेगा मानसून :** दक्षिणी पश्चिमी मानसून देश के पश्चिम मध्यवर्ती और पूर्वी मध्यवर्ती अरब सागर, महाराष्ट्र, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के कुछ हिस्सों में पहुंच गया है। इसके अगले एक-दो दिनों में पश्चिम बंगाल, छत्तीसगढ़ और ओड़िशा में पहुंचने को लेकर परिस्थितियां बनी हुई हैं। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में सबसे अधिक बारिश देवघर जिले के सिकटिया में 39.4 मिलीमीटर रिकॉर्ड की गई। इस दौरान राज्य में सबसे अधिक तापमान डाल्टनगंज में 40.9 डिग्री और सबसे कम तापमान गुमला में 22.6 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया।

## संतोष कॉलेज में तीन दिवसीय विशेष व्याख्यान श्रृंखला का हुआ शुभारंभ

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** संतोष कॉलेज ऑफ टीचर्स ट्रेनिंग एंड एजुकेशन में तीन दिवसीय विशेष व्याख्यान श्रृंखला (लेक्चर सीरीज) का शुभारंभ हुआ। यह व्याख्यान श्रृंखला 10 जून 2026 तक चलेगी। इसमें शिक्षा, समाज और कानून से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर गहन चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम के पहले दिन मुख्य अतिथि के रूप में रांची विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. सरोज शर्मा उपस्थित थीं।

उन्होंने कहा कि भावी शिक्षकों के लिए ऐसे सत्र बेहद जरूरी हैं। शैक्षणिक संस्थानों में नियमित व्याख्यान श्रृंखलाओं से छात्रों का दृष्टिकोण व्यापक होता है। उन्हें किताबी ज्ञान से परे व्यावहारिक दुनिया को समझने में मदद मिलती है। विशिष्ट अतिथि झालसा की सदस्य सचिव रंजना अस्थाना ने छात्रों को जागरूक करते हुए समाज में कानूनी साक्षरता और अधिकारों के महत्व पर अपने विचार साझा किए। कॉलेज की निदेशिका डॉ. रश्मि ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम के पहले दिन कॉलेज के प्राध्यापक, कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। व्याख्यान श्रृंखला के अगले दो दिनों में भी विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ अपने विचार साझा करेंगे।

## फायरिंग कांड का खुलासा, दो आरोपित गिरफ्तार, देसी पिस्टल और बाइक बरामद

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** रांची जिले के पिठोरिया थाना क्षेत्र में हुई फायरिंग की घटना का खुलासा करते हुए पुलिस ने दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपितों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त 7.65 एमएम की देसी पिस्टल, एक जिंदा कारतूस और मोटरसाइकिल भी बरामद की है। पुलिस के अनुसार, यह घटना पुरानी रंजिश और एक हत्या मामले में गवाही को लेकर हुए विवाद का परिणाम है। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक गौरव गोस्वामी ने सोमवार को आयोजित प्रेस वार्ता में बताया कि दो जून की शाम करीब छह बजे कोकदोरो निवासी फिरोज अंसारी ने पिठोरिया थाना में शिकायत दर्ज कराई थी,जिसमें कहा गया था कि मोटरसाइकिल सवार दो युवकों ने उन्हें जान से मारने की नीयत से गोली चलाई, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी।

मामले की गंभीरता को देखते हुए रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एक विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। तकनीकी साक्ष्यों, स्थानीय सूचना तंत्र और पुलिस जांच के आधार पर टीम ने कार्रवाई करते हुए मामले के मुख्य आरोपित शोएब अंसारी उर्फ जुनुवा अंसारी (23) और अफसर अंसारी (22) को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान दोनों आरोपितों ने पुलिस को महत्वपूर्ण जानकारी दी। उनकी निशानदेही पर पुलिस ने घटना में इस्तेमाल की गई 7.65 एमएम की देसी पिस्टल, एक जिंदा कारतूस तथा मोटरसाइकिल बरामद की। बरामद हथियार को जब्त कर पुलिस ने फॉरेंसिक जांच की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। जांच में यह तथ्य सामने आया कि वर्ष 2022 में फिरोज अंसारी के भतीजे की हत्या हुई थी। उस मामले में गिरफ्तार आरोपित अफसर अंसारी भी नामजद था। पुलिस के अनुसार, उसी मामले में गवाही और पुराने विवाद को लेकर दोनों पक्षों के बीच लंबे समय से तनाव बना हुआ था।

### 26 जून से शुरू होगी सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा

**रांची।** श्री कृष्ण सत्संग महिला समिति (न्यू मधुकम, चुना भट्ठा रोड नंबर-5, गोपाल मंदिर के पीछे) के तत्वावधान में 26 जून से सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। कथा का समापन 2 जुलाई को होगा। आयोजन न्यू मधुकम रोड नंबर-5 स्थित मैदान में किया जाएगा।



समिति की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि वृंदावन के प्रसिद्ध कथावाचक कन्हैया पांडे श्रद्धालुओं को श्रीमद्भागवत कथा का अमृतपान कराएंगे। बैठक की अध्यक्षता डौली वर्मा ने की, जबकि धन्यवाद ज्ञापन शिव किशोर शर्मा ने किया। समिति की अध्यक्ष डौली वर्मा ने बताया कि क्षेत्र में पहली बार महिलाओं के नेतृत्व में सात दिवसीय भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथा की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं और समिति की महिलाएं घर-घर जाकर श्रद्धालुओं को आमंत्रित कर रही हैं। उन्होंने बताया कि मोहल्ले के सभी लोगों का आयोजन को लेकर भरपूर सहयोग और मार्गदर्शन मिल रहा है। समिति के मीडिया सलाहकार शिव किशोर शर्मा ने बताया कि कथावाचक कन्हैया पांडे का 25 जून को रांची आगमन होगा, जहां उनका भव्य स्वागत किया जाएगा। बैठक में संध्या देवी, गुड़िया देवी, सुभद्रा देवी, ललिता देवी, रूबी देवी, निर्मला देवी, शिल्पी देवी, श्रेया गुप्ता, पूनम देवी, बेबी देवी, इंदु देवी, नीतू वर्मा, सोनी देवी, सिंधु वर्णवाल, कमलेश शर्मा, नवीन ठाकुर, अमन वर्मा, शुभम वर्मा, दीपक कुमार, अभिषेक वर्मा, सुबोध शर्मा, अनूप गुप्ता, मनीष पाठक सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### जेसीआई रांची ने स्पीक टू लीड प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया

**रांची।** जेसीआई रांची ने नौवीं से बारहवीं कक्षा के छात्रों के लिए स्पीक टू लीड प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन संस्थाा के कार्यालय में किया गया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों को मंच पर बोलने के डर से उबरने, प्रभावी पब्लिक स्पीकिंग की कला सीखने और आत्मविश्वास के साथ अपनी बात रखने के विभिन्न पहलुओं की जानकारी दी गई।



प्रशिक्षकों ने बताया कि बेहतर संवाद कौशल न केवल स्कूल स्तर की वाद-विवाद प्रतियोगिताओं, समूह चचाओं एवं प्रस्तुतियों में सहायता करता है, बल्कि भविष्य में कॉलेज प्रवेश एवं नौकरी के साक्षात्कारों में भी विद्यार्थियों को प्रतिस्पर्धात्मक बढ़त प्रदान करता है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को नेतृत्व क्षमता विकसित करने, निर्णय लेने की योग्यता बढ़ाने, टीम प्रबंधन की समझ विकसित करने और अकादमिक एवं व्यावसायिक जीवन में बेहतर संचार के महत्व से भी अवगत कराया गया। कार्यक्रम में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में जोन ट्रेनर सीए अभिषेक केडिया और सीए निखिल अग्रवाल मौजूद थे। कार्यक्रम में अध्यक्ष अभिषेक जैन, सचिव साकेत अग्रवाल, आदित्य जालान (वीपी-ट्रेनिंग), ऋषभ अग्रवाल (डायरेक्टर-ट्रेनिंग), अभिनव अनूप गर्ग (प्रोजेक्ट चेयरमैन), जेजे आद्यंत टांटिया (जेजे चेयरमैन) उपस्थित रहे। यह जानकारी प्रवक्ता रवि सामोता ने दी।

### बड़गाई जमीन घोटाले से जुड़े धन शोधन मामले में डिस्चार्ज याचिका खारिज

**रांची।** बड़गाई क्षेत्र में 8.86 एकड़ जमीन से जुड़े कथित फर्जीवाड़ा और उससे संबंधित मनी लॉन्ड्रिंग मामले में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को अदालत से राहत नहीं मिली है। धन शोधन निवारणअधिनियम (पीएमएलए) की विशेष अदालत ने उनकी डिस्चार्ज पिटीशन को खारिज कर दिया है, जिससे यह मामला अब आगे की कानूनी कार्यवाही की दिशा में बढ़ गया है। विशेष पीएमएलए अदालत के जज योगेश कुमार ने सोमवार को यह आदेश सुनाया। इससे पहले तीन जून को दोनों पक्षों प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और बचाव पक्ष की दलीलें पूरी हो चुकी थीं। सुनवाई के बाद अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था, जिसे अब सुनाया गया है। दरअसल, मुख्यमंत्री की ओर से दाखिल डिस्चार्ज याचिका में कहा गया था कि उनके खिलाफ लगाए गए आरोप आधारहीन हैं और वे इस मामले में निर्दोष हैं। याचिका में यह भी दावा किया गया था कि ईडी के पास ऐसे कोई ठोस साक्ष्य नहीं हैं, जो उन्हें अपराध से सीधे जोड़ सकें। बचाव पक्ष ने इसे राजनीतिक और कानूनी रूप से कमजोर मामला बताते हुए आरोपमुक्त करने की मांग की थी। हालांकि विशेष अदालत ने बचाव पक्ष की दलीलों को स्वीकार नहीं किया और यह माना कि इस स्तर पर आरोपों को समाप्त करने का कोई पर्याप्त आधार नहीं है। अदालत के अनुसार मामले में आगे विचारण (ट्रायल) के लिए पर्याप्त सामग्री मौजूद है, इसलिए याचिका खारिज कर दी गई।

# सरला बिरला विश्वविद्यालय में समर इंटर्नशिप का शुभारंभ

**चयनित विद्यार्थियों को प्रतिमाह 2000 रुपये की मिलेगी फेलोशिप**

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय में आदित्य बिरला समर इंटर्नशिप प्रोग्राम 2026 का शुभारंभ 8 जून से शुरू हुआ। जेन जी के सशक्तिकरण के उद्देश्य से शुरू किया गया यह कार्यक्रम प्रयोगात्मक एवं प्रोजेक्ट-आधारित शिक्षण पद्धति पर आधारित है। कार्यक्रम 31 जुलाई 2026 तक संचालित होगा। समकालीन और अत्यंत महत्वपूर्ण विषयों को केंद्र में रखकर तैयार किए गए इस कार्यक्रम में विभिन्न संस्थानों के चयनित छात्र-छात्राएं भाग ले रहे हैं। कार्यक्रम में चयनित विद्यार्थियों को प्रतिमाह 2000 रु की फेलोशिप राशि दी जाएगी। इंटर्नशिप में बहुमुखी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी को 2000 की अतिरिक्त राशि पुरस्कार स्वरूप प्रदान की जाएगी।

विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों के विद्यार्थियों के साथ-साथ निर्मला कॉलेज एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी विवि जैसे प्रतिष्ठित क्षेत्रीय शिक्षण संस्थानों के प्रतिभाशाली छात्र भी इस कार्यक्रम का हिस्सा बने हैं। विद्यार्थियों को पीडी एंड लाइफ स्किल, स्पोर्ट्स, योगा एवं गेम्स से लेकर आईओटी, डिजिटल मीडिया, ड्रोन एंड रोबोटिक्स, फिनटेक, इंटरनेट वेब एंड नेटवर्क एवं ग्रुप प्रोजेक्ट की जानकारी इंटर्नशिप के दौरान प्रदान की जाएगी।

कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर एसबीयू के कुलपति प्रो. सी. जगनाथन ने भारत के विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में प्रौद्योगिकी, आधारभूत संरचना, मजबूत अर्थव्यवस्था और मानव विकास की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सरला बिरला विश्वविद्यालय विद्यार्थियों को स्थानीय स्तर पर स्वच्छ एवं हरित वातावरण में इन महत्वपूर्ण कौशलों को सीखने का अवसर प्रदान कर रहा है। उन्होंने कार्यक्रम को साकार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले राज्यसभा सांसद एवं निदेशक, प्लानिंग एंड डेवलपमेंट डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा के दूरदर्शी नेतृत्व की सराहना की। विश्वविद्यालय के महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक ने प्रसिद्ध उद्योगपति आदित्य बिरला की प्रेरणादायी विरासत का उल्लेख करते हुए विद्यार्थियों से इस प्रतिष्ठित नाम की गरिमा बनाए रखने का आान किया। उन्होंने प्रतिभागियों को कृत्रिम बुद्धिमत्ता, साइबर सुरक्षा, वित्तीय प्रबंधन और भारतीय ज्ञान परंपरा जैसे विविध विषयों पर आधारित कार्यक्रम का अधिकतम लाभ उठाने और समय प्रबंधन में अनुशासन बनाए रखने की सलाह दी।

## स्वर्णकार समाज व ज्वेलर्स एसोसिएशन की हुई समीक्षा बैठक

प्रातः नागपुरी संवाददाता



**रांची।** अखिल भारतीय स्वर्णकार समाज एवं ज्वेलर्स एसोसिएशन झारखंड प्रदेश की समीक्षा बैठक स्थानीय होटल में हुई। इसमें परिचय सह सम्मान समारोह एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विभिन्न पदधारियों को जिम्मेदारी सौंपी गईं।

प्रदेश अध्यक्ष गोपाल प्रसाद सोनी ने कहा कि समाज की एकता, संगठन की मजबूती और स्वर्णकार समाज के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से आयोजित यह कार्यक्रम ऐतिहासिक एवं यादगार होगा।

बैठक में जानकारी दी गई कि कार्यक्रम के मुख्य एवं विशिष्ट अतिथि 13 जून को रांची पहुंचेंगे। मुख्य आयोजन 14 जून को होटल ब्लू शिवालिक, रेलवे स्टेशन के समीप आयोजित होगा।

कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार के लिए होर्डिंग एवं बैनर लगाने की जिम्मेदारी रमेश बाली, सुनील पोद्दार और गोपाल प्रसाद सोनी को सौंपी गई है। कार्यक्रम स्थल की व्यवस्था एवं संचालन का दायित्व पंकज सोनी, मनोज सोनी और त्रिभुवन प्रसाद को दिया गया है। बैठक में प्रदेश महामंत्री विनोद वर्मा, कोषाध्यक्ष शंभू प्रसाद, राजेश सोनी, अजय प्रसाद पिंटू, दिनेश प्रसाद, रविन्द्र नाथ साहू सहित कई पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे। अजय प्रसाद पिंटू ने धन्यवाद किया।

# विद्यालय-संस्थान स्तर पर छात्रवृत्ति के लंबित प्रविष्टि का कार्य पूर्ण कराएं

**आधार लिंक कराने के लिए कैम्प आयोजित करें**

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**लोहरदगा।** उपायुक्त संदीप कुमार मीना की अध्यक्षता में कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक समाहरणालय सभाकक्ष में सोमवार को हुई। इसमें उपायुक्त ने प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना 2025-26 अंतर्गत आइएनओ स्तर पर छात्र-छात्राओं की लंबित प्रविष्टि का कार्य पूर्ण कराने का का आदेश दिया। प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना 2026-27 में जिन छात्र-छात्राओं का आधार लिंक नहीं होने की वजह से वेरिफिकेशन का काम नहीं हो पा रहा है, उनके लिए विद्यालयों में शिविर लगाकर आधार वेरिफिकेशन का कार्य पूर्ण कराने का आदेश दिया। पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति 2024-25 व 2025-26 अंतर्गत लंबित आवेदन संस्थान स्तर व जिला कल्याण पदाधिकारी स्तर पर भी स्वीकृत कर जिला स्तरीय समिति के समक्ष प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना 2025-26 के एमआइएस प्रविष्टि की भी समीक्षा की गयी। प्री-मैट्रिक व पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजनाओं के लिए निर्धारित महत्वपूर्ण तिथियों की जानकारी सभी संबंधित संस्थानों/विद्यालयों को दिये जाने का निर्देश दिया गया। वित्तीय वर्ष 2025-26 में पीएसी द्वारा अनुमोदित योजनाओं का वित्तीय एवं भौतिक प्रतिवेदन की समीक्षा की गयी। इसमें अनुसूचित जनजाति मध्य विद्यालय पेशरार, अनुसूचित जनजाति आवासीय मध्य विद्यालय तुईमुपाट, आश्रम विद्यालय परहेपाट में संचालित योजनाएं एक माह में पूर्ण करने का आदेश संबंधित एजेंसी को दिया। एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय खरकी किस्को में पहुंच पथ का निर्माण कार्य 10 दिनों में पूर्ण करने का निर्देश संबंधित एजेंसी को दिया गया। पीएमजेवीके अंतर्गत चयनित योजनाओं में संबंधित विद्यालय प्रबंधन समितियों को कार्य प्रारंभ कराने का आदेश दिया गया। अरेया किस्को में मल्टी विलेज स्कीम में संबंधित समितियों को प्रशिक्षण उपरांत लाभुकों से निर्धारित शुल्क प्राप्त कराये जाने का निर्देश कार्यपालक अभियंता पीएचईडी को दिया गया। मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना में प्राप्त आवेदनों को जिला स्तरीय समिति के समक्ष उपस्थापित किये जाने का आदेश दिया गया। पीएमजनमन अंतर्गत किस्को, पेशरार एवं सेन्हा में एमपीसी निर्माण की समीक्षा की गई।

# युवक की संदिग्ध मौत, जांच में जुटी पुलिस

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**पूर्वी सिंहभूम।** गोलमुरी थाना क्षेत्र के गाढ़ाबासा स्थित मदन चक्की के समीप रविवार रात एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। मृतक की पहचान फ्रांसिस बाकची उर्फ सोनू के रूप में की गई है। घटना की सूचना मिलते ही गोलमुरी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए एमजीएम मेडिकल कॉलेज भेज दिया। पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार फ्रांसिस बाकची गाढ़ाबासा में स्वर्गीय कामेश्वर झा के मकान में किराये पर रह रहा था। स्थानीय लोगों और परिजनों ने बताया कि उसकी शादी परसुडीह के करनडीह क्षेत्र की एक युवती से होने वाली थी, जिसकी तैयारियां भी चल रही थीं। बताया जाता है कि वह पहले भी वैवाहिक संबंध में रह चुका था, जो बाद में समाप्त हो गया था। परिजनों के मुताबिक फ्रांसिस पिछले कुछ महीनों से आर्थिक तंगी, पारिवारिक जिम्मेदारियों और आगामी शादी के खर्चों को लेकर काफी तनाव में था। आर्थिक व्यवस्था करने के लिए उसने अपनी मारुति डिजायर कार बेचने की कोशिश की थी और बाद में करीब दो लाख रुपये में वाहन बेच दिया था। वह पहले एयरबेस लॉजिस्टिक्स में कार्यरत था और वर्तमान में गम्हरिया स्थित बीएमडब्ल्यू आईएसएल के यार्ड में काम कर रहा था। घटना के बाद परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक अपने पीछे एक भाई और एक बहन को छोड़ गया है।

## संक्षिप्त

### भर्ती कैंप में 20 अभ्यर्थियों को मिला ऑन-द-स्पॉट ऑफर लेटर



**गढ़वा।** जिला नियोजन कार्यालय के तत्वावधान में सोमवार को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई), हंसकेर परिसर में पीएम प्रशिक्षुता मेला-सह-भर्ती कैंप का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 5 प्रतिष्ठानों ने भाग लिया। इन प्रतिष्ठानों ने 645 अप्रेंटिसशिप ट्रैनिंग/रोजगार रिक्तियां उपलब्ध कराई गईं। मेले में 137 अभ्यर्थियों ने भाग लिया, जिनमें 12 महिला अभ्यर्थी भी शामिल थीं। विभिन्न प्रतिष्ठानों द्वारा 23 अभ्यर्थियों का शॉर्टलिस्टिंग किया गया, जबकि 20 अभ्यर्थियों को ऑन-द-स्पॉट ऑफर लेटर दिया गया। जिला नियोजन पदाधिकारी पंकज कुमार गिरि ने बताया यह जानकारी दी।

### मनरेगा कर्मियों को तीन दिनों में कार्य पर लौटने का अंतिम निर्देश



**गढ़वा।** जिला प्रशासन ने हड़ताल पर गए मनरेगा कर्मियों को तीन दिनों में कार्य पर लौटने का अंतिम निर्देश जारी किया है। यह निर्देश उप विकास आयुक्त-सह-अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक प्रेमलता मुर्मू ने जारी किया है।
जारी आदेश में कहा गया है कि मनरेगा एक मांग आधारित योजना है, जिसके तहत ग्रामीण परिवारों द्वारा कार्य की मांग किए जाने पर निर्धारित प्रावधानों के अनुसार 15 दिनों के भीतर रोजगार उपलब्ध कराना अनिवार्य है। जिले में कार्यरत कुछ मनरेगा कर्मियों के मार्च 2026 से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर रहने के कारण योजना के प्रभावी संचालन में गंभीर कठिनाइयां उत्पन्न हो रही हैं। जिला प्रशासन ने हड़तालरत सभी मनरेगा कर्मियों को पुनः निर्देशित किया है कि वे पत्र निर्गत होने की तिथि से तीन दिनों के भीतर अपनी सेवा में वापस लौटना सुनिश्चित करें। यदि निर्धारित अवधि के भीतर कर्मी सेवा पर वापस नहीं आते हैं, तो उनके विरुद्ध विधि-सम्मत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# पलाश दीदी कैफे परिसर में आम महोत्सव सह बिक्री का शुभारंभ

**उपायुक्त ने विभिन्न स्टॉल का किया निरीक्षण**

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**लोहरदगा।** उपायुक्त संदीप कुमार मीना ने सोमवार को पलाश दीदी कैफे परिसर में 10 दिवसीय आम महोत्सव का उद्घाटन किया। उपायुक्त ने विभिन्न स्टॉल का निरीक्षण कर किसानों एवं उत्पादक समूहों द्वारा प्रदर्शित आम की विभिन्न किस्मों का अवलोकन किया। उन्होंने किसानों को बेहतर गुणवत्ता के फल उत्पादन, आधुनिक बागवानी तकनीकों के उपयोग और बाजार की मांग के अनुरूप उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। उपायुक्त ने कहा कि जिला प्रशासन किसानों को उनके उत्पादों के लिए बेहतर बाजार उपलब्ध कराने की दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है। आम महोत्सव का उद्देश्य किसानों को सीधे उपभोक्ताओं से जोड़ना और उनके उत्पादों का उचित मूल्य दिलाना सुनिश्चित करना है। उन्होंने कहा कि जिला स्तर पर किए जा रहे मार्केट लिंकेज प्रयासों से किसानों को अपने उत्पादों की बेहतर कीमत प्राप्त हो रही है। जिले के आम अन्य जिलों के बाजारों तक भी पहुंच रहे हैं। उपायुक्त ने कहा कि इस आम बाजार में स्टाल मे रखे हुए आम को पकाने में किसी रसायन का इस्तेमाल नहीं हुआ है, जो मानव स्वास्थ्य की दृष्टि से अच्छा है। साथ ही, आम उत्पादन के लिए समय-समय पर पौध संरक्षण एवं बागवानी संबंधी आवश्यक तकनीकी उपाय अपनाना जरूरी है। उन्होंने बताया कि लाभुकों, बागवानी सखियों एवं मनरेगा कर्मियों को नियमित रूप से प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है, ताकि वैज्ञानिक पद्धति से बागवानी को बढ़ावा मिले और किसानों की आय में वृद्धि हो सके। मेले में जिले के सभी 7 प्रखंडों के किसानों तथा जेएसएलपीएस से जुड़े 06 किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) ने भाग लिया। शहरवासियों ने मेले में पहुंचकर किसानों से सीधे आम की खरीदारी की। अवसर पर उप विकास आयुक्त राज महेश्वरम, सांसद महोदय के निजी सचिव आलोक साहू, जिला कार्यक्रम प्रबंधक (जेएसएलपीएस) संजय गुप्ता सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### साधन रवानी के शहादत दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन



**धनबाद।** छोटा नगरी स्थित शहीद साधन रवानी चौक में श्रद्धांजलि सभा के साथ रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें उपस्थित अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा के युवा प्रदेश अध्यक्ष ने साथियों के साथ रक्तदान किया। युवा प्रदेश अध्यक्ष अकाश रवानी ने बताया कि शहीद साधन रवानी सामाजिक कार्य में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेते थे। उन्होंने झारखंड आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाने का काम किया। रक्तदान शिविर हमेशा जरूरतमंदों को रक्त मुहैया कराने का काम करता है। युवा रक्तदान करें। यह एक स्वस्थ प्रक्रिया है। रक्तदान महादान है। मौके पर मुख्य रूप से पुरुषोत्तम रंजन, अमरजीत कुमार, कुणाल कुमार, जीराखान सिंह, एवं अन्य सैकड़ों लोक उपस्थित थे।

### युवक को ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया गया



**देवघर।** जिले के जसीडीह थाना क्षेत्र में एक युवक को ब्राउन शुगर के साथ गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने आरोपी के पास से 12.02 ग्राम ब्राउन शुगर और एक मोबाइल फोन बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक को 7 जून को गुप्त सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति भागलपुर से आने वाली बस के जरिए ब्राउन शुगर लेकर देवघर पहुंचा है। साई विकास नगर स्थित मनोकामना साई मंदिर के सामने, बांका मुख्य सड़क के पास संदिग्ध अवस्था में घूम रहा है। सूचना के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (सदर) के नेतृत्व में एक विशेष जांच दल (एसआईटी) का गठन किया गया। गठित टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बताए गए स्थान पर छापेमारी की। इस दौरान संदिग्ध युवक को हिरासत में लेकर उसकी विधिवत तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान उसके पास से 12.02 ग्राम ब्राउन शुगर बरामद किया गया। गिरफ्तार युवक की पहचान छोटु कुमार (22 वर्ष, पिता लालू मंडल, निवासी सबोर थाना क्षेत्र, जिला भागलपुर, बिहार) के रूप में हुई है। छापेमारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (सदर), जसीडीह थाना प्रभारी दीपक कुमार, तकनीकी शाखा प्रभारी संदीप कृष्णा, बाबा मंदिर थाना के प्रियरंजन कुमार, जसीडीह थाना के राजेश कुमार झा समेत तकनीकी कोषांग और सशस्त्र बल के जवान शामिल थे। पुलिस ने कहा है कि जिले में नशे के कारोबार के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा और इसमें संलिप्त लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### आम की बिक्री के लिए लगाए गए स्टॉल का उपायुक्त ने किया उद्घाटन

**सरायकेला।** मनरेगा के तहत संचालित योजना से जुड़े किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य दिलाने के लिए यह पहल की गई है। इस मौके पर उप विकास आयुक्त रीना हांसदा, जेएसएलपीएस के जिला कार्यक्रम प्रबंधक पंकज कुमार समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। उपायुक्त ने कहा कि प्रशासन का लक्ष्य किसानों को उत्पादन से लेकर विपणन तक पूरा सहयोग देना है, ताकि बिचौलियों पर निर्भरता खत्म हो और किसानों को सीधा लाभ मिले। बिरसा हरित ग्राम योजना के तहत जिले में फलदार पौधों के रोपण और बागवानी को बढ़ावा दिया जा रहा है। इससे ग्रामीण परिवारों के लिए स्थायी आजीविका के अवसर बन रहे हैं। जिले में कुल आठ जगहों पर आम बिक्री स्टॉल लगाए गए हैं, जहां स्थानीय किसानों के उत्पादित गुणवत्तापूर्ण आम निर्धारित दर पर आम लोगों को मिल रहे हैं। उपायुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि स्टॉलों का संचालन मांग और खपत के अनुसार हो। प्रखंड और जिला स्तर से बिक्री, मूल्य, गुणवत्ता और किसानों की भागीदारी की निगरानी की जाए। स्थानीय आम की किस्मों के प्रचार-प्रसार के लिए समन्वय से काम करने को कहा।

# वेतन प्रणाली में सुधार की मांग को लेकर शिक्षकों ने सौंपा ज्ञापन

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**पलामू।** अजाप्टा पलामू महासचिव अमरेश कुमार सिंह के नेतृत्व में जिला कार्यकारिणी के पदधारियों ने जिला शिक्षा अधीक्षक को ज्ञापन देकर वेतन प्रणाली में सुधार की मांग की। इसकी कॉपी उपायुक्त और कोषागार पदाधिकारी को भी दी। औपचारिक वार्ता में शिक्षकों ने बताया कि पद और प्रोफाईल में विसंगतियों के कारण प्रत्येक माह शिक्षकों को वेतन भुगतान में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इससे बच्चों की ट्यूशन फी, बैंक की ईएमआई, शादी विवाह, रोजमर्रा की जरूरतमंद वस्तुओं की कमियों को झेलना पड़ रहा है। यह भी कहा कि पलामू में भीषण गर्मी है। तापमान 40 डिग्री से ऊपर है। शिक्षक डोर टू डोर जाकर जनगणना का काम कर रहें हैं। पसीना बहा रहे हैं, लेकिन शाम को घर खाली हाथ जाना पड़ता है। यद्यपि संघ के प्रयास और आपके सहयोग से देर से ही सही, लेकिन वेतन का भुगतान होता गया है। हालांकि, स्थायी समाधान होनी चाहिये, ताकि शिक्षकों को भविष्य में आर्थिक परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। डीएसई ने कहा कि आज ही पद और प्रोफाइल में वांछनीय सुधार कर वित्त विभाग को भेजा जाएगा, ताकि अब इस मुद्दे को लेकर शिक्षक परेशान नहीं रहें। इस अवसर पर वरीय उपाध्यक्ष रामानुज प्रसाद, वरीय संयुक्त सचिव विनय कुमार मांझी, पांडु प्रखंड अध्यक्ष अजय कुमार, पडंवा प्रखंड के नंद कुमार मेहता भी मौजूद थे।

# साकची गुरुद्वारा के कोषाध्यक्ष जसबीर सिंह गांधी का निधन, शोक की लहर

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**पूर्वी सिंहभूम।** गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी साकची के कोषाध्यक्ष सरदार जसबीर सिंह गांधी का सोमवार को निधन हो गया। वे 65 वर्ष के थे। कुछ दिनों से वे बीमार चल रहे थे और उनका इलाज रायपुर में चल रहा था। अपने पीछे उन्होंने तीन बच्चों का पूरा परिवार छोड़ा है। मिलनसार स्वभाव के जसबीर सिंह गांधी के निधन की सूचना मिलते ही जमशेदपुर के सिख समाज में शोक की लहर दौड़ गई है। गुरुद्वारा प्रबंधक कमिटी साकची के प्रधान सरदार निशान सिंह ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि सरदार जसबीर सिंह गांधी कमिटी के एक बेहद सक्रिय और समर्पित सदस्य थे। उनका सहज और मिलनसार स्वभाव सभी को आकर्षित करता था। उनका अचानक चला जाना पूरे सिख समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। वाहेगुरु उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें। उनका अंतिम यात्रा मंगलवार को उनके आवास से निकलेगी। अंतिम संस्कार मंगलवार सुबह 10:00 बजे किया जाएगा।

# उपायुक्त ने की श्रम और नियोजन विभाग की समीक्षा बैठक

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**हजारीबाग।** उपायुक्त हेमन्त सती की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में श्रम एवं नियोजन विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में श्रम विभाग एवं नियोजन विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों एवं उपलब्धियों की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक के दौरान उपायुक्त ने श्रम विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की प्रगति की जानकारी प्राप्त की तथा असंगठित क्षेत्रों के श्रमिकों एवं प्रवासी मजदूरों के निबंधन कार्य में तेजी लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक श्रमिकों को विभागीय योजनाओं से जोड़कर उनके सामाजिक एवं आर्थिक सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। श्रम अधीक्षक ने बैठक में जानकारी दी कि जिले में अब तक 57,625 असंगठित क्षेत्र के श्रमिकों तथा 17,000 प्रवासी मजदूरों का निबंधन किया जा चुका है। इस पर उपायुक्त ने शेष पात्र श्रमिकों के निबंधन हेतु विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया। साथ ही श्रमिकों के कल्याणार्थ संचालित सभी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने पर बल दिया, ताकि पात्र लाभुक योजनाओं का अधिकाधिक लाभ प्राप्त कर सकें। बैठक में नियोजन विभाग की भी समीक्षा की गई। उपायुक्त ने आगामी 3 जुलाई को आयोजित होने वाले रोजगार मेला की तैयारियों की समीक्षा करते हुए इसके व्यापक प्रचार-प्रसार का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि रोजगार एवं कौशल की तलाश कर रहे युवाओं तक रोजगार मेला की जानकारी पहुंचाई जाए तथा अधिक से अधिक युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। नियोजन पदाधिकारी ने बताया कि अब तक 2,905 बेरोजगार युवाओं का निबंधन किया गया है। इस पर उपायुक्त ने निबंधन की संख्या बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास करने का निर्देश दिया।

# जैक और सीबीएसई के तहत दसवीं, बारहवीं बोर्ड के परिणामों की समीक्षा

**विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं एवं गुणवत्ता सुधार पर विशेष जोर**

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**गढ़वा।** समाहरणालय स्थित सभागार में सोमवार को उपायुक्त पशुपति नाथ मिश्रा की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग से सम्बंधित कार्यों की समीक्षा की गई। इसमें उपायुक्त द्वारा एक-एक कर शिक्षा विभाग के विभिन्न बिंदुओं पर गहन समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में उन्होंने उपस्थित जिला शिक्षा अधीक्षक, बीईईओ एवं सभी बीपीओ, बीपीएम से बारी-बारी शिक्षा विभाग के अंतर्गत चल रही योजनाओं की जानकारी ली। कुछ योजनाओं में प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप कार्य नहीं करने वाले पदाधिकारियों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की गई। कार्य में सुधार लाने के निर्देश दिए गए। कार्य असंतोषजनक होने पर कार्रवाई करने की भी बात कही गई। सभी संबंधित बीईईओ एवं बीपीओ/बीपीएम को नियमित रूप से विद्यालयों का निरीक्षण करने हेतु निर्देशित किया गया। इस के लिए जिला शिक्षा अधीक्षक एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि अपने अधीनस्थ सभी शिक्षा पदाधिकारी एवं कर्मियों का नियमित रूप से उपस्थिति दर्ज संबंधी प्रतिवेदन का निरीक्षण करें एवं संबंधितों का मासिक परिलब्धि भी दर्ज उपस्थिति के अनुरूप ही करें। बैठक के दौरान उपायुक्त द्वारा जिले की समग्र शैक्षणिक प्रगति, कंपोजिट जिला रैंकिंग, छात्र एवं शिक्षक उपस्थिति, आधार एवं अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट, आधारभूत संरचना विकास, निपुण भारत मिशन, पीएम-श्री विद्यालयों का क्रियान्वयन, पलाश कार्यक्रम, पीएम-पोषण (मिड-डे मील) योजना, आईसीटी एवं स्मार्ट क्लास की स्थिति, स्वास्थ्य जांच एवं आयरन-फोलिक एसिड वितरण, सतत व्यावसायिक विकास (सीपीडी) प्रशिक्षण, प्रोजेक्ट रेल के अंतर्गत मासिक मूल्यांकन, यू-डायस एवं एसएमएस रिपोटिंग, एनआईएलपी/उल्लास कार्यक्रम, न्यायालय से संबंधित लंबित मामलों एवं उनके अनुपालन, समग्र शिक्षा के अंतर्गत लंबित अग्रिमों सहित अनेक महत्वपूर्ण बिंदुओं की क्रमवार समीक्षा की गई।

# सुखलदरी वाटर फॉल में डूबने से किशोर की मौत, 18 घंटे बाद मिला शव

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**गढ़वा।** जिले के धुरकी थाना क्षेत्र स्थित प्रसिद्ध पर्यटन स्थल सुखलदरी वाटर फॉल में नहाने के दौरान एक किशोर की डूबने से मौत हो गई। करीब 18 घंटे तक चले खोज अभियान के बाद उसका शव बरामद किया गया। घटना के बाद परिजनों में मातम पसरा हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार, मृतक छोटू कुमार (17 वर्ष, पिता सत्येंद्र साह, निवासी छेछा, थाना बरवाडीह, जिला लातेहार) का रहने वाला था। वह अपने रिश्तेदार के घर डंडई थाना क्षेत्र के सोनेहारा गांव आया हुआ था। रविवार को वह अपने दोस्तों के साथ सुखलदरी वाटर फॉल घूमने गया था। इस दौरान सभी युवक झरने में स्नान कर रहे थे। तभी छोटू गहरे पानी में चला गया और डूब गया। घटना के बाद साथियों ने शोर मचाया, जिसके बाद स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। इसकी सूचना धुरकी थाना पुलिस को दी। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी जनार्दन राउत पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने स्थानीय गोताखोरों की मदद से युवक की तलाश शुरू कराई। काफी मशक्कत के बावजूद देर रात तक उसका कोई सुराग नहीं मिल पाया।
सोमवार को भी खोज अभियान जारी रखा गया। करीब 18 घंटे की लगातार तलाश के बाद युवक का शव झरने के गहरे पानी से बरामद कर लिया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गढ़वा सदर अस्पताल भेज दिया है।
स्थानीय लोगों के अनुसार, सुखलदरी वाटर फॉल में डूबने की यह पहली घटना नहीं है। लगभग एक वर्ष पूर्व खाला गांव के एक युवक की भी यहां नहाने के दौरान मौत हो गई थी।

# उर्वरक बिक्री व्यवस्था को लेकर जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**देवघर।** उपायुक्त सौरभ कुमार भुवानिया की अध्यक्षता में सोमवार को सूचना भवन सभागार में फ्रेमवर्क फॉर फर्टिलाइजर सेल से संबंधित एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में जिले के सभी थोक एवं खुदरा उर्वरक विक्रेताओं ने भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त ने कहा कि देवघर के लिए यह गर्व की बात है कि उर्वरक क्षेत्र में संचालित महत्वाकांक्षी पायलट परियोजना के लिए भारत सरकार ने जिले का चयन किया है। उन्होंने कहा कि इस परियोजना के माध्यम से उर्वरक वितरण और बिक्री व्यवस्था को अधिक सुदृढ़, पारदर्शी और आधुनिक बनाया जा रहा है। इसी उद्देश्य से सभी संबंधित हितधारकों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उपायुक्त ने सभी थोक और खुदरा उर्वरक विक्रेताओं को नए फ्रेमवर्क के नियमों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि डिजिटल प्रणाली और निर्धारित मानकों के अनुरूप ही उर्वरकों की बिक्री की जाए, ताकि जमाखोरी और कालाबाजारी जैसी गतिविधियों पर प्रभावी रोक लगाई जा सके। किसानों को उनकी आवश्यकता के अनुरूप उचित मूल्य पर उर्वरक उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। प्रशिक्षण के दौरान कृषि विभाग के अधिकारियों और तकनीकी विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को फ्रेमवर्क फॉर फर्टिलाइजर सेल के तहत लागू नए नियमों, स्टॉक प्रबंधन, पॉइंट ऑफ सेल मशीन के उपयोग और डिजिटल ट्रैकिंग प्रणाली की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही विक्रेताओं की विभिन्न जिज्ञासाओं और समस्याओं का समाधान भी किया गया। इस अवसर पर डॉ वीणा कुमारी टुडु, राजन ओझा, रोहित कुमार विद्यार्थी, विभिन्न प्रखंडों के कृषि पदाधिकारी, एटीएम, बीटीएम और जिले के थोक एवं खुदरा उर्वरक विक्रेता उपस्थित थे। प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्देश्य उर्वरक बिक्री व्यवस्था को तकनीक आधारित, पारदर्शी और किसान हितैषी बनाना था, जिससे किसानों को समय पर और उचित दर पर उर्वरक उपलब्ध कराया जा सके।



# महावीर मंडल ने सदर अस्पताल को वॉल वॉच भेंट की

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**चाईबासा।** महावीर मंडल, चाईबासा के अध्यक्ष श्री विशाल साव द्वारा आज सदर अस्पताल, चाईबासा में सिविल सर्जन महोदय को एक वॉल वॉच (दीवार घड़ी) भेंट की गई। इस अवसर पर समाजसेवी श्री पंकज यादव भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। यह पहल अस्पताल में समय प्रबंधन को बेहतर बनाने तथा स्वास्थ्य सेवाओं के सुचारू संचालन में सहयोग प्रदान करने के उद्देश्य से की गई। कार्यक्रम के दौरान श्री विशाल साव ने कहा कि समाज और स्वास्थ्य संस्थानों के बीच सहयोग जनहित के कार्यों को अधिक प्रभावी बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि महावीर मंडल हमेशा से सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों में सक्रिय रहा है और आगे भी जनसेवा के लिए निरंतर प्रयास करता रहेगा। इस अवसर पर श्री पंकज यादव ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के प्रत्येक सक्षम व्यक्ति और संस्था को जनहित के कार्यों में बढ़-चढ़कर भागीदारी निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसे छोटे-छोटे सहयोगात्मक प्रयास समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में सहायक सिद्ध होते हैं। सिविल सर्जन महोदय ने महावीर मंडल, इसके अध्यक्ष श्री विशाल साव एवं श्री पंकज यादव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार के सहयोग से अस्पताल प्रशासन को प्रोत्साहन मिलता है तथा समाज और स्वास्थ्य विभाग के बीच बेहतर समन्वय स्थापित होता है।

## संक्षिप्त

### मैथन पुल पर ऑटो और बाइक की टक्कर में युवक की मौत

**धनबाद।** निरसा के मैथन स्थित मुकुल पंप के समीप पुल पर सोमवार को एक सड़क हादसे में एक युवक की जान चली गई। ऑटो और बाइक की आमने-सामने हुई भीषण टक्कर में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर जुट गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, एक टेंपो पुल पर रॉन्ग साइड से आ रहा था। इसी दौरान पश्चिम बंगाल की ओर से तेज रफ्तार में आ रही एक बाइक उससे सीधे टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बाइक सवार युवक ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद पुल पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल मैथन पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम की प्रक्रिया के लिए भेज दिया। समाचार लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी थी। स्थानीय लोगों का कहना है फिलहाल मैथन पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और हादसे के वास्तविक कारणों का पता लगाने में जुटी हुई है।

### मनमाने सैरात वसूली के खिलाफ ऑटो हड़ताल आंदोलन की चेतावनी

**पलामू।** जिले के हरिहरगंज नगर पंचायत क्षेत्र में कथित मनमाने ढंग से सैरात शुल्क वसूली के विरोध में सोमवार को ऑटो रिक्शा चालक संघ के बैनर तले एक दिवसीय हड़ताल का आयोजन किया गया। इस दौरान सैकड़ों ऑटो चालक अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर अररुआ खुर्द मध्य विद्यालय मैदान में एकत्रित हुए और कड़ी धूप के बावजूद पूरे दिन धरने पर डटे रहे। हड़ताल के दौरान चालकों ने आरोप लगाया कि सैरात वसूली में अनियमितताएं बरती जा रही हैं। संघ ने नगर प्रशासन से वाहन पड़ाव शुल्क 24 घंटे में केवल एक बार ही लेने, लिया सैरातधारी के संग्रहकताओं की ओर से लाठी-डंडे सहित अन्य दबावपूर्ण तरीकों का इस्तेमाल बंद करने, वाहन पड़ाव स्थल पर बिजली, पेयजल और शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने, वाहन चालकों के लिए दुर्घटना बीमा एवं सैरात शुल्क में 50 प्रतिशत की रियायत देने की भी मांग की।

# बायोमेट्रिक अटेंडेंस लागू करने के फैसले के खिलाफ सेलकर्मियों का प्रदर्शन

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**पश्चिमी सिंहभूम।** जिले के मेघाहातुबुरु में सोमवार को सेल प्रबंधन की ओर से 15 जून से नियमित कर्मचारियों के लिए बायोमेट्रिक अटेंडेंस मैनेजमेंट सिस्टम (बीएएमएस) लागू करने के निर्णय के विरोध में विभिन्न श्रमिक संगठनों ने संयुक्त मोर्चा के बैनर तले धरना-प्रदर्शन किया। जनरल ऑफिस के समक्ष आयोजित प्रदर्शन में बड़ी संख्या में कर्मचारियों और यूनियन प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया और प्रबंधन के फैसले का विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि बायोमेट्रिक उपस्थिति प्रणाली से संबंधित मामला वर्तमान में न्यायालय में विचाराधीन है। ऐसे में अदालत का अंतिम निर्णय आने से पहले इस व्यवस्था को लागू करने की प्रक्रिया शुरू करना कर्मचारियों के हितों के खिलाफ है। श्रमिक नेताओं ने आरोप लगाया कि प्रबंधन कर्मचारियों की आपत्तियों और न्यायिक प्रक्रिया की अनदेखी कर जल्दबाजी में इसे लागू करना चाहता है। धरना के दौरान किरीबुरु-मेघाहातुबुरु सेल अस्पताल की बदहाल स्वास्थ्य सुविधाओं का मुद्दा भी प्रमुखता से उठाया गया। कर्मचारियों ने अस्पताल में महिला रोग विशेषज्ञ, ईएनटी विशेषज्ञ, हड्डी रोग विशेषज्ञ और सर्जन जैसे महत्वपूर्ण चिकित्सकों की नियुक्ति की मांग की। साथ ही गंभीर मरीजों के रेफरल में होने वाली परेशानियों को दूर करने की भी मांग रखी गई। संयुक्त मोर्चा ने चेतावनी दी कि यदि कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। प्रदर्शन में अफताब आलम, इंतखाब आलम, दयानंद कुमार, गुंजन कुमार, बीरबल गुड़िया, अनिल टोपनो, इलियास चाम्पिया, धनीराम लकड़ा, एसपी गुप्ता, अर्जुन पूर्ति, संतोष पांडा समेत विभिन्न श्रमिक संगठनों के पदाधिकारी और बड़ी संख्या में सेलकर्मी उपस्थित थे।

### जुबली तालाब का नियमित रखरखाव की व्यवस्था की जाए : त्रिशानु राय



**चाईबासा।** जुबली तालाब,चाईबासा का नियमित रखरखाव की व्यवस्था किए जाने की मांग को लेकर प०सिंहभूम जिला के कांग्रेस प्रवक्ता सह सामाजिक त्रिशानु राय ने सोमवार को नगर परिषद,चाईबासा के कार्यपालक पदाधिकारी संतोषनी मुर्मू को पत्र लिखा है। मांग पत्र में त्रिशानु राय ने कहा कि शहर में स्थित ऐतिहासिक एवं सार्वजनिक महत्व का जुबली तालाब वर्तमान समय में अत्यंत दयनीय स्थिति में पहुंच चुका है। तालाब तथा परिसर के सौंदर्यीकरण का कार्य टाटा स्टील द्वारा सीएसआर के तहत किया था, तालाब में विभिन्न जगहों पर वाटर फॉउंटेन , लाईट , फिल्टर आदि अधिष्ठापित किया गया था, वर्तमान में यह सब बंद पड़ी हो गई है। वहीं परिसर में अधिष्ठापित अधिकांश स्टेच्यू भी खंडित हो गई है। इसका संचालन नगर परिषद, चाईबासा द्वारा किया जाता है। तालाब में अत्यधिक जलकुंभी एवं जंगली घास फैल जाने के कारण जलस्रोत सिकुड़ता जा रहा है तथा जल प्रदूषित हो रहा है। तालाब में गंदगी एवं अव्यवस्था के कारण इसकी प्राकृतिक सुंदरता एवं उपयोगिता दोनों प्रभावित हो रही है। यह तालाब शहरवासियों के लिए पर्यावरणीय संतुलन, जल संरक्षण तथा सौंदर्य का महत्वपूर्ण केंद्र रहा है। किंतु वर्तमान में इसके रखरखाव के अभाव में स्थिति चिंताजनक हो गई है। यदि समय रहते आवश्यक कदम नहीं उठाए गए तो भविष्य में तालाब का अस्तित्व संकट में पड़ सकता है। श्री राय ने आगे मांग पत्र में कहा कि जुबली तालाब के संरक्षण एवं सौंदर्यीकरण हेतु तालाब से जलकुंभी एवं जंगली वनस्पतियों की नियमित सफाई कराई जाए। तालाब की गहराई बनाए रखने हेतु गाद निकासी कराई जाए। तालाब का नियमित रखरखाव की व्यवस्था की जाए। स्थानीय प्रशासन द्वारा स्थायी निगरानी एवं संरक्षण योजना बनाई जाए। उन्होंने कहा कि नगर परिषद ,चाईबासा के सकारात्मक हस्तक्षेप से जुबली तालाब पुन:अपनी स्वच्छ एवं सुंदर पहचान प्राप्त कर सकेगा तथा शहरवासियों को इसका लाभ मिलेगा। उन्होंने पत्र की प्रतिलिपि नगर परिषद,चाईबासा के अध्यक्ष नितिन प्रकाश को भी सूचनार्थ प्रेषित किया है।

### मुख्यमंत्री सचिवालय से एसीबी तक पहुंची शिकायत शिक्षा विभाग में कथित अनियमितताओं की जांच शुरू

**चाईबासा।** स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग से जुड़े एक बहु-प्रखंडीय प्रभार मामले में कथित वित्तीय एवं प्रशासनिक अनियमितताओं की शिकायत पर राज्य स्तर पर कार्रवाई शुरू हो गई है। मुख्यमंत्री सचिवालय और भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो दोनों ने मामले का संज्ञान लेते हुए संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।
चक्रधरपुर निवासी सामाजिक कार्यकर्ता एवं सूचना अधिकार कार्यकर्ता बैरम खान द्वारा दायर शिकायत में शिक्षा विभाग के एक पदाधिकारी के कार्यकाल के दौरान विभिन्न विद्यालयों एवं प्रखंडों में हुए वित्तीय और प्रशासनिक कार्यों की निष्पक्ष जांच की मांग की गई है। बैरम खान के अनुसार, मुख्यमंत्री सचिवालय ने पत्रांक संख्या 2702410, दिनांक 23 अप्रैल 2026 के माध्यम से मामले को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखंड, रांची को भेजते हुए आवश्यक कार्रवाई करने तथा की गई कार्रवाई की जानकारी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। वहीं, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने भी शिकायत को संज्ञान में लेते हुए परिवाद संख्या 246/2026, दिनांक 09 मई 2026 दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। अउइ द्वारा इस संबंध में स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग को भी पत्र भेजा गया है। शिकायत में विद्यालयों में सामग्री वितरण, PFMS के माध्यम से किए गए भुगतान, वित्तीय पारदर्शिता, वेंडर चयन प्रक्रिया, प्रशासनिक निर्णयों तथा विभिन्न प्रखंडों में प्रभार संचालन से जुड़े मामलों को उठाया गया है। साथ ही संबंधित वित्तीय लेन-देन का विशेष ऑडिट कराने और स्वतंत्र जांच की मांग की गई है। बैरम खान ने कहा कि संबंधित पदाधिकारी द्वारा विभिन्न प्रखंडों एवं संस्थानों का प्रभार संभाला गया है, जिससे मामला व्यापक प्रशासनिक दायरे से जुड़ जाता है। उन्होंने निष्पक्ष, स्वतंत्र एवं पारदर्शी जांच की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि सभी तथ्यों की वस्तुनिष्ठ समीक्षा होनी चाहिए। उन्होंने राज्य सरकार, शिक्षा विभाग तथा जांच एजेंसियों से अभिलेखों और वित्तीय दस्तावेजों के आधार पर जांच कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने का आग्रह किया है। साथ ही शिकायतकर्ताओं एवं सूचनादाताओं की पहचान गोपनीय रखने और जनहित से जुड़े मामलों में पारदर्शिता बनाए रखने की मांग भी की है।

# करंट लगने से दो मवेशियों की मौत

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**चतरा।** पत्थलगडा प्रखंड के नोनगांव पंचायत मुख्यालय के नोनगांव गांव में करंट लगने से दो मवेशियों की मौत हो गई। मृत पशुओं में मीना देवी (पति जवाहर साह) का एक बैल और चिंतामणि यादव का एक बाछा शामिल है। ग्रामीणों ने बताया कि सोमवार को गांव में लगे ट्रांसफार्मर के नीचे दोनों पशु चर रहे थे। इसी दौरान ट्रांसफार्मर से करंट अर्थिंग तार में प्रवाहित हो गया। जिसकी चपेट में आने से दोनों मवेशियों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश है। लोगों का आरोप है कि बिजली विभाग की लापरवाही के कारण यह हादसा हुआ। जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। ग्रामीणों ने विभाग से जांच कर दोषियों पर कार्रवाई और पीड़ित पशुपालकों को उचित मुआवजा देने की मांग की है। नोनगांव मुखिया कुमारी संगीता सिन्हा ने घटना पर दुख व्यक्त करते हुए कहा कि प्रभावित किसानों को मुआवजा बिजली विभाग और प्रशासन दे।

# विभूति एक्सप्रेस की चपेट में आने से युवक की मौत

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**देवघर।** मधुपुर थाना क्षेत्र के सेठभीला के समीप सोमवार को रेलवे ट्रैक पर एक युवक का क्षत-विक्षत शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान सुनील राय (31) के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार सेठभीला के पास पोल संख्या 295/6-8 डाउन रेलवे ट्रैक पर एक व्यक्ति का शव पड़ा होने की सूचना 12334 विभूति एक्सप्रेस के चालक ने मधुपुर स्टेशन प्रबंधक एवं रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) को दी। सूचना मिलते ही आरपीएफ मधुपुर के इंस्पेक्टर श्याम सुंदर कुमार और मधुपुर थाना के एएसआई शशी राय पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को ट्रैक से हटाकर अपने कब्जे में लिया। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि युवक की मौत विभूति एक्सप्रेस की चपेट में आने से हुई है। शव की स्थिति अत्यंत क्षत-विक्षत होने के कारण शुरूआत में पहचान करने में कठिनाई हुई, लेकिन बाद में परिजनों और स्थानीय लोगों ने उसकी पहचान सुनील राय के रूप में की। स्थानीय लोगों के अनुसार मृतक की मानसिक स्थिति पिछले कुछ समय से ठीक नहीं थी। हालांकि यह घटना आत्महत्या, दुर्घटना या किसी अन्य कारण से हुई है, इसका स्पष्ट खुलासा जांच पूरी होने के बाद ही हो सकेगा। पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# रिटायर बीसीसीएल कर्मी के पीएफ से 35.5 लाख की ठगी, अनशन पर बैठा परिवार

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**धनबाद।** धनबाद में बीसीसीएल से सेवानिवृत्त कर्मी की जीवनभर की जमा-पूंजी ठगी का शिकार हो गई। लोयाबाद थाना क्षेत्र के रहने वाले रिटायर बीसीसीएल कर्मी वासदेव ठाकुर ने आरोप लगाया है कि उनके पीएफ खाते से फर्जी हस्ताक्षर और चेक के जरिए 35 लाख 50 हजार रुपये की अवैध निकासी कर ली गई। मामले में बैंक कर्मियों और दलालों की मिलीभगत का आरोप लगाते हुए पीड़ित परिवार सोमवार से रणधीर वर्मा चौक पर अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठ गया है। परिवार की मांग है कि ठगी गई पूरी राशि वापस दिलाई जाए और मामले में शामिल सभी दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। भुक्तभोगी वासदेव ठाकुर के अनुसार अक्टूबर 2025 में बीसीसीएल से सेवानिवृत्त होने के बाद उन्हें पीएफ मद में 35.5 लाख रुपये प्राप्त हुए थे। आरोप है कि कुछ लोगों ने फर्जी चेक और जाली हस्ताक्षर के माध्यम से उनके खाते से पूरी रकम निकाल ली। मामले की जानकारी मिलने के बाद बैंक मोड़ थाना में शिकायत दर्ज कराई गई, जिसके बाद जांच शुरू हुई। जांच के दौरान पुलिस ने करीब 3.5 लाख रुपये की राशि रिकवर करने में सफलता हासिल की। हालांकि पीड़ित परिवार का कहना है कि शेष लगभग 32 लाख रुपये अब तक बरामद नहीं हो सके हैं। आरोप है कि ठगी की रकम का बड़ा हिस्सा मणिपुर और तेलंगाना के विभिन्न बैंक खातों में ट्रांसफर किया गया था। परिवार का कहना है कि कई महीने बीत जाने के बावजूद उन्हें न्याय नहीं मिला, जिसके कारण उन्हें अनिश्चितकालीन अनशन का रास्ता अपनाना पड़ा। अनशन पर बैठे परिवार ने प्रशासन से मांग की है कि मामले में शामिल दलालों, बैंक कर्मियों और अन्य आरोपितों की भूमिका की निष्पक्ष जांच कर उन्हें सख्त सजा दिलाई जाए। साथ ही ठगी गई पूरी राशि वापस कराने के लिए ठोस कार्रवाई की जाए।

# युवा कांग्रेस के आक्रोश मार्च में केंद्रीय शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**धनबाद।** पेपर लीक, बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई और युवाओं से जुड़े विभिन्न मुद्दों को लेकर सोमवार को धनबाद जिला युवा कांग्रेस ने आक्रोश मार्च निकाला। सैकड़ों की संख्या में युवा कांग्रेस कार्यकताओं और नेताओं ने आईआईटी-आईएसएम परिसर के समीप से पैदल मार्च शुरू किया, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए रणधीर वर्मा चौक पहुंचा। यहां नुक्कड़ सभा आयोजित कर केंद्र सरकार की नीतियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। मार्च के दौरान कार्यकताओं ने हाथों में तख्तियां और बैनर लेकर युवाओं के हितों से जुड़े मुद्दों पर अपनी आवाज बुलंद की। सभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस नेताओं ने लगातार हो रहे पेपर लीक, बढ़ती बेरोजगारी, महंगाई और शिक्षा व्यवस्था की चुनौतियों को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा। साथ ही केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की। कार्यक्रम में शामिल युवा कांग्रेस की झारखंड सह-प्रभारी प्रीति मांझी ने कहा कि देश का युवा आज गंभीर संकट से गुजर रहा है। एक ओर पढ़े-लिखे युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा है, वहीं दूसरी ओर विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में बार-बार पेपर लीक की घटनाएं उनके भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रही हैं। उन्होंने कहा कि युवा कांग्रेस हमेशा युवाओं की आवाज बनकर उनके अधिकारों और भविष्य की लड़ाई लड़ती रहेगी। उन्होंने बताया कि युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब भी कार्यक्रम में शामिल होने वाले थे, लेकिन अपरिहार्य कारणों से उनका दौरा स्थगित हो गया। झारखंड युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कुमार गौरव और जिला अध्यक्ष आदित्य आनंद ने कहा कि परीक्षा में पेपर लीक होना लाखों मेहनती छात्रों के भविष्य के साथ सीधा अन्याय है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार और एनटीए की लापरवाही के कारण छात्रों का भरोसा परीक्षा प्रणाली से उठता जा रहा है। वर्षों की मेहनत के बाद परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों के सपनों को बार-बार झटका लग रहा है, जिसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जा सकता।

# साइबर अपराधियों को बैंक खाते बेचने वाला आरोपित गिरफ्तार

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**धनबाद।** साइबर थाना पुलिस ने साइबर अपराध के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ऐसे आरोपित को गिरफ्तार किया है, जो आम लोगों के नाम पर बैंक खाते खुलवाकर उन्हें साइबर अपराधियों को बेचने का काम करता था। गुप्त सूचना के आधार पर पुराना बरवाअड्डा थाना के सामने स्थित कृष्णा इंटरनेट कैफे में छापेमारी कर पुलिस ने संतोष कुमार गोराई नामक आरोपित को गिरफ्तार किया। उसके पास से कई एटीएम कार्ड, सिम कार्ड और मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं। सोमवार को इस संबंध में जानकारी देते हुए डीएसपी सीसीआर प्रदीप कुमार साव ने बताया कि वरीय पुलिस अधीक्षक धनबाद के निर्देश पर पुलिस उपाधीक्षक सीसीआर सह साइबर अपराध रोकथाम प्रभार के मार्गदर्शन में गठित टीम ने कृष्णा इंटरनेट कैफे में छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान तिसरा थाना क्षेत्र के मुकुन्दा निवासी संतोष कुमार गोराई को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उसके पास से एक मोबाइल फोन, छह सिम कार्ड तथा विभिन्न बैंकों के सात एटीएम कार्ड बरामद किए हैं। पुलिस पूछताछ में आरोपित ने स्वीकार किया कि वह आम लोगों को झांसा देकर विभिन्न बैंकों में खाते खुलवाता था। इसके बदले उन्हें पांच हजार रुपये तक देता था और खाते से जुड़े एटीएम कार्ड और रजिस्टर्ड मोबाइल नंबर अपने पास रख लेता था।

## संपादकीय

### शांति की राह अब भी दूर

**पूर्वोत्तर** का संवेदनशील राज्य मणिपुर एक बार फिर हिंसा और अस्थिरता की खबरों से चर्चा में है। सरकारों द्वारा लगातार शांति बहाली के दावे किए जाने के बावजूद जमीनी हकीकत यह संकेत दे रही है कि राज्य अभी भी संघर्ष की छाया से पूरी तरह बाहर नहीं निकल पाया है। हाल के दिनों में हुई हिंसक घटनाओं ने यह स्पष्ट कर दिया है कि मणिपुर में कानून-व्यवस्था की चुनौती केवल सुरक्षा का विषय नहीं, बल्कि सामाजिक विश्वास, राजनीतिक संवाद और प्रशासनिक प्रभावशीलता से भी जुड़ा हुआ प्रश्न है। कांगपोकपी जिले में सशस्त्र हमलावरों द्वारा गांव पर किए गए हमले और उसमें तीन लोगों की मौत इस बात का प्रमाण है कि राज्य में हिंसा की जड़ें अभी भी गहरी हैं। यह चिंता का विषय है कि तीन वर्षों से अधिक समय से जातीय तनाव और संघर्ष झेल रहे मणिपुर में शांति स्थापित करने के प्रयास अपेक्षित परिणाम नहीं दे सके हैं। सैकड़ों लोगों की जान जा चुकी है, हजारों परिवार विस्थापित हुए हैं और सामाजिक ताने-बाने को गहरी क्षति पहुंची है। किसी भी समाज में लंबे समय तक हिंसा केवल हथियारों के बल पर नहीं चलती। इसके पीछे अविश्वास, असुरक्षा और संवादहीनता की गहरी परतें होती हैं। मणिपुर में भी यही स्थिति दिखाई देती है। जब आम नागरिकों को यह महसूस होने लगे कि उनकी सुरक्षा सुनिश्चित नहीं है या उनकी शिकायतों पर समय रहते कार्रवाई नहीं होती, तब व्यवस्था के प्रति विश्वास कमजोर पड़ने लगता है। यही अविश्वास हिंसा और अशांति को लंबे समय तक जीवित रखने का काम करता है। यह सही है कि सरकार और सुरक्षा एजेंसियों ने हालात सामान्य करने के लिए कई कदम उठाए हैं। कुछ क्षेत्रों में हिंसा की घटनाओं में कमी भी दर्ज की गई है। लेकिन शांति केवल हिंसा की घटनाएं कम होने से स्थापित नहीं होती। इसके लिए जरूरी है कि सभी समुदायों के बीच भरोसे का वातावरण बने, विस्थापित लोगों का पुनर्वास हो और दोषियों के खिलाफ निष्पक्ष एवं त्वरित कार्रवाई दिखाई दे। यदि लोग न्याय के लिए सड़कों पर उतरने को मजबूर हों, तो यह प्रशासनिक प्रयासों की सीमाओं को भी उजागर करता है। मणिपुर की समस्या का समाधान केवल सुरक्षा बलों की तैनाती से संभव नहीं है। इसके लिए राजनीतिक नेतृत्व को अधिक सक्रिय भूमिका निभानी होगी। विभिन्न समुदायों के बीच संवाद, विश्वास बहाली और स्थायी राजनीतिक समाधान की दिशा में गंभीर पहल की आवश्यकता है। साथ ही उग्रवादी संगठनों की गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण और कानून का कठोर अनुपालन भी सुनिश्चित करना होगा। मणिपुर केवल एक राज्य नहीं, बल्कि भारत की विविधता और एकता का महत्वपूर्ण हिस्सा है।

# क्षणिक भावनाओं से नहीं, गंभीर मंथन से बना निर्णय

नीरज कुमार दुबे



**तमिलनाडु** की राजनीति में एक नया भूचाल उस समय आ गया जब भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई ने पार्टी से इस्तीफा देकर अपने नए राजनीतिक आंदोलन की घोषणा कर दी। यह फैसला तमिलनाडु की जमी हुई राजनीतिक संस्कृति को चुनौती देने वाला एक बड़ा संदेश है। अन्नामलाई ने जिस साफगोई, साहस और वैचारिक दृढ़ता के साथ अपने फैसले को सामने रखा है, उसने यह स्पष्ट कर दिया है कि वह अब किसी दल के सीमित दायरे में नहीं, बल्कि तमिल समाज की व्यापक आकांक्षाओं के प्रतिनिधि के रूप में उभरना चाहते हैं। अन्नामलाई ने खुलकर कहा कि उनके भीतर लंबे समय से यह संघर्ष चल रहा था कि वह पहले भारतीय हैं या तमिल। यह बयान केवल भावनात्मक अभिव्यक्ति नहीं, बल्कि तमिलनाडु की राजनीति के उस मूल द्वंद्व को सामने लाता है जिसमें राष्ट्रीय दलों को अक्सर क्षेत्रीय अस्मिता के सामने संघर्ष करना पड़ता है। उन्होंने बताया कि चार दिसंबर 2025 को ही उन्होंने पार्टी नेतृत्व को इस्तीफे का फैसला बता दिया था, लेकिन उनसे चुनाव तक रुकने का अनुरोध किया गया। इससे यह भी स्पष्ट होता है कि भारतीय जनता पार्टी का शीर्ष नेतृत्व उनकी लोकप्रियता और प्रभाव को लेकर कितना सजग था। पूर्व पुलिस अधिकारी रहे अन्नामलाई ने भारतीय जनता पार्टी में सकारात्मक बदलाव के उद्देश्य से प्रवेश किया था। उन्होंने कहा कि पार्टी में रहते हुए उन्होंने कभी तमिलनाडु की पहचान से समझौता नहीं किया। पिछले अठारह महीनों में संगठनात्मक मामलों को लेकर उनकी असहमति लगातार बढ़ती गई। यही कारण है कि उन्होंने अब एक स्वतंत्र राजनीतिक रास्ता चुनने का फैसला किया है। यह निर्णय किसी आवेश का परिणाम नहीं, बल्कि लंबे चिंतन और रणनीतिक तैयारी का हिस्सा दिखाई देता है।

अन्नामलाई ने अपने नए आंदोलन वी द लीडर की घोषणा करते हुए साफ कर दिया कि उनका उद्देश्य केवल एक और राजनीतिक दल खड़ा करना नहीं, बल्कि राजनीति की भाषा और संस्कृति को बदलना है। उन्होंने परिवारवाद और व्यक्तिपूजा की राजनीति पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि किसी भी विधायक, सांसद या मंत्री का पद स्थायी नहीं होना चाहिए। यह बयान तमिलनाडु की उस परंपरागत राजनीति पर करारा प्रहार है जिसमें कुछ परिवारों और सीमित चेहरों के इर्दगिर्द सत्ता घूमती रही है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि अन्नामलाई ने राजनीति में तकनीकी विशेषज्ञों, युवाओं और सामान्य नागरिकों की भागीदारी पर जोर दिया है। उन्होंने युवाओं से राजनीति में आने की अपील करते हुए कहा कि अब आम आदमी की नई पीढ़ी की राजनीति की नींव रखी जा रही है। यह सोच उन्हें पारंपरिक नेताओं से अलग करती है। देखा जाये तो तमिलनाडु में जहां लंबे समय से भावनात्मक नारों और जातीय समीकरणों के आधार पर राजनीति चलती रही है, वहां अन्नामलाई प्रशासनिक दक्षता, नैतिकता और प्रतिभा आधारित नेतृत्व की बात कर रहे हैं। यही उनकी सबसे बड़ी ताकत बन सकती है। उनके

> *अन्नामलाई ने अपने नए आंदोलन वी द लीडर की घोषणा करते हुए साफ कर दिया कि उनका उद्देश्य केवल एक और राजनीतिक दल खड़ा करना नहीं, बल्कि राजनीति की भाषा और संस्कृति को बदलना है। उन्होंने परिवारवाद और व्यक्तिपूजा की राजनीति पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि किसी भी विधायक, सांसद या मंत्री का पद स्थायी नहीं होना चाहिए। यह बयान तमिलनाडु की उस परंपरागत राजनीति पर करारा प्रहार है जिसमें कुछ परिवारों और सीमित चेहरों के इर्दगिर्द सत्ता घूमती रही है। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि अन्नामलाई ने राजनीति में तकनीकी विशेषज्ञों, युवाओं और सामान्य नागरिकों की भागीदारी पर जोर दिया है। उन्होंने युवाओं से राजनीति में आने की अपील करते हुए कहा कि अब आम आदमी की नई पीढ़ी की राजनीति की नींव रखी जा रही है।*

आंदोलन के अंतर्गत कोयंबटूर में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम सेंटर फोर एथिक्स एंड पॉलिटिक्स की स्थापना का फैसला भी बताता है कि वह केवल चुनावी राजनीति नहीं, बल्कि वैचारिक और नैतिक प्रशिक्षण की स्थायी व्यवस्था खड़ी करना चाहते हैं। यह दृष्टिकोण तमिलनाडु की राजनीति में एक नई बौद्धिक धारा पैदा कर सकता है। उनके आह्वान के कुछ ही समय बाद हजारों लोगों का उनके राजनीतिक आंदोलन से जुड़ना यह संकेत देता है कि जनता के एक हिस्से में बदलाव की बेचैनी पहले से मौजूद थी। बताया जा रहा है कि अन्नामलाई ने भाजपा नेतृत्व के सामने दो स्पष्ट विकल्प रखे थे। एक तो उन्हें पर्याप्त स्वायत्तता और अधिकारों के साथ कम से कम सात वर्षों तक प्रदेश नेतृत्व दिया जाए, या फिर उन्हें स्वतंत्र राजनीतिक राह चुनने दी जाए। यह मांग उनके आत्मविश्वास और दूरदृष्टि दोनों को दशार्ती है। साथ ही इस्तीफे का ऐलान करने से पहले दिल्ली में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष नितिन नवीन से उनकी मुलाकात तथा पार्टी नेतृत्व द्वारा उन्हें मनाने की कोशिश इस बात का प्रमाण है कि अन्नामलाई की अहमियत से भाजपा नेतृत्व वाकिफ है।

वैसे तमिलनाडु की मौजूदा राजनीति भी अन्नामलाई के लिए अवसर लेकर आई है। हालिया विधानसभा चुनावों में द्रविड दलों को झटके लगे और अभिनेता विजय की पार्टी ने अप्रत्याशित सफलता हासिल की। इससे यह स्पष्ट हो गया कि राज्य की जनता अब पारंपरिक राजनीतिक ढांचे से बाहर विकल्प तलाश रही है। अन्नामलाई का मानना है कि राष्ट्रीय दलों के लिए यहां सीमित राजनीतिक जगह है, इसलिए एक मजबूत क्षेत्रीय विकल्प ही जनता की आकांक्षाओं को सही दिशा दे सकता है। उनकी यह समझ राजनीतिक रूप से बेहद व्यावहारिक और दूरदर्शी मानी जा रही है। उधर, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष ने भले ही कहा हो कि अन्नामलाई के जाने से पार्टी को कोई नुकसान नहीं होगा, लेकिन राजनीतिक वास्तविकता इससे अलग दिखाई देती है। अन्नामलाई ने तमिलनाडु में भाजपा को ऊर्जा, आक्रामकता और जनस्वीकार्यता दी थी। अब उनके अलग होने से भाजपा के सामने नेतृत्व और जनाधार दोनों की चुनौती खड़ी होगी। दूसरी ओर, अन्नामलाई यदि अपने आंदोलन को संगठित ढंग से आगे बढ़ाते हैं तो वह तमिलनाडु की राजनीति में तीसरी शक्ति के रूप में तेजी से उभर सकते हैं। बहरहाल, यह स्पष्ट है कि अन्नामलाई ने केवल पार्टी नहीं छोड़ी, बल्कि तमिलनाडु की राजनीति को नई दिशा देने की चुनौती स्वीकार की है। उनकी राजनीति में साहस है, वैचारिक स्पष्टता है और बदलाव की बेचैनी भी है। आने वाले वर्षों में यह देखना बेहद दिलचस्प होगा कि क्या उनका यह आंदोलन तमिलनाडु की राजनीति में वैसा ही परिवर्तन ला पाएगा जिसकी वह कल्पना कर रहे हैं। फिलहाल इतना तय है कि अन्नामलाई ने राजनीति के मैदान में एक नई बहस छेड़ दी है और इस बहस को नजरअंदाज कर पाना किसी के लिए आसान नहीं होगा।

**– लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं।**

# कंपनियों को पांच ताकतों का सामना एकजुट होकर करना होगा

दीपक शर्मा/रोहित प्रसाद

इस तिमाही में 25 क्षेत्रों की 1,000 से अधिक कंपनियों के अनग्स कॉल के कानविक विश्लेषण से पता चलता है कि बोर्डरूम कमोडिटी की कीमतों में उतार-चढ़ाव, कृत्रिम बुद्धिमत्ता (ए.आई.) के तेजी से बढ़ते उपयोग, भू-राजनीतिक अनिश्चितता, बढ़ती मुद्रास्फीति और प्रीमियम उत्पादों की ओर व्यापक बदलाव जैसी चुनौतियों से जूझ रहे हैं। चौंकाने वाली बात इन दबावों की मौजूदगी नहीं, बल्कि इन सभी को एक साथ जिस हद तक संभालना आवश्यक है, वह है। हर बोर्ड में एक ही मुद्दा हावी है-कमोडिटी की कीमतों में अस्थिरता, जिसका जिक्र तिमाही-दर-तिमाही 32 प्रतिशत बढ़ रहा है। जो कभी तेल, गैस और धातुओं तक ही सीमित था, अब उसका दायरा भी बढ़ गया है। फास्ट-मूविंग कंज्यूमर गुड्स (एफ.एम.सी.जी.) कंपनियां सोया, पाम, गेहूं और सूरजमुखी के तेल में होने वाले उतार-चढ़ाव को उपभोक्ताओं की पसंद और मुनाफे पर सीधा असर डालने वाला कारक बता रही हैं। निर्माण कंपनियां कच्चे माल की लागत को अपनी सबसे बड़ी ङ्कषचता बता रही हैं। उपभोक्ता इलैक्ट्रॉनिक्स क्षेत्र में, तांबे की कीमतों में उतार-चढ़ाव सकल मुनाफे को नुकसान पहुंचा रहा है। धातु क्षेत्र में, बुनियादी ढांचे के विकास के चलते इस्पात की मांग में वृद्धि बताई जा रही है। फिर भी, इनपुट लागतों में तेजी से उतार-चढ़ाव के कारण मुनाफे का पूवार्नुमान लगाना मुश्किल है।

ए.आई. अब सिर्फ तकनीकी चर्चा का विषय नहीं रह गया, तिमाही दर तिमाही इसकी चर्चा में 12 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। भवन निर्माण सामग्री और स्वास्थ्य सेवा जैसे क्षेत्रों में पहली बार इतनी वृद्धि दर्ज की गई है।



वित्तीय सेवाओं में 400 प्रतिशत और खुदरा क्षेत्र में 240 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई है। सीमेंट कंपनियां ए.आई.-सक्षम केंद्रीय नियंत्रण प्रणालियों को लागू कर रही हैं। लॉजिस्टिक्स कंपनियां दस्तावेजीकरण को स्वचालित करने के लिए एजेंटिक ए.आई. का उपयोग कर रही हैं। खुदरा क्षेत्र में, बाजार की वृद्धि और उपभोक्ता विश्वास के साथ-साथ ए.आई. चर्चा के शीर्ष तीन विषयों में शामिल हो गया है। व्यापार नीति पर चर्चा स्थिर रही लेकिन बातचीत अधिक तीखी और क्षेत्र-विशिष्ट हो गई है। यूरोपीय बाजार इस बात का उदाहरण प्रस्तुत करता है कि कैसे एक ही भू-राजनीतिक घटनाक्रम किसी कंपनी की स्थिति के आधार पर खतरा या अवसर दोनों का रूप ले सकता है। ऑटोमोटिव कंपोनैंट्स और औद्योगिक मशीनरी के निर्यातकों के लिए, यूरोप में मांग में नरमी और नई टैरिफ संरचनाओं से मुनाफे पर दबाव पड़ रहा है। भारतीय स्पैशलिटी कैमिकल्स और फार्मास्युटिकल कंपनियों के लिए स्थिति उलट है, क्योंकि यूरोपीय प्रतिस्प ?धयों के संयंत्रों के बंद होने से आपूर्ति में कमी आई है जिसे वे पूरा कर सकते हैं। वहीं, भारत-यूरोपीय संघ व्यापार समझौते के चरणबद्ध कार्यान्वयन से वस्त्र, भवन निर्माण सामग्री और स्पैशलिटी मैन्युफैक्चरिंग उत्पादों के लिए निर्यात के नए रास्ते खुलने की उम्मीद है।

उपभोक्ता व्यवहार में तिमाही-दर-तिमाही मामूली 2 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई लेकिन प्रीमियम उत्पादों पर जोर देना, उच्च मूल्य वाले उत्पादों की ओर एक रणनीतिक बदलाव, लागत दबाव के सबसे व्यापक रूप से अपनाए जाने वाले उपायों में से एक बनकर उभरा है। यह सभी क्षेत्रों में देखने को मिलता है। मुद्रास्फीति फिर से लौट आई है : इस तिमाही का सबसे तीव्र मात्रात्मक संकेत मुद्रास्फीति से संबंधित उल्लेखों में 45 प्रतिशत की वृद्धि है, जो सभी विषयों में सबसे बड़ी वृद्धि है। हालांकि महंगाई अपने शुरूआती स्तर से नीचे आ गई, लेकिन लागत का दबाव कम नहीं हुआ। औद्योगिक उत्पाद कंपनियां लगातार बढ़ती इनपुट लागत को एक समस्या मानती हैं। वित्तीय सेवाओं में, चर्चा अब उपभोक्ता ऋण की गुणवत्ता, विवेकाधीन खर्च व्यवहार और अर्थव्यवस्था के सुधार की गति जैसे कारकों पर केंद्रित हो गई है। इन पांचों विषयों को जोडने.वाली बात यह है कि इनमें से कोई भी अस्थायी नहीं है। कमोडिटी की अस्थिरता, ए.आई. व्यवधान, भू-राजनीतिक विखंडन, उपभोक्ता व्यवहार में बदलाव और मुद्रास्फीति चक्र परिचालन परिवेश की संरचनात्मक विशेषताएं हैं, न कि चक्रीय उतार-चढ़ाव। इसके अलावा, उभरते हुए देश वर्तमान अस्थिरता का अधिक बोझ झेल रहे हैं, जिससे भारतीय कंपनियों और व्यापारिक नेताओं के लिए आज की परिस्थितियों से निपटना कठिन हो गया है।इन चुनौतियों का अलग-अलग समाधान करना व्यर्थ साबित हो सकता है। इस परिवेश से सबसे मजबूत होकर उभरने वाली कंपनियां वे होंगी, जो इन कारकों को वैश्विक महाप्रवृत्तियों के परस्पर जुड़े आयामों के रूप में देखेंगी, जिनका समाधान एक ही रणनीतिक प्रश्न के उत्तर से किया जाना चाहिए निरंतर अस्थिरता की दुनिया में टिकाऊ रूप से बढने. वाला व्यवसाय कैसे बनाया जाए?

**– लेखक के निजी राय हैं।**

## आज का पंचांग

### दैनिक पंचांग

**9 जून को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह | स्थिति | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | वृष में | मिथुन | 05.43 बजे से |
| चंद्र | मीन में | कर्क | 07.56 बजे से |
| मंगल | मेष में | सिंह | 10.12 बजे से |
| बुध | मिथुन में | कन्या | 12.24 बजे से |
| गुरु | कर्क में | तुला | 14.35 बजे से |
| शुक्र | कर्क में | वृश्चिक | 16.50 ब.से |
| शनि | मीन में | धनु | 19.06 बजे से |
| राहु | कुंभ में | मकर | 21.11 बजे से |
| केतु | सिंह में | कुंभ | 22.57 बजे से |
| राहुकाल 3.00 से 4.30 बजे तक | | मीन | 00.30 बजे से |
| | | मेष | 02.01 बजे से |
| | | वृष | 03.41 बजे से |

**मंगलवार** 2026 वर्ष का 160 वा दिन
**दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** ग्रीष्म।
**विक्रम संवत्** 2083 **शक संवत्** 1948
**मास** ज्येष्ठ **पक्ष** कृष्ण
**तिथि** नवमी 02.35 बजे रात्र को समाप्त।
**नक्षत्र** पूर्वाभाद्रपदा 09.40 बजे को समाप्त।
**योग** प्रीति 08.19 बजे को समाप्त।
**करण** तैतिल 15.06 बजे तदनन्तर गर 02.35 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 23.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 22° 55'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872735
**जूलियन दिन** 2461200.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** जिल्हेज
**तारीख** 23

| दिन का चौघड़िया | | | रात का चौघड़िया | | |
|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## शब्द पहेली - 8886

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | | 3 | ■ | 4 | 5 |
| | ■ | 6 | | ■ | 7 | 8 | ■ | |
| 9 | 10 | | ■ | 11 | ■ | 12 | 13 | |
| ■ | | ■ | 14 | | 15 | ■ | | ■ |
| 16 | | | | ■ | 17 | | | |
| ■ | | ■ | 18 | 19 | | ■ | | ■ |
| 20 | | 21 | ■ | | ■ | 22 | | 23 |
| | ■ | 24 | 25 | ■ | 26 | | ■ | |
| 27 | | ■ | 28 | | | ■ | 29 | |

**बाएँ से दाएँ**

1. आकाश, व्योम-2
2. नाजुक, मुलायम-3
4. हार, पराजय-2
6. संध्या, सांझ, गोधूलि-2
7. जोर, बल-2
9. सोना, धतूरा-3
12. नाप-जोख करना-3
14. सिक्कों की आवाज-3
16. रहस्यज्ञाता-4
17. तालाब, ताल, तलैया-4
18. नियंत्रण, घोड़े की रास-3
20. गिरवी वस्तु-3
22. सैनिक कार्रवाई-3
24. चिट्ठी, पत्र-2
26. बर्तन-2
27. सुर, क्रम-2
28. वाचन करने वाला-3
29. पितामह-2

**ऊपर से नीचे**

1. लवण-3
2. भीगा हुआ-2
3. खुमार, नशा-2
5. सर्दी में हाथ सेंकना-3
6. भाजी, सब्जी, तरकारी-2
8. इंकार, मनाही-2
10. मस्जिद, नमाज पढ़ने की जगह-5
11. आम जनता-2
13. लालन-पालन-5
14. इमाम दस्ता -3
15. वचन, प्रतिज्ञा-3
19. रुखसार, कपोल-2
20. पासे फेंक कर भविष्य जानना-3
21. नाखून-2
22. सखा, दोस्त-2
23. निजात, छुटकारा-3
25. इस पर रोटी सेंकते हैं-2
26. पवित्र-2

**शब्द पहेली -8885 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | हा | का | ल | ■ | च | र | क | ■ |
| त | र | ■ | ह | ■ | कि | ■ | ला | क |
| वा | ■ | ह | जा | म | त | ■ | ■ | सू |
| ला | य | क | ■ | द | ■ | ना | सू | र |
| ■ | ■ | ला | वा | ■ | व | जु | ■ | ■ |
| ना | प | ना | ■ | आ | ■ | क | या | स |
| य | ■ | ■ | म | हा | न | ता | ■ | र |
| क | था | ■ | जा | ■ | र | ■ | सी | ता |
| ■ | ल | ल | क | ■ | म | हा | रा | ज |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

## सुडोकू

**सूडोकु नवताल- 7820** ★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

■ Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -7819 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |



## हॉलीवुड स्टार से बेटी की तुलना पर खुश होती हैं महिमा चौधरी



महिमा चौधरी अपनी बेटी को लेकर चर्चा में हैं। एक्ट्रेस ने हाल ही में सोशल मीडिया पर वायरल हो रही उन पोस्ट पर प्रतिक्रिया दी है, जिनमें उनकी बेटी एरियाना मुखर्जी की तुलना अमेरिकी एक्ट्रेस मिका अब्दुल्ला से की जा रही है। कई फैंस तो 'ऑफ कैंपस' की स्टार मिका को एरियाना की हमशक्ल भी कह रहे हैं। सोशल मीडिया पर एरियाना चौधरी और मिका अब्दुल्ला के बीच तुलना को लेकर खूब चर्चा है। मिका, प्राइम वीडियो की पॉपुलर सीरीज 'ऑफ कैंपस' में ऐली हेस का किरदार निभाती हैं। कई यूजर्स ने यह भी बताया कि मिका काफी हद तक महिमा चौधरी के जवानी के दिनों की तरह दिखती हैं।

### एरियाना ने नहीं शुरू की एक्टिंग

इस वायरल ट्रेंड पर हंसते हुए महिमा ने बताया कि उनके दोस्त, परिवार और फैंस लगातार उन्हें इस हॉलीवुड एक्टर के क्लिप और स्क्रीनशॉट भेज रहे हैं। महिमा चौधरी ने हिंदुस्तान टाइम्स से कहा, 'हां, मुझे पता है। मुझे वह (एरियाना) बहुत पसंद है, वह कमाल की है। दो अलग-अलग महाद्वीपों के लोगों में इतनी जबरदस्त समानता कैसे हो सकती है? यह समानता इतनी ज्यादा चर्चा का विषय बन गई कि कुछ लोगों को तो यह भी लगने लगा कि एरियाना ने एक्टिंग की दुनिया में कदम रख दिया है। मैंने उन्हें बताया कि उनसे अभी एक्टिंग नहीं शुरू की है।'

### तुलना पर खुश हैं महिमा

महिमा ने कहा कि उन्हें ये तुलनाएं प्यारी लगती हैं। उन्होंने कहा 'किसी इतने प्यारे इंसान को देखना और यह सुनना कि आप दोनों एक जैसे दिखते हैं, बहुत अच्छा लगता है। मैं इस समानता से बहुत उत्साहित हूं क्योंकि मुझे वह बहुत प्यारी लगती है। अगर लोग कहते हैं कि मैं उसके जैसी दिखती हूं या एरियाना उसके जैसी दिखती है, तो मैं बहुत खुश होती हूं।



# अल्फा किलर बनकर दुश्मनों का सफाया करेंगी आलिया भट्ट

यशराज फिल्म्स की आगामी स्पाई यूनिवर्स फिल्म 'अल्फा' को लेकर सोशल मीडिया पर फैंस के बीच जबरदस्त उत्साह बना हुआ है। फिल्म में अभिनेत्री आलिया भट्ट एक स्पाई की भूमिका निभाती नजर आएंगी। प्रोडक्शन टीम के करीबी सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि अभिनेत्री आलिया भट्ट एक दमदार और घातक किरदार में नजर आएंगी। उन्होंने कहा, 'वह वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स में 'अल्फा किलर' की भूमिका में दिखाई देंगी, जिसे केवल दुश्मनों का सफाया करने के लिए तैयार किया गया है और विशेष प्रशिक्षण दिया गया है।' सूत्रों के मुताबिक, वाईआरएफ के प्रमुख आदित्य चोपड़ा इस बार दर्शकों के सामने एक बिल्कुल नया और आकर्षक नायक प्रस्तुत करना चाहते हैं, जिसे लोग उसके सही या गलत कार्यों के आधार पर न आंकें, बल्कि उसे ऐसे व्यक्ति के रूप में देखें जो अपनी शर्तों पर जीवन जीता है और वही करता है जो उसे सही लगता है।

सूत्रों ने बताया, 'आज के समय में नायक-नायिका को देखने का यह एक बिल्कुल नया नजरिया है, क्योंकि दर्शक पर्दे पर रोमांचक और मनोरंजक किरदार देखना चाहते हैं। 'अल्फा' में आलिया का किरदार भी कुछ ऐसा ही होगा।'

उन्होंने आगे कहा, 'इस फिल्म के जरिए आदित्य चोपड़ा अपने स्पाई यूनिवर्स में एक बड़ा रचनात्मक बदलाव करने जा रहे हैं, जिसकी इस फ्रेंचाइजी को काफी समय से जरूरत थी। यह पहली बार होगा जब इस यूनिवर्स की कोई फिल्म पूरी तरह एक महिला प्रमुख किरदार के दमदार एक्शन और उसकी कहानी पर आधारित होगी।' वाईआरएफ के प्रवक्ता ने आईएएनएस से कहा, 'हम फिलहाल केवल इतना ही कह सकते हैं कि सभी को 'अल्फा' के पहले टीजर या झलक का इंतजार करना चाहिए। इस समय हम इन चर्चाओं की न तो पुष्टि कर सकते हैं और न ही इनसे इनकार कर सकते हैं।' यश राज फिल्म्स की बहुचर्चित स्पाई यूनिवर्स की पहली महिला-प्रधान फिल्म 'अल्फा' में आलिया भट्ट के साथ शरवरी वाघ भी मुख्य भूमिका में हैं, जबकि बॉबी देओल इसमें मुख्य खलनायक की भूमिका में नजर आएंगे।




## मिलाप जावेरी की रोमांटिक फिल्म 'तेरा यार हूं मैं' डेब्यू कर रहे हैं अमन इंद्र कुमार

पिछले साल 'एक दीवाने की दीवानियत' जैसी रोमांटिक फिल्म देने वाले निर्देशक मिलाप जावेरी अब एक और रोमांटिक फिल्म 'तेरा यार हूं मैं' लेकर आ रहे हैं। इस फिल्म से निर्देशक इंद्र कुमार के बेटे अमन इंद्र कुमार बॉलीवुड में कदम रखने जा रहे हैं। फरवरी में जारी हुए फिल्म के फर्स्ट लुक के बाद अब फिल्म की नई रिलीज डेट सामने आ गई है। मेकर्स ने आज फिल्म की नई रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। फिल्म का एक पोस्टर जारी करते हुए मेकर्स ने ये कंफर्म किया कि 'तेरा यार हूं मैं' 31 जुलाई को सिनेमाघरों में दस्तक देने के लिए तैयार है। इसके साथ ही कैप्शन में मेकर्स ने लिखा, 'प्यार, दोस्ती, इमोशन और संगीत के लिए तैयार हो जाइए। तेरा यार हूं मैं 31 जुलाई को सिनेमाघरों में आ रही है।' इसके साथ ही मेकर्स ने कंफर्म किया कि फिल्म से इंद्र कुमार के बेटे अमन कुमार अपनी शुरुआत कर रहे हैं। उनके साथ आकांक्षा शर्मा इस प्यार, ड्रामा, कॉमेडी और एक्शन से भरपूर म्युजिकल लव स्टोरी में नजर आएंगी।

## 'जिगरा' में मेथड एक्टिंग को लेकर फैली अफवाहों पर वेदांग रैना ने दी प्रतिक्रिया

वेदांग रैना जल्द ही इम्तियाज अली की फिल्म 'मैं वापस आऊंगा' में नजर आएंग। अभिनेता इन दिनों फिल्म के प्रमोशन में व्यस्त हैं। हाल ही में वेदांग रैना ने आलिया भट्ट के साथ अपनी फिल्म 'जिगरा' को लेकर बात की। साथ ही उन्होंने फिल्म में मेथड एक्टिंग को लेकर फैली अफवाहों पर भी प्रतिक्रिया दी और इनके पीछे की सच्चाई से रूबरू कराया।

### बढ़ा-चढ़ाकर बताई गईं बातें

हाल ही में कर्ली टेल्स के साथ बातचीत में वेदांग से उनकी पिछली फिल्म 'जिग्रा' की तैयारी के दौरान उनके मेथड एक्टिंग को लेकर फैली अफवाहों के बारे में पूछा गया। 'जिगरा' के एक सीन की तैयारी के दौरान खुद को आठ दिनों तक कमरे में बंद रखने की अफवाहों पर जवाब देते हुए वेदांग ने कहा कि ये दावे बहुत बढ़ा-चढ़ाकर पेश किए गए हैं और सेट पर जो हुआ उससे बिल्कुल अलग हैं। ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। अभिनेता ने स्पष्ट किया कि एक दिन शूटिंग के दौरान एक बेहद चुनौतीपूर्ण दिन था। अपनी एक्टिंग प्रोसेस को समझने के दौरान वेदांग ने खुद को अपनी वैनिटी वैन में अलग कर लिया, बत्तियां बंद कर दीं। इस दौरान सीन के लिए जरूरी इमोशनली कंडीशन में पहुंचने के लिए कुछ समय के लिए किसी से बातचीत भी नहीं की। हालांकि, मेथड एक्टिंग के तहत आठ दिनों तक खुद को बंद रखने की अफवाहें सच नहीं थीं। मैं ऐसा दोबारा कभी नहीं करूंगा।

### बॉक्स ऑफिस पर सफल नहीं थी 'जिग्रा'

वासन बाला द्वारा निर्देशित 'जिगरा' एक एक्शन-थ्रिलर फिल्म थी। फिल्म में वेदांग रैना ने आलिया भट्ट के भाई की भूमिका निभाई थी। 2024 में रिलीज हुई यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर सफल नहीं रही थी।

### 12 जून को रिलीज होगी 'मैं वापस आऊंगा'

वेदांग अब इम्तियाज अली की 'मैं वापस आऊंगा' में नजर आएंगे। विभाजन की पृष्ठभूमि पर आधारित इस प्रेम कहानी में वेदांग के साथ दिलजीत दोसांझ, शरवरी और नसीरुद्दीन शाह भी प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे। यह फिल्म 12 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।





## आमिर खान की 'तारे जमीन पर' जैसा महसूस कराएगी फिल्म 'भमरदो'

आज के समय में क्षेत्रीय सिनेमा लगातार नई और अलग कहानियों के जरिए दर्शकों का ध्यान खींच रहा है। खास तौर पर गुजराती फिल्म इंडस्ट्री में ऐसी फिल्मों की संख्या बढ़ रही है, जो समाज को एक मजबूत संदेश भी देती हैं। अब इसी कड़ी में एक नई गुजराती फिल्म 'भमरदो' चर्चा में बनी हुई है। फिल्म को लेकर अभिनेता हेतल पुनीवाला ने कई दिलचस्प बातें साझा की। उन्होंने बताया कि इस फिल्म में उनका किरदार प्रेरणादायक है। हेतल पुनीवाला ने कहा, ''फिल्म में मेरा किरदार 'भमरदो' नाम की प्रतियोगिता के बारे में बच्चों को समझाता है। वह बताता है कि अगर कोई बच्चा इस प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करता है, तो उसे स्कॉलरशिप मिल सकती है। एक बच्चा ऐसा है, जो शुरुआत में इस खेल के बारे में कुछ नहीं जानता। उसे यह तक नहीं पता होता कि 'भमरदो' कैसे खेला जाता है। इसके बाद कहानी उस बच्चे के संघर्ष और मेहनत को दिखाती है कि कैसे वह बच्चा आर्थिक परेशानियों के बावजूद हार नहीं मानता और लगातार सीखते हुए प्रतियोगिता तक पहुंचने की कोशिश करता है।'' अपने किरदार के बारे में बात करते हुए हेतल ने कहा, 'शुरुआत में मुझे अंदाजा नहीं था कि यह रोल इतना भावुक होगा। फिल्म में कुछ ऐसे सीन्स हैं, जो दर्शकों को अंदर तक महसूस होंगे। इसमें वैसी ही भावनात्मक गहराई है, जैसी लोगों ने आमिर खान की 'तारे जमीन पर' जैसी फिल्मों में महसूस की थी।''

हेतल ने कहा, ''जब फिल्म की शूटिंग शुरू हुई थी, तब मुझे पूरी कहानी के बारे में जानकारी नहीं थी। मुझे सिर्फ अपने किरदार के बारे में बताया गया था। इस वजह से मैं शुरुआत में थोड़े भ्रम में था कि आखिर फिल्म किस तरह की होगी। शूटिंग के दौरान भी मुझे कहानी का पूरा अंदाजा नहीं था। जब बाद में मैंने पूरी फिल्म देखी, तो मुझे महसूस हुआ कि यह बहुत अच्छी और दिल को छू लेने वाली फिल्म है। मुझे यकीन है कि दर्शकों को यह कहानी जरूर पसंद आएगी।'' अभिनेता ने एक और दिलचस्प बात साझा करते हुए बताया कि वह लगभग इस फिल्म का हिस्सा बनने से रह गए थे। दरअसल, उनकी डेट्स किसी दूसरी शूटिंग के साथ टकरा रही थीं। इसी वजह से वह फिल्म करने को लेकर असमंजस में थे। तभी मशहूर शख्सियत बाबूभाई थेबा ने उन्हें फोन किया और इस किरदार के बारे में विस्तार से समझाया। हेतल ने कहा, ''मैं बाबूभाई पर बहुत भरोसा करता हूं। जब उन्होंने किरदार की अहमियत और कहानी की भावना को समझाया, तो मैंने तुरंत फिल्म के लिए हामी भर दी।'' फिल्म की शूटिंग का अनुभव भी अभिनेता के लिए आसान नहीं रहा। हेतल ने कहा, ''शूटिंग बेहद कठिन परिस्थितियों में हुई। इसके बावजूद पूरी टीम ने हिम्मत नहीं हारी और सभी ने मिलकर शूटिंग पूरी की।

# मैं खुशकिस्मत हूं कि मुझे अपनी पसंद चुनने की पूरी आजादी है



**वेब सीरीज 'चिरैया' को लेकर चर्चा में आईं दिव्या दत्ता ने कहा- क्टरों के परिवार से होने के बावजूद हमेशा से पिक्चर साफ थी कि मुझे ऐक्टिंग इंडस्ट्री का रास्ता चुनना है। उन्होंने कहा- सबसे अहम सीख फिल्म वीर-जारा में शाहरुख खान के साथ काम करते हुए मिली।**

कई कलाकार अपने किरदारों से पहचाने जाते हैं लेकिन दिव्या दत्ता उन चेहरों में से हैं, जो हर किरदार में खुद को थोड़ा-थोड़ा छोड़ती चली जाती हैं। लुधियाना की सादगी से लेकर सिनेमा की गहराइयों तक उनका सफर किसी शोर का नहीं बल्कि एक शांत भरोसे का रहा है, दिल की सुनने का भरोसा। उनके लिए अभिनय सिर्फ संवाद नहीं, खामोशियों को महसूस करने की कला है। फैसले हों या किरदार, वे आज भी उसी रास्ते पर चलती हैं, जहां दिमाग से पहले दिल जवाब देता है और शायद यही उन्हें अलग बनाता है। लखनऊ में शूट हुई वेब सीरीज 'चिरैया' के लिए शहर आईं दिव्या दत्ता से खास बातचीत।

### दिल से बड़ा मेरा कोई साथी नहीं

लुधियाना में पली-बढ़ी दिव्या दत्ता कहती हैं कि मैंने अपने घर से बहुत कुछ सीखा है लेकिन कई बातें वक्त के साथ समझ में आती हैं। फिल्मों और शोज को चुनते समय मैं सिर्फ दिल की सुनती हूं। मुझे लगता है कि जो काम मैं दिल से करूंगी, वही मुझे आगे बढ़ने का मौका देगा। मेरे फैसले पहले भी दिल से होते थे और आज भी वही तरीका है क्योंकि दिल से बड़ा कोई साथी नहीं होता है। यही वजह है कि डॉक्टरों के परिवार से होने के बावजूद हमेशा से पिक्चर साफ थी कि मुझे ऐक्टिंग इंडस्ट्री का रास्ता चुनना है। मैं खुद को खुशकिस्मत भी मानती हूं कि मां ने मुझे अपनी पसंद चुनने की पूरी आजादी दी थी।

### माहौल इंसानी और सम्मानजनक हो

मैंने कई अनुभवी कलाकारों के साथ काम करते हुए बहुत कुछ सीखा है। हालांकि, मुझे सबसे अहम सीख फिल्म वीर-जारा में शाहरुख खान के साथ काम करते हुए मिली। उस वक्त मुझे कैमरा एंगल्स का ज्यादा आइडिया नहीं था। उन्होंने खुद मुझे सही जगह पर खड़े होने में मदद की। वह इतने बड़े सुपरस्टार हैं, उन्हें क्या जरूरत थी मेरे लिए आगे आने की पर वो आए। उन्होंने यह भी कहा था कि मैं हर जगह मौजूद नहीं रहूंगा तो तुम्हें चीजें अपने हिसाब से बेहतर करनी होंगी। मुझे यह बात हमेशा याद रही। आज अगर मैं सीनियर हो गई हूं तो कोशिश करती हूं कि नए लोगों की जितनी मदद कर सकूं, करूं। सबसे जरूरी बात यही है कि सेट पर लोग एक-दूसरे के साथ कंफर्टेबल महसूस करें। काम तभी अच्छे से होता है, जब माहौल इंसानी और सम्मानजनक हो।

### भीतर का शांत जागरण है

चिरैया किसी लाउड विद्रोह की कहानी नहीं है बल्कि भीतर होने वाले एक शांत जागरण की बात करती है। हर दृश्य का अपना स्वभाव होता है। कभी कुछ कहना जरूरी होता है और कभी बिल्कुल शांत रहना। सब कुछ सीन के पूरे ढांचे पर निर्भर करता है। जैसे सीन की मांग होती है, वैसा ही भाव अपनाया जाता है। कहीं शब्द जरूरी होते हैं, कहीं खामोशी ही सबसे बड़ा संवाद बन जाती है। मुझे लगता है कि सवाल से ज्यादा जरूरी है उसे कहने का तरीका।बात किस शांति से, किस प्यार से और किस सम्मान के साथ कही जाती है, यही फर्क पैदा करता है। 'शादी कोई लाइसेंस नहीं है' जैसे संवाद सवाल जरूर उठाते हैं, लेकिन किसी को नीचा दिखाने के लिए नहीं बल्कि सोचने के लिए मजबूर करने के इरादे से।



# कविवर रामेश्वर प्रशांत की 7वीं स्मृति पर श्रद्धांलालि सभा का आयोजन

**'जनप्रतिरोध की धारा और रामेश्वर प्रशांत' विषय पर व्याख्यान**

एजेंसी

**गढ़हरा बेगुसराय।** जनवादी लेखक संघ (जलेस), जिला इकाई, बेगूसराय द्वारा राजकीय कृत मध्य विद्यालय, बारो में कविवर रामेश्वर प्रशांत के सातवें स्मृति दिवस पर 'जनप्रतिरोध की धारा और रामेश्वर प्रशांत ' विषय पर व्याख्यान सह श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि लखनऊ से पधारे लब्धप्रतिष्ठ साहित्यकार कौशल किशोर थे, जिन्हें जलेस के बिहार राज्य सचिव कुमार विनीताभ, कवि-आलोचक डॉ० रामाज्ञा राय 'शशिधर' (बी० एच० यू०, बनारस), बरौनी नगर के वार्ड पार्षद अशोक ठाकुर ने शाल ओढ़ाकर



सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जलेस के जिला उपाध्यक्ष डॉ० चन्द्रशेखर चौरसिया ने की तथा उप सचिव डॉ० निरंजन कुमार ने संचालन किया।
रामेश्वर प्रशांत के साथ की अपनी यादों को साझा करते हुए कौशल किशोर ने कहा कि जनप्रतिरोध की धारा अपने समय-समाज के परिप्रेक्ष्य में परिभाषित होती है। कबीर अपने समय की अग्रमामी चेतना के रचनाकार हैं तो प्रशांत जी अपने समय के अग्रणी साहित्यकार हैं। उनका जीवन राजनीति और साहित्य के सहमेल से बना है। उनकी कविताओं की निर्मिति इसी से हुई है। सत्तर के दशक में कविता की जमीन बदलती है। जहाँ धूमिल, रघुवीर सहाय व्यवस्था की आलोचना करते हैं, वहीं प्रशांत जी कविता में इसके आगे सर्वहारा के पक्ष में बदलाव की बात करते हैं। इसी मकसद के लिए उन्होंने अपने जीवन को समर्पित कर दिया। ये वैचारिक कवि हैं। इनकी कविता में उसका स्थूल नहीं, सृजनात्मक रूप सामने आता है। कवि-आलोचक डॉ० रामाज्ञा राय 'शशिधर' ने रामेश्वर प्रशांत को याद करते हुए कहा कि हमारे बनने में प्रशांत जी की भूमिका है। उन्होंने कविता में कभी रोने-धोने का काम नहीं किया बल्कि संघर्ष के द्वारा उम्मीद की लौ को हमेशा जलाए रखा । वे 70 के दशक के अग्रणी कवि हैं। उन्होंने कविता के विभिन्न रूपों में रचना की। कला के प्रति सजगता देखने को मिलती है। भले ही उनकी कर्मभूमि बेगूसराय जनपद रही हो लेकिन वैचारिक परिप्रेक्ष्य वैश्विक था। पाब्लो नेरुदा पर जब लिखते हैं तो भारत में अभिव्यक्ति पर बढ़ते संकट को भी लाते हैं। वे हमारे लिए जनप्रतिरोध के अनुपम उदाहरण हैं।

# पांच दशकों से प्रतिभाओं को मंच दे रही हिन्द कला परिषद्

एजेंसी

**बखरी/बेगुसराय।** रंगकर्म, गायन-वादन, अभिनय, मेकअप कला सहित रंगमंच की अन्य विधाओं में क्षेत्र की सैकड़ों प्रतिभाओं को मंच प्रदान कर हिन्द कला परिषद् ने उन्हें प्रांत व राष्ट्रीय स्तर पर लोहा मनवाने का मौका दिया है। संस्था के सदस्य घासी राम पोद्दार, विद्यानंद यादव, स्व.शंभू प्रसाद साह, स्व.विष्णुदेव मालाकार, अशोक केसरी आदि ने अपने अभिनय से जहां मंच को गरिमा प्रदान की। वहीं स्व. अरविन्द कुमार सिंह बच्चा फीमेल आर्टिस्ट के रूप में अपने अद्भुत नृत्य कौशल से दर्शकों को दांतों तले उंगलियां दबाने को मजबूर कर




दिया करते थे। स्व.तिलक दास, मनोहर केसरी, मास्टर सुधांशु की गायकी के सभी कायल हुआ करते थे तब। बखरी में आर्केस्ट्रा संस्कृति का पहला पड़ाव भी हिन्द कला परिषद् ने ही रखा था। मौली गांगुली की राक्सी,बुलू घोष की बुलू पापा,बाबला मेलोडी ने तब क्षेत्र में खूब धूम मचायी थी। संस्था के प्रति सम्पूर्ण समर्पण भाव से जुड़े रहे पवन कुमार नेमानी , स्व.सत्यनारायण साह, बह्मदेव केसरी, ताराचंद अग्रवाल, स्व.कृष्णसेवक पोद्दार जैसे लोगों ने संस्था में नींव के पत्थर के रूप में पर्दे के पीछे रहकर संस्था को मजबूती प्रदान की। पचास वर्षों के सफर में आज यह संतोष का विषय है कि युवाओं की उजार्वान टीम अब भी संस्था को गतिशील व जीवंत बनाये रखा है। मेरे लिए यह गर्व का विषय है।

## संक्षिप्त समाचार

### फतेहा में बेखौफ अपराधियों ने की लूटपाट-विरोध में सड़क जाम

**बछवाड़ा/बेगूसराय।** थाना क्षेत्र के फतेहा कलाली चौक पर हथियारबंद अपराधियों ने तीन दुकान से करीब 50 हजार रुपए नगद लेकर रविवार की शाम में फरार हो गया। अपराधी बराबर इस चौक पर दुकानों को निशाने बनाते आ रहे हैं। पीड़ित दुकानदार स्थानीय अपराधी होने से अपना जुबान खोलना मुनासीब नहीं समझते हैं। पुलिस प्रशासन की नाकामी को लेकर एन.एच. 28 पर आक्रोशित ग्रामीणों ने आवागमन ठप कर फतेहा चौक पर पुलिस गश्ती बढ़ाने की मांग कर रहे हैं। मौके पर पुलिस टीम पहुँचकर आवागमन चालू कराया। इन दिनों थाना क्षेत्र में अपराधियों का तांडव जारी है। दियारा क्षेत्र में मजदूरों के साथ मारपीट की गई है। शराब माफिया तीन घर में आग लगा दिया है। नारेपुर गॉव में दो पक्षों के बीच ईंट- पत्थर गोलीबारी की गई है। फतेहा कलाली चौक दुकानदार संजय कुमार ने बताया- तीन-चार की संख्या में अपराधी मास्क लगाकर हथियार चमकाते आया और 20 हजार रूपया की मांग किया, इनकार करने पर गल्ला में रखा 15 हजार रूपया ले लिया और दो दुकान से नगदी लेकर फरार हो गया। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### गोलीबारी में एक की मौत- एक घायल

**बछवाड़ा/बेगूसराय।** थाना क्षेत्र के चमथा एक पंचायत रजौली में जमीनी विवाद को लेकर हिंसक झड़प ईंट- पत्थर गोलीबारी दो पक्षों के बीच बेगूसराय इलाज के दौड़ान भरत राय के 35 वर्षीय पुत्र अजीत राय की मौत हो गई, जबकि सहोदर भाई दीपक राय 30 वर्षीय घायल की इलाज करायी जा रही है। चमथा लक्ष्मण टोल दियारा रैली में तेघरा डीएसपी, बछवाड़ा थानाध्यक्ष समेत बड़ी संख्या में पुलिस बल घटनास्थल पर कैंप कर रहे हैं। इन दिनों दियारा क्षेत्र में दहशत का माहौल बना हुआ है।

### पेड़ से लटकता मिला अधेड़ का शव, क्षेत्र में मचा हड़कंप

**सीवान।** जिले में बड़हरिया थाना क्षेत्र के सदरपुर गांव के पश्चिमोत्तर स्थित एक आम के बगीचे में सोमवार की भोर में एक अधेड़ का शव पेड़ से लटकता मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों की भारी भीड़ मौके पर जुट गई और गांव में कोहराम मच गया।

# बिहार विधान परिषद चुनाव : राजग के सभी नौ उम्मीदवारों ने भरा नामांकन

एजेंसी

**पटना।** बिहार विधान परिषद की नौ सीटों पर होने वाले चुनाव तथा एक सीट पर उपचुनाव के लिए सोमवार को नामांकन प्रक्रिया समाप्त हो गई। नामांकन के अंतिम दिन राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) ने अपनी पूरी ताकत का प्रदर्शन करते हुए सभी नौ उम्मीदवारों का नामांकन दाखिल कराया। वहीं महागठबंधन की ओर से राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के उम्मीदवार सुनील कुमार सिंह ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।
नामांकन के दौरान राजधानी पटना में राजनीतिक गतिविधियां पूरे दिन तेज रहीं। राजग उम्मीदवारों के नामांकन कार्यक्रम में राज्य सरकार और केंद्र सरकार के कई वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी ने इसे राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण बना दिया। इस अवसर पर बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान,जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा, उपमुख्यमंत्री विजय कुमार



चौधरी सहित कई मंत्री, विधायक और गठबंधन दलों के वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे। जनता दल यूनाइटेड (जदयू) ने विधान परिषद चुनाव के लिए चार उम्मीदवारों तथा एक विधानसभा उपचुनाव के लिए उम्मीदवार को मैदान में उतारा है। पार्टी की ओर से मंत्री निशांत कुमार, भारती मेहता, शिवरानी देवी प्रजापति ने विधान परिषद चुनाव के लिए नामांकन किया। वहीं उपचुनाव के लिए ललन प्रसाद ने अपना पर्चा दाखिल किया।
भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने विधान परिषद चुनाव के लिए चार उम्मीदवारों को मैदान में उतारा है। पार्टी की ओर से संजय मयूख, अनिल कुमार ठाकुर, शीला पंडित तथा भोजपुरी फिल्म अभिनेता से राजनीति में आए पवन सिंह ने नामांकन दाखिल किया। राजग की सहयोगी पार्टी लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) की ओर से अशरफ अंसारी ने विधान परिषद चुनाव के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया। इसके साथ ही राजग ने सभी नौ सीटों के लिए अपने उम्मीदवारों का नामांकन पूरा कर लिया। दूसरी ओर महागठबंधन की तरफ से राष्ट्रीय जनता दल के उम्मीदवार सुनील कुमार सिंह ने अपना नामांकन दाखिल किया। उनके नामांकन के साथ ही चुनावी मुकाबले की तस्वीर और स्पष्ट हो गई है। विधान परिषद की इन सीटों के चुनाव को बिहार की राजनीति के लिहाज से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब उम्मीदवारों की जांच, नाम वापसी और मतदान की तैयारियों पर राजनीतिक दलों की नजर रहेगी। विधानसभा में संख्याबल के आधार पर राजग को बढ़त मिलती दिखाई दे रही है, लेकिन विपक्ष भी इस चुनाव को राजनीतिक संदेश देने के अवसर के रूप में देख रहा है।

# बिहार में अरवल-पटना नहर रोड़ पर सड़क दुर्घटना में पटना के चार युवकों की मौत

**अरवल।** बिहार में अरवल-पटना नहर रोड स्थित गांधी मैदान के पास बीती देर रात पटना के चार युवकों की सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसा उस समय हुआ जब पांच युवक एक कार से अरवल से पटना लौट रहे थे। तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे नहर में जा गिरी। दुर्घटना में चार युवकों की डूबने से मौत हो गई, जबकि एक युवक को गंभीर हालत में बचाकर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यह हादसा अरवल-पटना नहर रोड स्थित गांधी मैदान के पास हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार कार की रफ्तार काफी अधिक थी और अनुमानित गति करीब 100 किलोमीटर प्रति घंटा से ज्यादा बताई जा रही है। सड़क पर मौजूद एक मोड़ के पास चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका, जिसके बाद कार सीधे नहर में जा गिरी। स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की आवाज सुनते ही मौके पर पहुंचकर राहत कार्य शुरू किया। घटना की सूचना पुलिस और प्रशासन को दी गई। कुछ ही देर में पुलिस टीम और गोताखोर मौके पर पहुंच गए। नहर में डूबी कार को निकालने के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ी। बचाव अभियान के दौरान कार के अंदर फंसे तीन युवकों के शव गोताखोरों की मदद से बाहर निकाले गए, जबकि चौथे शव को बाद में क्रेन की सहायता से निकाला गया। अरवल डीएसपी कुमार संजय ने बताया कि एक मृतक की अभी पहचान नहीं हो पाई है ,शेष तीन के घर वालों को घटना की सूचना रात में ही दे दी गई थी। मृतकों में पहचाने गए तीन युवक में पटना के बिहटा निवासी रिशांक और मनोज के अलावा कंकड़बाग निवासी अमन शामिल हैं। चौथे मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। वहीं कार चला रहे रोहित को स्थानीय लोगों ने समय रहते बाहर निकाल लिया। गंभीर रूप से घायल रोहित को इलाज के लिए अरवल सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार जारी है। सदर थाना पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने सभी शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। हादसे की जानकारी मिलते ही मृतकों के परिजन देर रात अस्पताल पहुंच गए। अस्पताल परिसर में परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था। प्रारंभिक जांच में तेज रफ्तार और वाहन पर नियंत्रण खोना हादसे का प्रमुख कारण माना जा रहा है। हालांकि पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि दुर्घटना के सही कारणों का पता लगाने के लिए घटनास्थल का निरीक्षण किया गया है और घायल चालक से भी पूछताछ की जाएगी।

# बखरी स्थित सलोना ठाकुरवाड़ी से दो प्राचीन मूर्ति बेगूसराय संग्रहालय भेजा गया

**बखरी/बेगूसराय।** बेगूसराय जिले की समृद्ध सांस्कृतिक एवं पुरातात्विक विरासत के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत बखरी प्रखंड स्थित ऐतिहासिक रामजानकी ठाकुरबाड़ी, सलौना से प्राप्त दो प्राचीन सिंह प्रतिमाओं को संरक्षित



करने के उद्देश्य से बेगूसराय संग्रहालय में हस्तांतरित किया गया है। प्राप्त प्रतिमाएं लगभग 250 वर्ष या उससे अधिक प्राचीन मानी जा रही हैं तथा इनका संबंध ठाकुरबाड़ी के निर्माण काल से प्रतीत होता है। जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी ने बताया कि रामजानकी ठाकुरबाड़ी, सलौना का निर्माण मुगल काल के उत्तरार्ध में लगभग 250 से 350 वर्ष पूर्व हुआ था। लाल पत्थरों से निर्मित यह प्राचीन धार्मिक एवं स्थापत्य धरोहर अपनी उत्कृष्ट शिल्पकला और बारीक नक्काशी के लिए क्षेत्र में विशेष पहचान रखती है। भवन पर उकेरी गई कलात्मक आकृतियां उस काल की विकसित मूर्तिकला एवं स्थापत्य परंपरा का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत करती हैं।जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी-सह-सहायक संग्रहालयाध्यक्ष श्री श्याम कुमार सहनी ने बताया कि ज्ञान भारतम मिशन के अंतर्गत पांडुलिपि संरक्षण एवं सांस्कृतिक धरोहरों के दस्तावेजीकरण कार्य के क्रम में रामजानकी ठाकुरबाड़ी, सलौना का निरीक्षण किया गया था। निरीक्षण के दौरान परिसर में एक प्राचीन सिंह प्रतिमा क्षतिग्रस्त एवं उपेक्षित अवस्था में पाई गई। प्रारंभिक अध्ययन से यह स्पष्ट हुआ कि यह प्रतिमा ठाकुरबाड़ी के शीर्ष भाग पर स्थापित दो सिंह प्रतिमाओं में से एक थी। इसके उपरांत विस्तृत खोजबीन एवं स्थल निरीक्षण के दौरान दूसरी सिंह प्रतिमा भी ठाकुरबाड़ी परिसर में झाड़ियों और मिट्टी के नीचे दबे हुए अवस्था में प्राप्त हुई। दोनों प्रतिमाओं को स्थानीय प्रशासन एवं संबंधित अधिकारियों के सहयोग से सावधानीपूर्वक बाहर निकालकर सुरक्षित रूप से बेगूसराय संग्रहालय लाया गया है।संग्रहालय प्रशासन द्वारा दोनों प्रतिमाओं का संरक्षण, प्रलेखन एवं वैज्ञानिक पद्धति से रखरखाव सुनिश्चित किया जाएगा। इन प्रतिमाओं को संग्रहालय की प्रदर्शनी दीर्घा में प्रदर्शित किया जाएगा ताकि विद्यार्थी, शोधार्थी, इतिहासकार एवं आम दर्शक जिले की प्राचीन सांस्कृतिक धरोहरों का अवलोकन कर सकें तथा सलौना ठाकुरबाड़ी की ऐतिहासिक, धार्मिक एवं स्थापत्य विरासत के संबंध में जानकारी प्राप्त कर सकें। जिला कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा इसे जिले की सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया गया है।

# संदेहास्पद स्थिति में सिपाही की मौत, छानबीन में जुटी पुलिस

एजेंसी

**भागलपुर।** जिले के सबौर थाना क्षेत्र में डायल 112 में तैनात सिपाही आलोक रंजन का शव संदिग्ध परिस्थिति में सोमवार को उनके घर से बरामद किया गया है। मृतक सिपाही दरभंगा जिले के निवासी थे और वह सबौर में किराए के मकान में रहकर अपनी सेवा दे रहे थे। बताया जा रहा है कि रविवार रात ड्यूटी पूरी करने के बाद आलोक रंजन अपने सबौर स्थित किराए के घर आराम करने चले गए। सोमवार सुबह जब सहकर्मियों ने उन्हें उठाने का प्रयास किया तो उनकी ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। इसके बाद तत्काल मामले की सूचना सबौर थाना पुलिस को दी गई। सूचना मिलने के बाद पुलिस और सहकर्मियों ने आलोक रंजन को इलाज के लिए जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। उधर घटना की जानकारी मिलते ही डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर नवनीत कुमार और सबौर थानाध्यक्ष बिट्टू कुमार कमल मौके पर पहुंचे। अधिकारियों ने सहकर्मियों से घटना के संबंध में जानकारी ली और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया शुरू कर दी।

# भीमनगर सीमा पर मानव तस्करी का प्रयास विफल

एजेंसी

**सुपौल।** भारत-नेपाल सीमा पर तैनात 45वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने मानव तस्करी के एक प्रयास को विफल करते हुए एक नाबालिग लड़की को सुरक्षित बचा लिया। यह कार्रवाई भीमनगर स्थित अंतरराष्ट्रीय चेक पोस्ट पर नियमित जांच अभियान के दौरान की गई। द्वितीय कमान अधिकारी (कार्यवाहक कमांडेंट) जगदीश कुमार शर्मा ने बताया कि सीमा चौकी भीमनगर के जवान नेपाल से भारत की ओर आने वाले लोगों की नियमित जांच कर रहे थे। इसी




दौरान दो युवतियों की गतिविधियां संदिग्ध प्रतीत होने पर उन्हें रोककर पूछताछ की गई। पहचान पत्रों के सत्यापन और प्रारंभिक पूछताछ में दोनों द्वारा अलग-अलग एवं विरोधाभासी जानकारी दी गई। बार-बार बयान बदलने से जवानों का संदेह गहरा गया, जिसके बाद विस्तृत जांच शुरू की गई। गहन पूछताछ के दौरान मामला मानव तस्करी से जुड़ा हुआ प्रतीत हुआ। जांच में एक युवती की पहचान मधुबनी जिले की रहने वाली 23 वर्षीय आरती कुमारी के रूप में हुई। वहीं उसके साथ एक 14 वर्षीय नाबालिग लड़की भी थी। जांच में सामने आया कि नाबालिग को नौकरी दिलाने का झांसा देकर नेपाल से भारत लाया जा रहा था।

# सभी आंगनबाड़ी केंद्र पर सामूहिक गोद भराई कार्यक्रम का आयोजन

एजेंसी

**बेगुसराय।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के सफलतापूर्वक 10 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर बेगूसराय जिला प्रशासन, समेकित बाल विकास सेवा , स्वास्थ्य विभाग एवं पीरामल फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में जिले के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों पर विशेष सामूहिक गोद भराई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सुरक्षित मातृत्व के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाना, गर्भवती महिलाओं को प्रसव पूर्व जांच (एएनसी) के लिए प्रेरित करना तथा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाने हेतु सामुदायिक



सहभागिता को प्रोत्साहित करना था।इस अवसर पर आंगनवाड़ी केंद्रों को आकर्षक ढंग से सजाया गया तथा गर्भवती महिलाओं का पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ स्वागत एवं सम्मान किया गया। कार्यक्रम के दौरान गर्भवती महिलाओं को पोषण युक्त खाद्य सामग्री एवं स्वास्थ्य संबंधी उपयोगी जानकारी प्रदान की गई। साथ ही उन्हें संतुलित आहार, नियमित स्वास्थ्य जांच, आयरन एवं फोलिक एसिड की गोलियों के सेवन, संस्थागत प्रसव तथा गर्भावस्था के दौरान आवश्यक सावधानियों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों एवं स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया गया कि प्रत्येक माह की 9 तारीख को सरकारी स्वास्थ्य संस्थानों में गर्भवती महिलाओं की निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण प्रसव पूर्व जांच की जाती है। इस जांच के माध्यम से उच्च जोखिम वाली गर्भावस्थाओं की समय रहते पहचान कर आवश्यक चिकित्सीय परामर्श एवं उपचार उपलब्ध कराया जाता है, जिससे मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने में सहायता मिलती है। कार्यक्रम के दौरान मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के संरक्षण में परिवार के सभी सदस्यों, विशेषकर पुरुषों की भूमिका पर भी विशेष बल दिया गया। उपस्थित लोगों को बताया गया।

# बिहार में पीएम आवास योजना-2.0 के लिए 262.37 करोड़ रुपये की दूसरी किस्त मंजूर

एजेंसी

**पटना।** बिहार सरकार ने सबके लिए आवास के लक्ष्य को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए प्रधानमंत्री आवास (शहरी) योजना-2.0 के तहत राज्य की 200 लाभार्थी आधारित निर्माण (बीएलसी) परियोजनाओं के लिए 262.37 करोड़ रुपये की दूसरी किस्त के व्यय को मंजूरी दी है। नगर विकास एवं आवास मंत्री नीतीश मिश्रा ने सोमवार को अपने कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में इसकी जानकारी दी। मंत्री ने बताया कि स्वीकृत राशि से राज्य के पात्र लाभार्थियों को आवास निर्माण कार्य में तेजी लाने में



मदद मिलेगी। साथ ही शहरी गरीब परिवारों को सम्मानजनक और सुरक्षित आवास उपलब्ध कराने के लक्ष्य को भी मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन और मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में बिहार सरकार प्रधानमंत्री आवास (शहरी) योजना-2.0 के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए पूरी प्रतिबद्धता और तत्परता के साथ कार्य कर रही है। नीतीश मिश्रा ने कहा कि राज्य सरकार का संकल्प है कि शहरी क्षेत्रों में रहने वाले प्रत्येक पात्र और जरूरतमंद परिवार को सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण तथा सम्मानजनक पक्का आवास उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि ह्यसबके लिए आवासह्ल के राष्ट्रीय लक्ष्य को प्राप्त करने की दिशा में बिहार लगातार आगे बढ़ रहा है और यह योजना हजारों परिवारों के जीवन में स्थायित्व, सुरक्षा और गरिमा सुनिश्चित करने का प्रभावी माध्यम बन रही है। उन्होंने बताया कि भारत सरकार के आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय की ओर से प्रधानमंत्री आवास (शहरी) योजना-2.0 की शुरूआत एक सितंबर 2024 से की गई थी। इस योजना का उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में रहने वाले आवासविहीन और आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को सुरक्षित, टिकाऊ और पक्का आवास उपलब्ध कराकर उनके जीवन स्तर में सुधार लाना है।

# शहजाद अली हत्याकांड में एक और आरोपी पकड़ाया, अब तक छह गिरफ्तार

एजेंसी

**सीवान।** जिले में बड़हरिया थाना क्षेत्र के शिवराजपुर गांव में हुए चर्चित शहजाद अली हत्याकांड में पुलिस को एक और बड़ी सफलता मिली है। मामले के अग्रतर अनुसंधान के दौरान पुलिस ने एक अन्य नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। इसके साथ ही इस हत्याकांड में अब तक कुल 6 अभियुक्तों की गिरफ्तारी हो चुकी है, जबकि 2 विधि-विरुद्ध बालकों को निरुद्ध किया गया है।जानकारी के अनुसार, 30 मई 2026 को शिवराजपुर गांव निवासी शहजाद अली की ग्रामीणों द्वारा हत्या



किए जाने की सूचना पुलिस को मिली थी। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक सीवान, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-1 तथा एफएसएल टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर महत्वपूर्ण साक्ष्य एकत्र किए थे। मृतक के शव का पोस्टमार्टम पूर्ण वीडियोग्राफी के साथ कराया गया था। इस मामले में बड़हरिया थाना कांड संख्या 230/26 दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया। कांड के त्वरित उद्भेदन के लिए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-1 के नेतृत्व में विशेष जांच दल का गठन किया गया। तकनीकी अनुसंधान और मानवीय सूचना के आधार पर गठित टीम ने पहले ही 5 आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया था तथा 2 विधि-विरुद्ध बालकों को निरुद्ध किया गया था।

## संक्षिप्त

### इंग्लैंड के वर्ल्ड कप बेस कैंप के पास फायरिंग में 9 घायल

**कैनसस सिटी , एजेंसी।** अमेरिका के कैनसस सिटी में इंग्लैंड की फीफा वर्ल्ड कप-2026 बेस कैंप साइट के पास शनिवार को गोलीबारी हुई, जिसमें 9 लोग घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक सभी घायलों की हालत खतरे से बाहर है। घटना ऐसे समय हुई है जब उत्तरी अमेरिका में फीफा वर्ल्ड कप-2026 शुरू होने में कुछ ही दिन बाकी हैं। गोलीबारी कैनसस सिटी स्थित स्वोप सॉकर विलेज के करीब हुई, जिसे वर्ल्ड कप के दौरान इंग्लैंड टीम का ट्रेनिंग बेस कैंप बनाया गया है। घटना स्थल बेस कैंप से करीब 4 मील दूर बताया गया है। हालांकि, इंग्लैंड की टीम अभी वहां नहीं पहुंची है। टीम बुधवार को ऑरलैंडो में कोस्टा रिका के खिलाफ प्री-टूर्नामेंट फ्रेंडली मैच खेलेगी। कैनसस सिटी पुलिस के अनुसार फायरिंग में घायल सभी 9 लोगों की जान को कोई खतरा नहीं है। इनमें से कम से कम 3 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने बताया कि अभी तक किसी संदिग्ध को गिरफ्तार नहीं किया गया है और जांच जारी है। इंग्लैंड वर्ल्ड कप-2026 में ग्रुप एल में क्रोएशिया, घाना और पनामा के साथ खेल रहा है। टीम अपना पहला मुकाबला 17 जून को क्रोएशिया के खिलाफ खेलेगी। 1966 की विश्व चैंपियन इंग्लैंड इस बार दूसरा विश्व कप खिताब जीतने के लक्ष्य के साथ मैदान में उतरेगी।

### बांग्लादेश में आठ साल की बच्ची से दुष्कर्म-हत्या में दंपती को मृत्युदंड

**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश की एक अदालत ने आठ साल की बच्ची से दुष्कर्म और हत्या के मामले में एक दंपती को मौत की सजा सुनाई। अदालत ने सिर्फ पांच दिन की सुनवाई के बाद अपना फैसला सुनाया। अभियोजकों ने इसे देश में हत्या के किसी मुकदमे का सबसे तेजी से निपटारा बताया है। ढाका मेट्रोपॉलिटन बाल उत्पीड़न रोकथाम न्यायाधिकरण ने घटना के 19 दिन बाद दोषियों की सजा का एलान किया। जस्टिस मसरूर सालेकिन ने रविवार को सोहेल राणा और उसकी पत्नी स्वप्ना खातून को मौत की सजा सुनाई और क्रमश: पांच लाख टका और दो लाख टका का जुर्माना भी लगाया। उन्होंने जुर्माने की राशि पीड़ित परिवार को देने का आदेश दिया। उन्होंने कहा कि कोई भी निजी वकील दंपती की पैरवी करने को तैयार नहीं हुआ, जिसके कारण अदालत ने उनके प्रतिनिधित्व के लिए एक सरकारी वकील नियुक्त किया। बांग्लादेशी कानून के तहत, निचली अदालतों की ओर से दी गई मौत की सजा को अमल में लाने से पहले उच्च न्यायालय की ओर से फैसले की समीक्षा और पुष्टि किया जाना जरूरी है।

### उत्तरी वजीरिस्तान में पाकिस्तानी सेना का ऑपरेशन, 27 आतंकियों के मारे जाने का दावा ; सुरक्षा हालात तनावपूर्ण



**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान के अशांत उत्तरी वजीरिस्तान क्षेत्र में सुरक्षा बलों ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए 27 आतंकवादियों को मार गिराया है। यह कार्रवाई पिछले 72 घंटों में कई खुफिया-आधारित अभियानों के तहत की गई। पाकिस्तान सेना के मीडिया विंग इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस के अनुसार, यह ऑपरेशन मीर अली और मीरानशाह इलाकों में आतंकियों के ठिकानों पर केंद्रित था। कई ठिकानों पर एक साथ कार्रवाई सूत्रों के मुताबिक, सुरक्षा बलों ने खुफिया जानकारी के आधार पर एक साथ कई ठिकानों पर कार्रवाई की। इस दौरान भीषण मुठभेड़ हुई, जिसमें 27 आतंकवादी मारे गए। इन आतंकियों के पास से भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किया गया है। बताया गया है कि ये आतंकी कई आपराधिक और आतंकवादी गतिविधियों में शामिल थे। निर्दोष नागरिकों की हत्या में शामिल थे आतंकी आईएसपीआर के बयान के अनुसार, मारे गए आतंकियों पर निर्दोष नागरिकों की लक्षित हत्याओं में शामिल होने का आरोप था। सुरक्षा बलों ने उन्हें विदेशी समर्थित आतंकवाद से जुड़ा बताया है। सेना ने यह भी दावा किया कि इस ऑपरेशन के दौरान स्थानीय नेता शहीद मलिक सैफुल्लाह दावर की हत्या का बदला भी लिया गया। मीरानशाह में हुई इस घटना के जिम्मेदार आतंकियों को इस कार्रवाई में मार गिराया गया। आतंकवाद के खिलाफ अभियान जारी रहेगा सुरक्षा एजेंसियों ने कहा है कि इलाके में अभी भी तलाशी और सफाई अभियान जारी है, ताकि किसी भी छिपे हुए आतंकी को खत्म किया जा सके। पाकिस्तानी सेना और सुरक्षा बलों ने स्पष्ट किया है कि 'अज्म-ए-इस्तेहकाम' अभियान के तहत आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# ईरान ने इस्राइल पर दागीं मिसाइलें, तेहरान में एयरस्पेस बंद; सऊदी में खतरा टला

**तेहरान/तेल अवीव, एजेंसी।** इस्राइल ने दावा किया है कि ईरान ने उस पर मिसाइलों से हमला किया है। अप्रैल की शुरुआत में लागू हुए युद्धविराम के बाद यह पहली बार है जब ईरान की ओर से ऐसा हमला किया गया है। इस घटनाक्रम से युद्ध समाप्त करने के लिए चल रहे कूटनीतिक प्रयासों को बड़ा झटका लग सकता है।

ईरान की मिसाइल बौछारों के बाद इजरायल ने भी जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी है। इजरायल डिफेंस फोर्स (आईडीएफ) ने दावा किया कि इजरायली वायु सेना ने पश्चिमी और मध्य ईरान में सैन्य ठिकानों पर हवाई हमले किए हैं। आईडीएफ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर कहा, 'कुछ देर पहले इजरायली वायु सेना ने पश्चिमी और मध्य ईरान में ईरानी शासन के सैन्य ठिकानों पर हमला किया।' इजरायल ने दावा किया कि उसके लड़ाकू विमान ईरान के भीतर स्थित सैन्य ठिकानों को निशाना बना रहे थे। इजरायल ने सोमवार तड़के पश्चिमी और मध्य ईरान में सैन्य ठिकानों पर हमले किए। इस्लामिक रिपब्लिक न्यूज एजेंसी (आईआरएनए) की रिपोर्ट के मुताबिक, तेहरान में कम से कम दो जोरदार धमाकों की आवाजें सुनी गईं। तेहरान अग्निशमन विभाग के हवाले से आईआरएनए ने बताया कि पश्चिमी तेहरान के निवासियों ने तड़के लगभग 4:43 बजे और 4:45 बजे दो धमाकों की आवाजें सुनीं। हालांकि, शहर के किसी भी शहरी क्षेत्र में विस्फोट की पुष्टि नहीं हुई। आईआरएनए के अनुसार, इजरायली सेना ने दावा किया कि



इजरायली वायु सेना ने पश्चिमी और मध्य ईरान में स्थित इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान से संबंधित कई सैन्य ठिकानों और केंद्रों को निशाना बनाया है। आईआरएनए के मुताबिक, ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) ने कहा कि इजरायल ने अपने नवीनतम हमलों में हवाई-लॉन्च बैलिस्टिक मिसाइलों का इस्तेमाल किया। इजरायली सेना ने रविवार रात ईरान के हमलों की जानकारी देते हुए कहा था कि वह किसी भी संभावित मिसाइल हमले और आगे की कार्रवाई के लिए पूरी तरह तैयार है। आईडीएफ के प्रवक्ता एफी डेफ्रिन ने रविवार को कहा कि मिसाइलें दागकर ईरान ने 'बहुत बड़ी गलती' की है। बीती रात ईरान ने इजरायल की ओर चार बार मिसाइलों की बौछार की थी। इसके बाद इजरायल ने जवाबी कार्रवाई की। ईरान के नजफाबाद के पास इजरायली हमलों के बाद धुआं उठता हुआ दिखाई दिया। अल-मायादीन की रिपोर्ट के अनुसार, इजरायली सेना के एक प्रवक्ता ने कहा कि सैन्य खुफिया जानकारी के आधार पर इजरायली वायु सेना ने पश्चिमी और मध्य ईरान में सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया।

**ईरान बोला- सऊदी एयर बेस पर हमने कोई मिसाइल नहीं दागी :** ईरान बोला- सऊदी एयर बेस पर हमने कोई मिसाइल नहीं दागी ईरान ने सऊदी अरब के अल-खार्ज एयर बेस पर हमले की खबरों को खारिज कर दिया है। ईरानी सरकारी प्रसारक आईआरआईबी के मुताबिक एक सैन्य अधिकारी ने कहा कि ईरान ने अल-खार्ज एयर बेस की ओर कोई भी गोली या मिसाइल नहीं दागी है। यह बयान उस समय आया जब अल-खार्ज इलाके में धमाके जैसी खबरें सामने आईं और सऊदी सिविल डिफेंस ने संभावित खतरे को लेकर अलर्ट जारी किया था। अधिकारियों ने लोगों से सुरक्षित स्थानों पर रहने की अपील की थी। हालांकि बाद में सऊदी अरब ने कहा कि खतरा टल गया है। फिलहाल घटना को लेकर तनाव बना हुआ है।

**यमन की ओर से इस्राइल पर दागी गई मिसाइल :** इस्राइल की सेना ने दावा किया है कि यमन की दिशा से उसकी सीमा की ओर एक मिसाइल दागी गई है। सेना के अनुसार मिसाइल का पता लगते ही रक्षा प्रणाली को तुरंत सक्रिय कर दिया गया और खतरे को रोकने के लिए इंटरसेप्टर सिस्टम काम में लगाए गए।इस्राइली सेना ने कहा कि स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है और सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट मोड पर हैं। फिलहाल किसी बड़े नुकसान या हताहत की जानकारी सामने नहीं आई है। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच इस हमले ने क्षेत्र की सुरक्षा चिंताओं को और बढ़ा दिया है।

**सऊदी अरब ने हटाया अलर्ट, अल-खर्ज में खतरा टला :** सऊदी अरब के सिविल डिफेंस विभाग ने अल-खर्ज गवर्नरेट में जारी संभावित खतरे का अलर्ट वापस ले लिया है। विभाग ने कहा कि अब स्थिति सामान्य है और खतरा टल चुका है। इससे कुछ देर पहले प्रशासन ने लोगों को घरों में रहने और सुरक्षित स्थानों पर जाने की सलाह दी थी। हालांकि अधिकारियों ने अब तक यह स्पष्ट नहीं किया है कि खतरा किस प्रकार का था। पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच इस अलर्ट ने लोगों की चिंता बढ़ा दी थी। फिलहाल सुरक्षा एजेंसियां इलाके में निगरानी बनाए हुए हैं और हालात पर लगातार नजर रखी जा रही है। सऊदी अरब में अलर्ट जारी सऊदी अरब के सिविल डिफेंस विभाग ने अल-खर्ज गवर्नरेट में संभावित खतरे को लेकर चेतावनी जारी की है। अधिकारियों ने लोगों से तुरंत सुरक्षित स्थानों पर जाने और अगली सूचना तक घरों से बाहर न निकलने की अपील की है।

*दुकानदारों के लिए एफएसएसएआई की चेतावनी*

# अखबार में लपेटकर दिए समोसे-कचौड़ी तो खैर नहीं

**नई दिल्ली, एजेंसी।** समोसे-कचौरी या अन्य खाने-पीने वाली चीजें बेचने वाले दुकानदारों के लिए भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) ने बड़ी चेतावनी जारी की है। भारत में खाद्य सुरक्षा का ख्याल रखने वाली एजेसी ने साफ कर दिया है कि अगर कोई दुकानदार खाने पीने की चीजों को अखबार में लपेटकर बेचता हुआ पाया जाता है, तो उसके ऊपर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। एफएसएसएआई की तरफ से जारी किए गए आदेश में कहा गया कि खाने-पीने की चीजों में अखबार का उपयोग तुरंत बंद करना होगा, क्योंकि इससे स्वास्थ्य को गंभीर नुकसान पहुंच सकते हैं। सोशल मीडिया साइट एक्स पर लिखे एक पोस्ट में एजेंसी ने चेतावनी दी कि अखबरों की छपाई में इस्तेमाल होने वाली स्याही में सीसा और अन्य भारी धातुओं का इस्तेमाल होता है। इसमें हानिकारक रसायन भी होते हैं। अगर इनका इस्तेमाल खाद्य पदार्थ को रखने के लिए किया जाता है, तो रसायन मानव शरीर में पहुंचकर बड़ी हानि कर सकते हैं। ऐसे में इनके इस्तेमाल से बचना चाहिए।

एफएसएसएआई ने पैकिजिंग नियम 2018 का हवाला देते हुए कहा कि भोजन के भंडारण, रैपिंग या परोसने के लिए अखबारों या इसी तरह की अप्रमाणित सामग्री का उपयोग करना सख्त वर्जित है। इस चेतावनी के बाद भी अगर कोई दुकानदार अखबारों का इस्तेमाल करते हुए पकड़ा जाता है, तो उसे 6 महीने तक की जेल या फिर 5 लाख तक के जुर्माने का सामना करना पड़ सकता है। इसके साथ ही ग्राहकों को भी सतर्क रहना चाहिए।

**अखबार स्वास्थ्य के लिए खतरनाक क्यों :** अखबार की रद्दी देश के किसी भी कोने में आसानी के साथ मिल जाती है। ऐसे में स्थानीय स्तर पर समोसा कचौरी बेचने वाले दुकानदार इसका इस्तेमाल काफी पहले से करते आ रहे हैं। लेकिन हमारी आम जिंदगी का हिस्सा बन चुकी यह आदत स्वास्थ्य के लिए बेहद हानिकारक है। अखबारों के छपने में इस्तेमाल होने वाली स्याही में सीसा और भारी धातुएं मौजूद होती हैं। ऐसे में जब गर्म और रसीला खाना इसके ऊपर रखा जाता है, तो वह अपने साथ स्याही को भी निकाल लेता है। इसके बाद यह कैमिकल सीधे इंसान के शरीर में पहुंच जाते हैं। बता दें, अखबार में खाना देना भारत में काफी पहले से प्रतिबंधित है। लेकिन अभी हाल ही में मुंबई में बड़ा पाव परोसने के बाद हुई एक घटना के बाद एफएसएसएआई ने एक बार फिर से इस पर नया अपडेट दिया है।

## सदन में सरकार का प्रभावी ढंग से मुकाबला करने में वामपक्ष पूरी तरह विफल रहा : जी सुधाकरन

**तिरुअनंतपुरम, एजेंसी।** केरल में अंबालापुझा से संयुक्त लोकतांत्रिक मोर्चा (ष्ठस्न) समर्थित निर्दलीय विधायक और मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के पूर्व नेता जी सुधाकरन ने रविवार को विपक्ष के नेता पिनराई विजयन पर निशाना साधा। उन्होंने आरोप लगाया कि सदन में सरकार का प्रभावी ढंग से मुकाबला करने में वामपक्ष पूरी तरह विफल रहा है।

**छोड़ दी थी पार्टी :** सुधाकरन अपने विधायक कार्यालय के उद्घाटन के अवसर पर आयोजित एक समारोह को संबोधित कर रहे थे। माकपा नेता के तौर पर पूर्व मंत्री और कई बार विधायक रह चुके सुधाकरन ने जिला नेतृत्व द्वारा दरकिनार किए जाने का आरोप लगाते हुए पार्टी छोड़ दी थी। बाद में उन्होंने यूडीएफ के समर्थन से निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में विधानसभा चुनाव लड़ा और अंबालापुझा से जीत हासिल की। राज्य की वित्तीय स्थिति पर मुख्यमंत्री वी. डी. सतीशन के हालिया भाषण का जिक्र करते हुए सुधाकरन ने कहा कि विपक्ष विधानसभा में अपना रुख बनाए रखने में नाकाम रहा। उन्होंने कहा, 'विधानसभा में सतीशन का एक भाषण हुआ था, जिसमें उन्होंने पिछली वाम लोकतांत्रिक मोर्चे (एलडीएफ) की सरकार से विरासत में मिली वित्तीय स्थिति की आलोचना की थी, लेकिन विपक्ष की ओर से अपने बचाव में एक शब्द भी नहीं बोला गया।

**जवाब नहीं देने पर उठाए सवाल :** सुधाकरन के अनुसार, वामपंथ का एक मजबूत राजनीतिक और वैचारिक रुख है, लेकिन वर्तमान में विपक्ष में कोई भी ऐसा नेता नहीं है, जो इसे स्पष्ट रूप से सामने रख सके और इसका बचाव कर सके। उन्होंने कहा, 'विपक्ष में से किसी को खड़े होकर जवाब देना चाहिए था, लेकिन ऐसा करने वाला वहां कोई नहीं था। विजयन की चुप्पी पर तंज कसते हुए सुधाकरन ने कहा कि पूरी बहस के दौरान विपक्ष के नेता पूरी तरह निष्क्रिय रहे। उन्होंने दावा किया, 'कामरेड पिनराई वहां भीगी बिल्ली की तरह बैठे रहे। वह बिना कोई जवाब दिए चुपचाप बैठे रहे। के. एन. बालगोपाल भी बोलना नहीं जानते। यह एक दयनीय दृश्य था। सुधाकरन ने मंगलवार को आरोप लगाया कि राज्य के अधिकतर बुद्धिजीवी राजनीतिक दलों के 'तलवे चाटने वाले' हैं।

## मालवीय नगर अग्निकांड : हादसे में मरने वालों की संख्या बढ़कर हुई 22

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दक्षिणी दिल्ली के मालवीय नगर स्थित हौजरानी इलाके में हुए भीषण अग्निकांड में मरने वालों की संख्या में इजाफा हुआ है. अब मरने वालों की संख्या 21 से बढ़कर 22 हो गई है, क्योंकि इलाज के दौरान एक और विदेशी नागरिक (नाइजीरियाई नागरिक) की मौत हो गई है. दिल्ली पुलिस के अनुसार, इस घटना में अब तक 13 विदेशी नागरिकों और 9 भारतीय नागरिकों की जान जा चुकी है.



**3 जून को लगी थी आग :** मालवीय नगर इलाके में एक होटल में 3 जून को भीषण आग लग गई थी, जिसमें 13 विदेशियों समेत 22 लोगों की मौत हो गई. इस घटना में दर्जनों लोग घायल हो गए थे. इस दुखद घटना के बाद दिल्ली पुलिस ने गैर-इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर 'फ्लोरिश स्टे' होटल के मालिक लवकेश बजाज को तुरंत गिरफ्तार कर लिया था. साकेत कोर्ट ने उसे 4 दिन की पुलिस कस्टडी में भेजा है. वहीं, शनिवार को दिल्ली पुलिस ने होटल के मुख्य रसोइये (कुक) केशव नेगी को गिरफ्तार किया. जांच में सामने आया है कि किचन में उसकी लापरवाही के कारण आग भड़की थी. रविवार को पुलिस टीम आरोपी कुक को घटनास्थल पर ले गई, जहां आग लगने के घटनाक्रम को दोबारा रीक्रिएट किया गया.

**7 दिन में 97 इमारतें ध्वस्त और 126 संपत्तियां सील :** दिल्ली में अवैध निर्माण और बिल्डिंग बायलॉज के उल्लंघन के खिलाफ एमसीडी ने बड़े स्तर पर कार्रवाई करते हुए 1 जून से 7 जून तक 97 संपत्तियों को ध्वस्त और 126 संपत्तियों को सील किया है. उपराज्यपाल वीके सक्सेना और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के निर्देश पर चलाए जा रहे इस विशेष अभियान के तहत रविवार को भी निगम ने 3 अवैध निर्माणों को गिराया, जबकि 12 संपत्तियों को सील किया. एमसीडी अधिकारियों के अनुसार, यह अभियान दिल्ली के सभी जोनों में चलाया जा रहा है. निगम की टीमों ने दिल्ली पुलिस की मौजूदगी में बुलडोजर और अन्य संसाधनों की मदद से निर्माण नियमों का उल्लंघन करने वाली संपत्तियों के खिलाफ कार्रवाई की. निगम का कहना है कि अवैध निर्माण और संपत्तियों के गलत उपयोग को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. इससे पहले, 5 जून को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने एक अहम बैठक में स्पष्ट कहा था कि सार्वजनिक सुरक्षा के साथ किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा. उन्होंने इस घटना पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए पीड़ित परिवारों के प्रति संवेदनाएं जाहिर कीं थी. साथ ही मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए थे कि मालवीय नगर अग्निकांड के लिए जिम्मेदार किसी भी भवन मालिक, संबंधित अधिकारी या दोषी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा. उन्होंने चेतावनी दी थी कि लापरवाही बरतने वाले किसी भी स्तर के अधिकारी पर सख्त कार्रवाई की जाएगी. शहर भर में चल रहे अवैध रूप से संचालित होटल, गेस्ट हाउस और अनाधिकृत निर्माणों के खिलाफ एक विशेष अभियान चलाया जाएगा।

## डोनाल्ड ट्रंप का दावा, ईरान का खतरा काफी हद तक बेअसर हो गया है

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि ईरान की सैन्य क्षमताएं काफी कमजोर हो गई हैं और यह संघर्ष 'अंतहीन युद्ध' नहीं बनेगा। उन्होंने तर्क दिया कि संयुक्त राज्य अमेरिका तेहरान के साथ परमाणु समझौते को सुरक्षित करने या सैन्य साधनों के माध्यम से अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने के करीब है। एनबीसी के 'मीट द प्रेस' कार्यक्रम में एक साक्षात्कार में ट्रंप ने कहा कि ईरान के पास अब केवल अपने मिसाइल भंडार का एक छोटा सा हिस्सा ही बचा है। महीनों तक चली अमेरिकी सैन्य कार्रवाई के बाद ईरान से उत्पन्न खतरा काफी हद तक कम हो गया है। ईरान की शेष सैन्य क्षमता के बारे में पूछे जाने पर ट्रंप ने कहा, 'शायद उनके पास 21-22 प्रतिशत मिसाइलें बची हैं। यह काफी संख्या में मिसाइलें हैं। लेकिन यह वैसी नहीं हैं, जैसी तब थीं जब हमने



पहली बार हमला किया था। जब उनसे पूछा गया कि क्या अमेरिका एक और लंबे मध्य पूर्व संघर्ष में फंसने के खतरे का सामना कर रहा है, तो ट्रंप ने इस तुलना को खारिज कर दिया और कहा कि ईरान के खिलाफ चलाया गया अभियान इस क्षेत्र में पहले हुए अमेरिकी युद्धों से बहुत अलग है। उन्होंने कहा, 'मुझे ये अंतहीन युद्ध पसंद नहीं हैं। यह कोई अंतहीन युद्ध नहीं है।' यह साक्षात्कार ऐसे समय हुआ जब संघर्ष को 100 दिन पूरे हो चुके थे और प्रशासन की दीर्घकालिक रणनीति और वार्ता के माध्यम से समाधान की संभावनाओं पर सवाल उठते जा रहे थे। ट्रंप ने तर्क दिया कि अमेरिकी सैन्य अभियानों ने पहले ही प्रमुख लक्ष्य हासिल कर लिए हैं। उन्होंने कहा, 'हमने उनकी सेना को पूरी तरह नष्ट कर दिया है, ईरान के अधिकांश ड्रोन कारखाने, प्रक्षेपण स्थल और मिसाइल उत्पादन ठिकाने नष्ट कर दी गई हैं। राष्ट्रपति ने यह भी दावा किया कि संयुक्त राज्य अमेरिका ने ईरान की सैन्य अवसंरचना को शीघ्रता से पुनर्निर्मित करने की क्षमता को प्रभावी रूप से समाप्त कर दिया है। ट्रंप ने कहा, 'उन्हें पुनर्निर्माण में 15 या 20 साल लगेंगे। लेकिन मैं उन्हें यह मौका भी नहीं देने वाला। हम ईरान को परमाणु हथियार नहीं रखने दे सकते। और हम ऐसा होने नहीं देंगे। जब उनसे पूछा गया कि यदि वार्ता विफल हो जाती है तो पुनः सैन्य कार्रवाई किस आधार पर की जाएगी, तो ट्रंप ने कहा, 'मेरी लक्ष्मण रेखा तब होगी जब मुझे लगेगा कि मैं कोई समझौता नहीं कर पाऊंगा, या अगर मैं पर्याप्त तेज़ी से समझौता नहीं कर पाऊंगा।' राष्ट्रपति ने विश्वास व्यक्त किया कि वार्ता समापन के करीब है।

## डोमिनिकन रिपब्लिक में विमान हादसा टेक ऑफ के समय क्रैश हुआ विमान



**सैंटो डोमिंगो , एजेंसी।** डोमिनिकन रिपब्लिक के ला रोमाना अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक निजी विमान क्रैश हो गया। अमेरिका में पंजीकृत यह बिजनेस जेट रविवार को आपात लैंडिंग के समय दुर्घटनाग्रस्त हुआ। दुर्घटना के बाद विमान में आग लग गई। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि एयरस्ट्रिप से टकराने के बाद विमान आग के बड़े गोले में बदल गया। इस हादसे में विमान में सवार चालक दल के दोनों सदस्यों की मौत हो गई।

**दुर्घटना का मंजर विचलित करने वाले :** प्रत्यक्षदर्शियों ने सोशल मीडिया पर कई वीडियो साझा किए हैं। इन तस्वीरों और वीडियो में विमान आपातकालीन लैंडिंग का प्रयास करता देखा जा सकता है। दुर्घटना से ठीक पहले विमान तेज गति से रनवे पर घिसटता हुआ देखा गया। इसके बाद विमान रनवे से फिसलकर हवाई अड्डा परिसर में ही घास वाले क्षेत्र में चला गया और इसी समय भीषण आग लग गई।

**विमान में सवार पायलट और सह-पायलट की मौत :** डोमिनिकन नागरिक उड्डयन संस्थान (आईडीएसी) ने इस घटना की पुष्टि की है। संस्थान ने बताया कि पायलट और सह-पायलट ही विमान में एकमात्र सवार थे। दुर्घटना के समय विमान में कोई यात्री मौजूद नहीं था। इसलिए बड़ी संख्या में लोग हताहत नहीं हुए। विमान के मॉडल को लेकर आईडीएसी ने कहा, यह एक गल्फस्ट्रीम जी200 दो इंजन वाला बिजनेस जेट था। अमेरिका में पंजीकरण के बाद इसे एन318जेएफ नंबर आवंटित हुआ था।

**टेक्सास जा रही थी फ्लाइट :** मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक हादसे से पहले विमान ला रोमाना से टेकऑफ हुआ था। ला रोमाना देश की राजधानी सैंटो डोमिंगो से लगभग 130 किलोमीटर पूर्व में स्थित लोकप्रिय पर्यटन शहर है। यह विमान अमेरिका के टेक्सास में ऑस्टिन जा रहा था। उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद फ्लाइट की इमरजेंसी लैंडिंग के दौरान आग लग गई। क्या गंभीर यांत्रिक खराबी के कारण हुई दुर्घटना? विमानन अधिकारियों की तरफ से जारी प्रारंभिक रिपोर्ट्स के अनुसार, विमान दुर्घटना से पहले चालक दल के सदस्यों ने आपात स्थिति की सूचना दी थी। विमान में आई गंभीर यांत्रिक खराबी के कारण आपात स्थिति की सूचना दी गई। उस समय विमान ला रोमाना से लगभग 16 समुद्री मील दक्षिण-पश्चिम में था।

# फिलीपींस में 7.8 तीव्रता का भूकंप, सुनामी की चेतावनी जारी

**मनीला, एजेंसी।** फिलीपींस में सोमवार सुबह 7.8 तीव्रता का भूकंप आया। इसके बाद फिलीपींस, इंडोनेशिया और मलेशिया के तटीय इलाकों में सुनामी की चेतावनी जारी की गई। शुरुआती रिपोर्टों के मुताबिक कई मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं और एक व्यक्ति की मौत हुई है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के मुताबिक भूकंप भारतीय समयानुसार सुबह 5:07 बजे आया। भूकंप का केंद्र मिंडानाओ द्वीप के जनरल सैंटोस शहर से करीब 13 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में था। फिलीपींस के भूकंप संस्थान के अनुसार भूकंप का केंद्र जमीन से 10 किमी नीचे गहराई 10 में था, जबकि स्त्रस्ने 55 किलोमीटर गहराई दर्ज की। पैसिफिक सुनामी वार्निंग सेंटर ने चेतावनी दी है कि फिलीपींस के कुछ तटीय इलाकों में 3 मीटर तक ऊंची लहरें उठ सकती हैं। वहीं, इंडोनेशिया और मलेशिया के कुछ तटों पर 1 मीटर तक ऊंची लहरों का खतरा है।

**जनरल सैंटोस के पास था भूकंप का केंद्र :** फिलीपींस इंस्टीट्यूट ऑफ वोल्केनोलॉजी एंड सीस्मोलॉजी के अनुसार, भूकंप का केंद्र मिंडानाओ द्वीप पर जनरल सैंटोस शहर से लगभग 13 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में स्थित था। इसकी गहराई लगभग 10 किलोमीटर थी। भूकंप स्थानीय समयानुसार सुबह 7:37 बजे आया, जिससे पूरे क्षेत्र में तेज झटके महसूस किए गए।



**भूकंप के बाद कई इलाकों में बिजली गुल :** जनरल सैंटोस सिटी पुलिस के मास्टर सार्जेंट रॉबर्ट डैगन ने बताया कि कई भवन प्रभावित हुए हैं और राहत-बचाव का काम लगातार जारी है। शहर के कुछ हिस्सों में बिजली भी चली गई। भूकंप के झटके इतने तेज थे कि लोग घरों और दफ्तरों से बाहर निकलकर सड़कों पर आ गए। जनरल सैंटोस सिटी प्रशासन ने दुकानों और इमारतों को पहुंचे भारी नुकसान की तस्वीरें जारी की हैं। सरंगानी प्रांत के अलाबेल कस्बे के पुलिस प्रमुख बेंजी एंचेटा ने बताया कि पुलिस स्टेशन की इमारत में भी दरारें आ गई हैं। एंचेटा ने रॉयटर्स से कहा, 'यह सबसे शक्तिशाली भूकंप है जिसे हमने यहां महसूस किया है।' उनके मुताबिक झटकों के दौरान कुछ लोग डर के कारण बेहोश हो गए। फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने कहा कि उन्होंने सभी संबंधित सरकारी एजेंसियों को तुरंत कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने प्रभावित इलाकों में लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने और राहत-बचाव अभियान शुरू करने को कहा है।




● मानव-सुंदर के आगे अफगानिस्तान ने घुटने टेके, दूसरी इनिंग में मेहमान टीम 112 रन बनाकर सिमट गई

# पारी और 300 रनों से भारत की बड़ी जीत

**चंडीगढ़ (एजेंसी)।** भारत ने महाराजा यादवेंद्र सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए एकमात्र टेस्ट मुकाबले में अफगानिस्तान को एक पारी और 300 रनों से रौंदा। पहली पारी में 152 रनों पर सिमटने के बाद अफगानिस्तान को फॉलोऑन खेलने के लिए मजबूर होना पड़ा। दूसरी इनिंग में मेहमान टीम का हाल और बेहाल रहा और पूरी टीम 112 रन बनाकर सिमट गई। दूसरी पारी में फॉलोऑन खेलने उतरी अफगानिस्तान को सेदिकुल्लाह अटल और अब्दुल मलिक ने सधी हुई शुरुआत दी और पहले विकेट के लिए 42 रन जोड़े। अब्दुल 8 रन बनाकर आउट हुए, तो अटल 80 गेंदों में 42 रन बनाने के बाद वॉशिंगटन सुंदर का शिकार बने। गुरबाज दूसरी पारी में भी बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके और 24 रन बनाकर आउट हुए। पहली पारी में अर्धशतक लगाने वाले रहमत शाह दूसरी इनिंग में 13 रन ही बना सके। कप्तान शाहिदी 5 रन ही बना सके, तो अजमतुल्लाह उमरजई 4 रन बनाकर पवेलियन लौटे। विकेटकीपर-बल्लेबाज अफसर जजई 8 रन बनाकर आउट हुए, तो खरोटी सिर्फ 6 रन ही बना सके। मोहम्मद सलीम बिना खाता खोले आउट हुए और अशरफ चोटिल होने की वजह से बल्लेबाजी करने नहीं उतरे।

दूसरी पारी में वॉशिंगटन सुंदर ने बेहतरीन गेंदबाजी रते हुए 4 विकेट अपने नाम किए, जबकि कुलदीप यादव ने 3 विकेट झटके। मोहम्मद सिराज और मानव सुथार ने एक-एक विकेट चटकाया। इससे पहले, भारत ने केएल राहुल (100 रन) और शुभमन गिल (126 रन) की शतकीय पारी के बूते पहली पारी 8 विकेट खोकर 564 रन बनाने के बाद घोषित की। साई सुदर्शन (81 रन), ऋषभ पंत (81 रन) और वॉशिंगटन सुंदर (नाबाद 52) ने भी अर्धशतकीय पारी खेली। इसके जवाब में अफगानिस्तान की पूरी टीम 152 रन बनाकर सिमट गई। टीम की तरफ से रहमत शाह ने सर्वाधिक 60 रन बनाए। हालांकि, उन्हें दूसरे छोर से बाकी बल्लेबाजों का साथ नहीं मिल सका। पहली पारी के आधार पर भारतीय टीम ने 412 रनों की बड़ी बढ़त हासिल की। भारत की ओर से अपना डेब्यू मुकाबला खेल रहे मानव सुथार ने शानदार गेंदबाजी करते हुए पहली पारी में 37 रन देकर 6 विकेट चटकाए। वहीं, प्रसिद्ध कृष्णा ने 3 विकेट निकाले।



### 39 रन बनाने में अफगानिस्तान ने 5 विकेट गंवा दिए

भारत और अफगानिस्तान के बीच एकमात्र टेस्ट मुकाबला मुल्लांपुर के महाराजा यादवेंद्र सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेला जा रहा है। भारत द्वारा बनाए गए 564 रनों के जवाब में अफगानिस्तान की पूरी टीम पहली पारी में 152 रन बनाकर सिमट गई। मानव सुथार विपक्षी टीम के बल्लेबाजों के लिए अबूझ पहेली साबित हुए। टेस्ट के तीसरे दिन अफगानिस्तान ने 113 पर 5 विकेट के स्कोर से आगे खेलना शुरू किया और टीम ने अपने अगले 5 विकेट 39 रन जोड़कर गंवा दिए। अफगानिस्तान की तरफ से सिर्फ रहमत शाह ही भारतीय गेंदबाजों का टिककर सामना कर सके और उन्होंने 60 रनों की पारी खेली। हालांकि, उन्हें दूसरे छोर से बाकी बल्लेबाजों का साथ नहीं मिल सका।तीसरे दिन की शुरुआत अफगानिस्तान के लिए अच्छी नहीं रही और अजमतुल्लाह उमरजई बिना खाता खोले प्रसिद्ध कृष्णा की गेंद पर क्लीन बोल्ड हुए। इसके बाद शराफुद्दीन अशरफ भी बल्ले से कुछ खास कमाल नहीं दिखा सके और वह महज 11 रन बनाकर चलते बने। रहमत शाह अपनी पारी में 9 चौके और एक छक्के समेत 60 रन बनाने के बाद मानव सुथार की बेहतरीन गेंद पर क्लीन बोल्ड हुए। मोहम्मद सलीम खाता नहीं खोल सके, तो जियाउर रहमान 6 रन बनाकर आउट हुए। वहीं, खरोटी 4 रन बनाकर नाबाद रहे। इससे पहले, टेस्ट के दूसरे दिन अफगानिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही। अब्दुल मलिक सिर्फ 16 रन बनाकर आउट हुए, तो सेदिकुल्लाह अटल 17 रन बनाने के बाद प्रसिद्ध कृष्णा का शिकार बने।

## तुरंत चमत्कार की उम्मीद नहीं करें

### सूर्यवंशी को लेकर गांगुली ने चेताया

**नई दिल्ली।** पूर्व कप्तान सौरव गांगुली ने कहा कि भारत के लिए पदार्पण की दहलीज पर खड़े वैभव सूर्यवंशी को अपने खेल में ढलने का समय दिया जाना चाहिए और उन पर अपेक्षाओं का बोझ नहीं डाला जाना चाहिए। पंद्रह वर्षीय सूर्यवंशी भारतीय क्रिकेट टीम में चुने जाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए हैं। उन्हें आयरलैंड और इंग्लैंड के दौरे के लिए टी20 टीम में चुना गया है जिसके बाद वह जापान में होने वाले एशियाई खेलों में भी हिस्सा लेंगे। गांगुली ने मीडिया से कहा, 'मेरा मानना है कि हमें उसे उसके हाल पर छोड़ देना चाहिए। वह अभी महज 15 साल का है और मुझे नहीं लगता कि वह दबाव की ज्यादा परवाह करेगा। आईपीएल में भी हमने यही देखा है।' पूर्व बीसीसीआई अध्यक्ष ने कहा कि ब्रिटेन की परिस्थितियां आईपीएल में माहौल से काफी अलग होंगी और सूर्यवंशी को अपने खेल को उसके अनुसार ढालने की चुनौती मिलेगी।



### ब्रिटेन में वैभव की होगी परीक्षा

गांगुली ने कहा, 'निश्चित रूप से भारत के लिए खेलना अलग बात है और वह ऐसे दौरे पर जाएगा, जहां विकेट थोड़े अलग होंगे। वहां गेंद अधिक सीम करेगी, उछाल ज्यादा होगा और नयी गेंद से अधिक मूवमेंट मिलेगा। इसलिए खेल थोड़ा अलग होगा, लेकिन मुझे लगता है कि उसमें अपार प्रतिभा है।

## 'तुझे जो अच्छा लगे, तू कर'

● बेटे को गेंदबाजी करते देखे बगैर घर लौटे मास्टर साहब, बताया कैसे क्रिकेटर बने मानव सुथार

**नई दिल्ली।** मानव सुतार ने शानदार पदार्पण करते हुए 15.5 ओवर में 21 रन देकर तीन विकेट लेकर अफगानिस्तान के बल्लेबाजों को बांधे रखा। टेस्ट के दूसरे दिन जगदीश सुथार ने मीडिया से कहा, 'मैं अपनी पत्नी और बेटी मानसी (मानव की छोटी बहन) के साथ उसका पदार्पण देखने आया था। कल उसे टेस्ट कैप लेते देखकर कैसा लगा, मैं इसे बयां नहीं कर सकता, लेकिन आज हम घर वापस आ गए थे क्योंकि हम सब नर्वस थे और स्टेडियम से उसे खेलते हुए देखकर थोड़े अंधविश्वासी भी हो गए थे।'



**बेटे की सफलता का श्रेय लेने से बहुत हिचकिचा रहे थे जगदीश-** जगदीश अपने बेटे की क्रिकेट के मैदान पर सफलता का श्रेय लेने से बहुत हिचकिचा रहे थे। सुतार ने कहा, 'यह पूरी तरह से मानव की कड़ी मेहनत और उसके घंटों के अभ्यास का नतीजा है। वह सुबह ट्रेनिंग के लिए घर से निकलता था और देर शाम लौटता था। इसका श्रेय उसे और उसके बचपन के कोच धीरज शर्मा को जाता है जिनके हम सब अहसानमंद हैं। मानव ने अपना सारा क्रिकेट उन्हीं से सीखा।'

### मानव सुथार की प्रतिभा के बारे में कब पता चला

यह पूछने पर कि उन्हें असल में कब पता चला कि उनके बेटे मानव में प्रतिभा है तो उन्होंने कहा कि यह एक दिन की बात नहीं थी जब उन्हें इसका अहसास हुआ। जगदीश ने कहा, 'हर दूसरे बच्चे की तरह, उसे भी क्रिकेट का बहुत शौक था। जब वह छह से सात साल का था तो वह टेनिस और रबड़ की गेंद से खेलता था। चूंकि मैं एक पीटी (शारीरिक शिक्षा) टीचर था, इसलिए मैंने हमेशा अपने बेटे को यह खेल खेलने और इसका मजा लेने के लिए हिम्मत दी।

## इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को पहले टेस्ट में हराया

### 996 गेंद में मैच खत्म

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड ने न्यूजीलैंड को तीन मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मैच में रविवार (7 जून) को 151 रनों से हरा दिया। लंदन के लॉर्ड्स स्टेडियम में बारिश के कारण चौथे दिन परिणाम आया, लेकिन मैच में सिर्फ 166 ओवर ही गेंदबाजी हुई। कुल 996 गेंद फेंके गए। चार तेज गेंदबाजों काइल जेमीसन, ओली रॉबिन्सन, नाथन स्मिथ और गस एटकिंसन ने पांच-पांच विकेट लिए। हैरी ब्रूक और एमिलियो गे ही अर्धशतक लगा पाए।




57 सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर रहा, जो गे ने इंग्लैंड की दूसरी पारी में बनाया। न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला किया। इंग्लैंड ने पहली पारी में 140 रन बनाने के बाद न्यूजीलैंड को 113 रन पर आउट कर दिया और 27 रनों की बढ़त हासिल की। इसके बाद दूसरी पारी में 226 रन बनाकर 254 रनों का लक्ष्य दिया। न्यूजीलैंड की टीम दूसरी पारी में 138 रनों पर सिमट गई।

कप्तान बनने के बाद श्रेयस अय्यर का पहला रिएक्शन

## किसी की छाए में नहीं रहूंगा : श्रेयस

**नई दिल्ली।** भारतीय टी20 टीम के नये कप्तान श्रेयस अय्यर ने कहा कि उन्हें बचपन से ही चुनौतियों का सामना करना पसंद रहा है। भारतीय टीम की कप्तानी मिलने का मतलब यह नहीं है कि उन्हें अपना व्यक्तित्व बदलना होगा। इस 31 वर्षीय खिलाड़ी को शनिवार (6 जून) को भारतीय टी20 टीम का कप्तान नियुक्त किया गया। उन्होंने सूर्यकुमार यादव की जगह ली है, जिनकी अगुआई में भारत ने मार्च में टी20 विश्व कप का खिताब जीता था।



सूर्यकुमार यादव को टीम में भी जगह नहीं मिली है। अय्यर ने कहा कि वह वही व्यक्ति बने रहना चाहते हैं, जिसने मुंबई के बेहद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट माहौल में खेलते हुए अपनी पहचान बनाई। उन्होंने एक कार्यक्रम में कहा, 'मुझे अपना व्यक्तित्व बदलने की जरूरत नहीं है। मुझे वही इंसान बने रहना है जो मैं पहले था। मैं किसी और जैसा बनने या किसी की छाए में रहने की कोशिश नहीं करूंगा।'

### चुनौतियां जीवन का हिस्सा

अय्यर ने कहा कि मुंबई जैसे क्रिकेट-प्रेमी शहर में बड़े होने के कारण चुनौतियां उनके जीवन का हिस्सा रही हैं। अय्यर ने कहा, 'मुझे हमेशा चुनौतियां पसंद रही हैं। मुंबई में क्रिकेट का स्तर बहुत ऊंचा है और प्रतिस्पर्धा भी बेहद कड़ी होती है। वहां हर दूसरा बच्चा मुंबई का प्रतिनिधित्व करने का सपना देखता है।'

## महिला टी20 विश्व कप में सबसे बड़ी पारी खेलने वालीं 5 बल्लेबाज



**नई दिल्ली** । महिला टी20 विश्व कप 2026 की उल्टी गिनती शुरू हो चुकी है। 11 जून से इंग्लैंड की धरती पर इस मेगा इवेंट का आयोजन होना है। आपको उन 5 बल्लेबाजों के नाम बताते हैं, जिन्होंने क्रिकेट के सबसे छोटे फॉर्मेट के वर्ल्ड कप में सबसे बड़ी पारी खेली है।

### मेग लेनिंग

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान और स्टार बल्लेबाज मेग लेनिंग के नाम महिला टी20 विश्व कप में सबसे बड़ी पारी खेलने का रिकॉर्ड दर्ज है। लेनिंग ने साल 2014 में आयरलैंड के खिलाफ खेले गए मुकाबले में बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए शतकीय पारी खेली थी। उन्होंने महज 67 गेंदों का सामना कररते हुए 126 रन बनाए थे। अपनी इस पारी में लेनिंग ने 18 चौके और 4 छक्के लगाए थे।

### डिएंड्रा डॉटिन

वेस्टइंडीज की धाकड़ बल्लेबाज ड्रिएंडा डॉटिन टी20 विश्व कप में दूसरी सबसे बड़ी पारी खेलने वाली बल्लेबाज रही हैं। उन्होंने 2010 में हुए वर्ल्ड कप में साउथ अफ्रीका के खिलाफ बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए महज 45 गेंदों में 112 रनों की नाबाद पारी खेली थी। उन्होंने अपनी इस पारी में 7 चौके और 9 गगनचुंबी छक्के लगाए थे।



● **हीथर नाइट :** महिला टी20 विश्व कप में सबसे बड़ी पारी खेलने वाले बल्लेबाजों की सूची में तीसरे नंबर पर इंग्लैंड की बल्लेबाज हीथर नाइट का नाम दर्ज है। उन्होंने 2020 में थाईलैंड के खिलाफ खेले गए मुकाबले में शानदार बैटिंग करते हुए 66 गेंदों में 108 रनों की नाबाद पारी खेली थी।

### हरमनप्रीत कौर

भारतीय टीम की कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 2020 में हुए महिला टी20 विश्व कप में न्यूजीलैंड के खिलाफ 51 गेंदों में 103 रनों की दमदार पारी खेली थी। हरमनप्रीत ने अपनी इस पारी में 7 चौके और 8 छक्के लगाए। उन्होंने 103 रनों की अपनी इस पारी में से 76 रन सिर्फ चौके-छक्के से बटोरे थे।

### मुनीबा अली

पाकिस्तान टीम की बल्लेबाज मुनीबा अली के नाम महिला टी20 विश्व कप में पांचवीं सबसे बड़ी पारी खेलने का रिकॉर्ड दर्ज है। उन्होंने 2023 में हुए वर्ल्ड कप में आयरलैंड के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी करते हुए 68 गेंदों में 102 रनों की दमदार पारी खेली थी। मुनीबा ने अपनी इस इनिंग में 14 चौके जमाए थे।

# सेपक टकरा ग्रीष्मकालीन परसिछ्न सिबिर कर समापन




प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** रांची कर जयपाल सिंह स्टेडियम में आयोजित सेपक टकरा ग्रीष्मकालीन परसिछ्न सिबिर सिराय गेलक। परसिछ्न सिबिर 31 मई से 7 जून, 2026 तक चललक। सिबिर में विवेक महतो, आशीष खलखो, मोहित, खुड़िया पाहन, अभय लोहरा, शुभम, अंकित, जीत, अविनाश आनंद, प्रिंस, प्रफुल्ल, गोपाल, प्रतीक, सत्यम सामिल होलयं। सिबिर में खेलाड़ीमन के अंतर्रास्ट्रीय रेफरी सह कोच अमरेंद्र दत्त द्विवेदी परसिछ्न देलयं। ऊ खेलाड़ीमन के खेल कर तकनीकी बारीकी, फिटनेस आउर प्रतिस्पर्धात्मक तैयारी कर संबंध में बिस्तृत परसिछ्न देलयं। समापन समारोह में सेपक टकरा एसोसिएशन कर अध्यछ उदय साहू, उपाध्यछ विभूति भूषण अमर आउर सचिव शिवेंद्र दुबे उपस्थित रहयं। सउब पदधारीमन खेलाड़ीमन कर उत्साहबर्धन करलयं। उनकर उज्ज्वल भविस कर कामना करलयं।

## माटी कहे



संतोष महली,
ईटा, लोहरदगा।

गोड़ तरे कर माटी कहे
सुन रे संतोष आईज,
काहां तोर पुरखा मनक
छोटानागपुर सुन्दर राईज ?

नदी झरना सुखे लाइग हे
बाघ भालू हांथी निरास,
सहरक चकाचौंध में
मेटत नखे जीवक
पियास।

खेती किसानी करेक
छोइड़
जुवा बनते जाथैं दास,
महिना पुरे बाचबे नी
करे
कचर -किचिर होइ सुतैं
उपास।

आखरा,आखरा नियर
नइ लागे आब,
काहां बाजे मांदर थाप
सगरे चाइनीज नाच
छोड़ा छोंड़ी होवैं
बिनास।

सोचेक बिचार करेक है
आपने हे मन झारखंडी
ताज,
जेइर मजगुत तो फुली
कपास
बचाय राखी लोक -
लाज।

गोड़ तरे कर माटी कहे
सुन रे संतोष आईज,
काहां तोर पुरखा मनक
छोटानागपुर सुन्दर राईज ?





# सात दिनक श्रीमद्भागवत कथा कर समापन, सरधालुमन कर उमड़लक भीड़

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** महाराजा अग्रसेन भवन में आयोजित सात दिनक श्रीमद्भागवत कथा कर सरधा, भक्ति आउर आध्यात्मिक उल्लास कर संगे समापन होए गेलक। समापन में कथा व्यास आचार्य पंडित अश्विनी मिश्र भगवान श्रीकृष्ण आउर सुदामा कर अमर मित्रता कर भावपूर्न प्रसंग सुनाय के सरधालुमन के भावबिभोर कर देलयं। ऊ सात दिन कर कथा कर संछिप्त बयाख्यान देलयं। सनातन धरम, द्रौपदी कर चीर हरण, छल, कपट, ग्रहस्थ जीवन, बेटीमन के स्नेह, न्याय बेबस्था उपरे भी परकास डाललयं। कथावाचक कहलयं कि सच्चा मित्रता कहियो धन, पद,प्रतिष्ठा इया वैभव उपरे आधारित नी होवेला। उकर बास्तविक आधार प्रेम, बिस्वास, सम्मान आउर समरपन होवेला। ऊ श्रीकृष्ण-सुदामा कर मित्रता कर उदाहरन देते बतालयं कि बिपरीत परिस्थिति आउर गरीबी कर बावजूद सुदामा कहियो आपन मित्रता कर लाभ उठायेक कर कोसिस नी करलयं। आपन स्वाभिमान आउर मित्रता कर गरिमा के बनाय के राखलयं।

## कार्जकरम कर समापन में हवन पूजन करल गेलक





कथा व्यास कहलयं कि द्वारकाधीश बनेक कर बाद भी भगवान श्रीकृष्ण आपन बाल संगी सुदामा के नी भुलालयं। जखन सुदामा द्वारका पहुंचलयं, तब श्रीकृष्ण उनके गला लगाय के सम्मान देलयं। गोटा दुनिया कर सामने सच्चा मित्रता कर आदर्स प्रस्तुत करलयं। सच्चा संगी ओहे होवेला, जे सुख-दुख में संग निभावय, बिपरीत परिस्थिति में भी संगी कर सम्मान बनाए राखयं। कहियो उकर संग न छोड़यं। कृष्ण-सुदामा कर मित्रता आइजोहो समाज ले प्रेरना कर स्त्रोत आहे। कार्जकरम कर समापन में हवन पूजन करल गेलक। भागवत कर मूलपाठ आचार्य बिष्णु शर्मा सहयोग देवनारायण शास्त्री, अमन शर्मा, संगीत कर प्रस्तुति नेहाल शर्मा, अमन झा, प्रताप कुमार, लव कुश शर्मा देलयं। कार्जकरम में सुदामा कर भूमिका में कृत अग्रवाल, कृष्ण कर भूमिका में पलक अग्रवाल आउर रुक्मिणी कर भूमिका रिद्धि मंगल निभालयं। कथा कर समापन में सरधालुमन कर बीच सुमन अरविन्द कुमार मंगल, मेद्या अर्पित मंगल द्वारा प्रसाद बांटल गेलक।

ई अवसर में पदमा देवी, रेणु मंगल, आशा मंगल, आशा देवी, सरिता देवी, अंजना देवी, रेखा देवी, पिस्ता अग्रवाल, सुशीला देवी, निर्मला गोयल, वीणा देवी, पिंकी अग्रवाल, पायल अग्रवाल, अनीता देवी, विनीता केजरीवाल, दीपाली भदानी, संजय अग्रवाल, सुशील अग्रवाल,शुभाष मंगल, अरविन्द चौधरी, विनोद अग्रवाल, केदारमल अग्रवाल, मुरारी लाल, दामोदर अग्रवाल, जगदीश अग्रवाल, पंडित रत्नेश मिश्रा, गोपाल मिश्रा, वैदिक अग्रवाल संगे बड़ संख्या में सरधालु भक्त पहुंचल रहयं।



## पुस्तक दान अभियान कर आयोजन छउवामन कर बीच सिछा कर संदेस



प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** बीआईटी मेसरा कर लालपुर इकाई कर राष्ट्रीय सेवा योजना कर स्वयंसेवकमन निवारणपुर इस्थित आदिम जाति सेवा मंडल अनाथालय में पुस्तक दान अभियान कर आयोजन करलक। ई अभियान एनएसएस समन्वयक आउर प्रोग्राम ऑफिसर अभय रंजन श्रीवास्तव आउर एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर संदीप नाथ शाहदेव कर मार्गदरसन आउर पर्यवेछन में संपन्न भेलक। कार्जकरम कर संचालन में एनएसएस कर अध्यछ शिवम दीप, सचिव आशिका कुमारी आउर स्वयंसेवक स्वर्ण कली, आस्था, निखिल निरुपम, अभिनव रंजन, बिदिशा बसु, आकांक्षा प्रभात आउर शुभन राज कर भूमिका रहे।

कार्जकरम कर दौरान स्वयंसेवकमन छउवामन कर संगे बिभिन्न मनोरंजक आउर रचनात्मक गतिबिधि में भाग लेलयं। खेलकूद, म्यूजिकल चेयर, ओपन माइक, चित्रकला प्रतिजोगिता आउर छउवामन कर संगे संवाद जैसन कार्जकरम गोटा बाताबरन के उत्साह, आनंद आउर मुस्कान से भइर देलक। कार्जकरम में छउवामन कर बीच पुस्तक कर बितरन करल गेलक। ई पहल कर उद्देस छउवामन में सिछा कर अधिकार आउर सिछा कर महत कर प्रति जागरुकता फैलायेक आउर उनके अध्ययन ले प्रेरित करेक रहे। एनएसएस स्वयंसेवकमन उनके नियमित रूप से सिछा गरहन करेक ले प्रोत्साहित करलयं।

# संतोष कॉलेज ऑफ नर्सिंग में अग्नि सुरछा जागरुकता कार्जकरम आयोजित

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** संतोष कॉलेज ऑफ नर्सिंग कॉलेज परिसर में अग्नि सुरछा जागरुकता आउर परदरसन कार्जकरम कर आयोजन करलक। ई कार्जकरम कर उद्देस छातरमन, संकाय सदस्यमन आउर कर्मचारीमन के अग्नि रोकथाम, आपातकालीन प्रतिक्रिया आउर अग्निशमन उपकरन कर उचित उपजोग कर बारे में सिछित करेक रहे। ई सत्र अग्नि सुरछा बिसेसज्ञमन कर द्वारा संचालित करल गेलक। ऊ आग दुर्घटना कर सामान्य कारन आउर उनके रोकेक ले आवसक उपाय कर बारे में बतालयं। प्रतिभागीमन के अग्निशामक यंत्र के संभरायेक आउर आपातकालीन स्थिति कर दौरान प्रभावी ढंग से प्रतिक्रिया देवेक कर बेवहारिक परसिछ्न देल गेलक।







परदरसन कर दौरान, छातरमन मॉक फायर ड्रिल में सक्रिय रूप से भाग लेलयं। आग कर आपात इस्थिति कर दौरान सुरछा सुनिश्चित करेक ले निकासी प्रक्रिया सीखलयं। बिसेसज्ञमन आग लगेक कर इस्थिति में सांत, सतर्क रहेक आउर सुरछा प्रोटोकॉल कर पालन करेक कर महत उपरे जोर देलयं। संतोष कॉलेज ऑफ नर्सिंग कर प्राचार्या स्वास्थ्य संस्थानमन में अग्नि सुरछा सिछा कर महत उपरे परकास डाललयं। ई कार्जकरम से छातरमन में जागरुकता बढ़लक। आपातकालीन इस्थिति ले उनकर तैयारी मजबूत भेलक।

## जय मां शारदे



डॉ लक्ष्मीकांत नारायण
बड़ाईक, (तपकरा)

जय मां शारदे,
जय तोर जय हो,
शरण में आली हाम,
आईज तोर जय हो।। ध्रु।।

तोर हिरदय में,
ज्ञान कर भण्डार है,
तोर वीणा में,
सुख कर सार है,
जय मां शारदे.....।। 1।।

तोर माया में हामर,
भवसागर पार है,
तोर बोली में मोहल,
सारा संसार है,
जय माँ शारदे....।। 2।।

मोर हिरदय में,
दुःख कर पहार है,
हरि लेहु *नारायण*
शरणे निसार है,
जय माँ शारदे......।। 3।।
-*-*-*-

मुद्रक व प्रकाशक नीलम सिंह द्वारा झारखंड वनिता उद्योग एसएचजी के लिए श्याम नगर, गांधी नगर सीसीएल कॉलोनी डीएवी गांधी नगर स्कूल के पीछे, थाना गोंदा, जिला-रांची, राज्य झारखंड-834008 से प्रकाशित एवं शिवा साईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड रातू, काठीटांड़ टेंडर बगीचा के नजदीक, एचपी पेट्रोल पंप, पोस्ट व थाना रातू, रांची, झारखंड-835222 में स्थित प्रिंटिंग प्रेस में मुद्रित। आरएनआई पंजीयन संख्या. **JHABIL/2023/86791**, **संपादक :** नीलम सिंह, **प्रबंध संपादक :** रतनलाल अग्रवाल, **एग्जीक्यूटिव एडिटर :** शिव कुमार सिंह, **स्टेट ब्यूरो हेड :** कुमार राजेश। **फोन नंबर :** 8210640230, 9934166306, **ई-मेल आईडी :** jharkhandwanitaudyog@gmail.com